CMYK

अधिकतम :31°C
न्यूनतम : 25°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, गुरुवार 2 अक्टूबर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 181 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आश्विन शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 | 9 रबी उल सानी1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित


कश्मीरियों को बंदूक से डरा रही भाजपा : महबूबा मुफ्ती पेज 2


मोहसिन नकवी ने एशिया कप ट्रॉफी एसीसी के दफ्तर में जमा कराई खेल टाइम्स


अहिंसा गांधी का शास्त्र, भारत की पहचान व नई पीढ़ी की चुनौती सम्पादकीय


अमेरिका में शटडाउन हुआ लागू, सरकारी कामकाज ठप पेज 12

# मुजफ्फरनगर: हाईवे किनारे खड़े ट्रक में घुसी कार, छह की मौत

## एक की हालत गंभीर, करनाल से अस्थि विसर्जन के लिए हरिद्वार जा रहा था परिवार

शाह टाइम्स संवाददाता

**तितावी (मुजफ्फरनगर)।** बुधवार को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार अर्टिगा कार हाईवे किनारे खड़े ट्रक में घुस गई। कार चालक को नींद की झपकी आने पर सड़क हादसे में एक ही परिवार के 5 सदस्यों समेत 6 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में मां- बेटा सहित तीन महिलाएं और तीन पुरुष शामिल हैं। कार में 7 लोग सवार थे, जिसमें 5 की मौके पर मौत हो गई और एक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। एक की हालत गंभीर है।

हरियाणा के करनाल जिले के फरीदपुर के रहने वाले महेंद्र जुनेजा कैंसर से पीड़ित थे। 22 सितम्बर को हार्ट फैल होने से महेंद्र की मौत हो गई थी। बुधवार को उनकी अस्थियों को गंगा में विसर्जित करने के लिए सभी परिवार के लोग दो कारों में सवार होकर करनाल से हरिद्वार जा रहे थे। एक कार में सवार महेंद्र की पत्नी, एक बेटा, दो बहनें, एक -**शेष पृष्ठ दो पर**



■ अर्टिगा कार में चालक के अलावा परिवार के छह लोग थे सवार, मृतकों में मां-बेटा सहित 3 महिलाएं और 3 पुरुष शामिल

### मृतकों के नाम

महेंद्र की पत्नी मोहिनी (45), बड़ा बेटा पीयूष (22), जीजा राजेंद्र (60) निवासी पानीपत, बहन विम्मी (50), छोटी बहन अंजू (46) और ड्राइवर शिवा (24) शामिल हैं।

### ड्राइवर रात को हिमाचल से आया था

हादसे में जान गंवाने वाला ड्राइवर शिवा पुत्र विनोद भी करनाल के फरीदपुर गांव का ही रहने वाला था। उसके 2 छोटे भाई अरुण और मोहित हैं। शिवा की 3 साल पहले दिल्ली की काजल से शादी हुई थी। उसका एक डेढ़ साल का बेटा रोनित है। परिवार ने बताया कि शिवा मंगलवार रात को हिमाचल में स्थित ज्वालाजी के दर्शन करके लौटा था। वह बुधवार को हरिद्वार नहीं जाना चाहता था, लेकिन कार मालिक ने आकर कहा कि बुकिंग हो चुकी है, इसलिए जाना पड़ेगा। इसके बाद शिवा घर से चला गया।

# घुसपैठियों से चुनौती मिल रही, सतर्क रहना होगा: मोदी

■ कहा: संघ के पास डेमोग्राफी में बदलाव रोकने का रोडमैप

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने आरएसएस के शताब्दी समारोह में बुधवार को कहा कि संघ के स्वयंसेवकों ने कभी कटुता नहीं दिखाई। चाहे प्रतिबंध लगे, या साजिश हुई हो। सभी का मंत्र रहा है कि जो अच्छा है, जो कम अच्छा, सब हमारा है।

उन्होंने इस मौके पर आरएसएस के योगदान को दर्शाने वाला स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया। उन्होंने कहा कि संघ के स्वयंसेवक जो लगातार देश सेवा में जुटे हैं। समाज को सशक्त कर रहे हैं, इसकी भी झलक इस डाक टिकट में है। मैं इसके लिए देश को बधाई देता हूं। डाक टिकट पर श्राष्ट्र सेवा के 100 वर्ष (1925-2025) लिखा है। सिक्के पर एक तरफ 100, सत्यमेव जयते और भारत/इंडिया लिखा है। दूसरी तरफ, भारत माता और संघ कार्यकर्ताओं की आकृति उकेरी गई है। पीएम ने कहा कि डटकर मुकाबला करना है। दूसरे देशों पर -**शेष पृष्ठ दो पर**

### चैतन्यानंद के कॉलेज से सेक्स टॉय व पोर्न सीडी मिली

**नई दिल्ली।** छात्राओं के यौन शोषण के आरोपी स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थ सारथी जिस कॉलेज में पढ़ाता था। उसके कैंपस से पुलिस को एक सेक्स टाय और पांच पोर्न सीडी मिली हैं। दिल्ली पुलिस बुधवार को चैतन्यानंद को लेकर कैंपस में छापेमारी करने गई थी। तलाशी के दौरान पुलिस को अश्लील सामग्री के अलावा प्रधानमंत्री मोदी, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा और ब्रिटेन के एक अन्य नेता के साथ कथित तौर पर स्वामी की जाली तस्वीरें भी मिलीं। एक दिन पहले पुलिस ने चैतन्यानंद के मोबाइल से कई महिलाओं की चैट बरामद की थी।

### कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर हुआ महंगा

**नई दिल्ली।** तेल विपणन कंपनियों ने बुधवार से वाणिज्यिक एलपीजी (रसोई गैस) सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी की है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बुधवार से 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर के दाम 15.50 रुपये बढ़ गए हैं। वहीं 14.12 किलोग्राम वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इससे पहले इस साल मार्च के बाद लगातार छह बार वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कटौती की गई थी। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली में बुधवार से वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर 1,580 रुपये की बजाय 1,595.50 रुपये का मिलेगा।

### सितम्बर में GST संग्रह 9.1% बढ़कर 1,89,017 करोड़ पर

**नई दिल्ली।** जीएसटी के तहत कुल राजस्व संग्रह सितम्बर 2025 में सालाना आधार पर 9.1 प्रतिशत बढ़कर 1,89,017 करोड़ रुपये रहा। उल्लेखनीय है कि सितम्बर 2024 में सकल जीएसटी राजस्व 1,73,240 करोड़ रुपये रहा था। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में अप्रैल से सितम्बर तक कुल जीएसटी राजस्व संग्रह पिछले वित्त वर्ष की पहली छमाही की तुलना में 9.8 फीसदी बढ़कर 11,93,431 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। सितम्बर में कुल जीएसटी रिफंड 40.1 प्रतिशत बढ़कर 28,657 करोड़ रुपये हो गया।

## केंद्र सरकार ने दिवाली से पहले दिया तोहफा

# केंद्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 3 % बढ़ा

शाह टाइम्स ब्यूरो




■ 49 लाख कर्मचारी, 68 लाख पेंशनर्स को फायदा, एक जुलाई से लागू, तीन महीने का एरियर मिलेगा

■ 57 नए केंद्रीय विद्यालयों की भी मिली मंजूरी, गेहूं का एमएसपी 160 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ा

**नई दिल्ली।** केंद्र ने दिवाली और दशहरा से पहले केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर दी है। यह इजाफा एक जुलाई से लागू होगा। कर्मचारियों को 3 महीने का एरियर मिलेगा। यह फैसला बुधवार को पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट मीटिंग में लिया गया।

अब कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 55 प्रतिशत से बढ़कर 58 प्रतिशत हो जाएगा। इसका लाभ 49.2 लाख केंद्रीय कर्मचारियों और 68.7 लाख पेंशनर्स को मिलेगा। इससे केंद्र सरकार के खजाने पर 10,084 करोड़ रुपये का भार आएगा। मार्च महीने में महंगाई भत्ते में 2 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई थी। तब यह 7 साल में सबसे कम इजाफा था। आमतौर पर महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी 3 प्रतिशत से 4 प्रतिशत के बीच होती है, लेकिन उस वक्त बढ़ोतरी सिर्फ 2 प्रतिशत की गई थी। महंगाई बढ़ने के बावजूद सरकारी कर्मचारियों और पेंशनधारकों के जीवन स्तर को बनाए रखने के लिए महंगाई भत्ता यानी, डीए दिया जाता है। डीए की दरें ऑल इंडिया कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स (एआईसीपीआई) के आधार पर तय होती हैं, और यह हर 6 महीने में अपडेट होती है। कैबिनेट बैठक में 57 नए केंद्रीय विद्यालयों को मंजूरी दी गई है। इसमें से 7 गृह मंत्रालय के अंतर्गत आएंगे। वहीं 50 विद्यालयों को राज्य सरकार संभालेगी। इनमें से 20 स्कूल उन जिलों में खोले जाएंगे जहां पहले से कोई केंद्रीय विद्यालय नहीं है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि गेहूं की एमएसपी 160 रुपये प्रति कुंतल बढ़ाकर 2,585 रुपये प्रति कुंतल कर दिया गया है। वहीं रबी सीजन 2026-27 में सरकार 297 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद का अनुमान लगा रही है। रबी सीजन 2026-27 के दौरान अनुमानित खरीद 297 लाख मीट्रिक टन होने की संभावना है और प्रस्तावित एमएसपी पर किसानों को भुगतान की जाने वाली राशि 84,263 करोड़ रुपये है। कैबिनेट ने एनएच-715 पर कालिबोर-नुमालिगढ़ के बीच 86 किलोमीटर लंबे रास्ते को फोर-लेन बनाने की मंजूरी दी। ये हाईवे तेजपुर और झांजी को जोड़ता है। फिलहाल, इस पर कुछ दूरी दो लेन की है। इस पर 6,967 करोड़ रुपये खर्च आएगा। बायोमेडिकल रिसर्च करियर प्रोग्राम के तीसरे फेज को भी मंजूरी मिली है, जिसपर 1,500 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। पहले दो फेज पूरे हो चुके। जिस पर सरकार ने कुल 2,388 करोड़ रुपये खर्च किए थे और 721 अनुदान जारी किए थे। थर्ड फेज के तहत 401 रिसर्चर को 6 साल तक सपोर्ट। इसमें 192 रिसर्च फेलोशिप, 106 अनुदान और 103 रिसर्च मैनेजमेंट शामिल है।

# जस की तस रहेगी लोन की ईएमआई

## आरबीआई ने रेपो रेट 5.5 प्रतिशत पर स्थिर रखा

■ जीएसटी में सुधारों से महंगाई पर पड़ेगा असर

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने सर्वसम्मति से रेपो रेट को 5.5 फीसदी पर बरकरार रखने का फैसला किया है। आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को एमपीसी की तीन दिन चली बैठक के बाद इस फैसले की जानकारी दी।

तमाम बाजार विश्लेषकों की ओर से ब्याज दरों में कटौती के दावों के बीच अनुमान जताया गया था कि आरबीआई एमपीसी इस बार नीतिगत दरों को स्थिर रखेगी। आरबीआई के इस फैसले से जस की तस रहेगी लोन की ईएमआई। आरबीआई गवर्नर ने बुधवार को नीतिगत दरों को बरकरार रखने का ऐलान करते हुए बताया कि अनुकूल मानसून, कम मुद्रास्फीति और मौद्रिक नरमी से आर्थिक वृद्धि की संभावना मजबूत बनी हुई है। आरबीआई गवर्नर ने एमपीसी के फैसलों का एलान करते हुए कहा कि जीएसटी को युक्तिसंगत बनाने से महंगाई पर मजबूत असर पड़ेगा। इसके साथ ही उपभोग और विकास को प्रोत्साहन मिलेगा। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि मौद्रिक नीति समिति ने नीतिगत दर को 5.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने का निर्णय लिया।

### यूपीआई लेनदेन पर शुल्क का प्रस्ताव नहीं

**मुंबई।** आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को कहा कि यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) के माध्यम से लेनदेन पर शुल्क लगाने का फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं है। श्री मल्होत्रा ने केंद्रीय बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में इस संबंध में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में कहा कि फिलहाल यूपीआई लेनदेन पर शुल्क लगाने का कोई प्रस्ताव आरबीआई की ओर से नहीं है। लोन पर स्मार्टफोन खरीदने के बाद उसकी किस्त न भर पाने की स्थिति में बैंक को फोन लॉक करने का अधिकार देने के बारे में पूछे जाने पर आरबीआई गवर्नर ने कहा कि यह अभी परीक्षणाधीन है।




# एनसीआरबी रिपोर्ट: देश में सात प्रतिशत बढ़ा क्राइम




**नई दिल्ली।** नेशनल क्राइम रिकॉड्र्स ब्यूरो (एनसीआरबी) ने मंगलवार को देश में 2023 के दौरान हुए अपराधों की रिपोर्ट सार्वजनिक की। रिपोर्ट के मुताबिक, 2023 में देश में कुल 62 लाख 41 हजार 569 अपराध दर्ज हुए। ए 2022 की तुलना में 7.2 फीसदी ज्यादा हैं।

देशभर में महिलाओं पर 4.48 लाख अपराध दर्ज हुए, जो 10 साल में सबसे ज्यादा हैं। दुष्कर्म के मामलों में राजस्थान (5,078 केस)का पहला स्थान है। हत्या के मामले में यूपी (3,206 केस) सबसे आगे है। वहीं, देशभर में बड़े क्राइम जैसे हत्या, दुष्कर्म और लूट के मामलों में कमी देखी गई है। हालांकि इनमें दुष्कर्म के केस सबसे ज्यादा दर्ज किए गए। दूसरे नंबर पर हत्या और तीसरे पर लूट के केस दर्ज हुए। इस रिपोर्ट के मुताबिक राज्यों में हत्या और अपहरण के मामलों में उत्तर प्रदेश और बिहार सबसे ऊपर हैं। यानी गंभीर अपराधों की संख्या अन्य राज्यों की तुलना में इन दोनों राज्यों में सबसे अधिक है। इसके अलावा, सड़क दुर्घटनाओं के मामलों में भी यूपी टॉप पर है, जो राज्य में बढ़ती ट्रैफिक और सुरक्षा व्यवस्था की चिंताओं को दर्शाता है। देशभर में साइबर क्राइम के मामलों में 31 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। 2023 में कुल 86,420 केस दर्द किए गए। साइबर के माध्यम से हत्या के मामले में यूपी, दुष्कर्म में राजस्थान और लूट में महाराष्ट्र सबसे आगे रहा। देश में सबसे कम साइबर क्राइम सिक्किम में दर्ज किए गए। 2023 में बच्चों के खिलाफ अपराधों की दर 39.9 प्रति एक लाख बाल जनसंख्या रही, जो 2022 में 36.6 थी। इन मामलों में अपहरण (79,884, 45 फीसदी) और पाक्सो एक्ट के तहत अपराध (67,694, 38.2 फीसदी) सबसे प्रमुख रहे।



## संक्षिप्त समाचार

### अतीक का बेटा अली अहमद झांसी जेल में स्थानांतरित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में केंद्रीय कारागार नैनी में पिछले 38 महीने से बंद अतीक अहमद के बेटे अली अहमद को बुधवार सुबह कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच झांसी जेल में ट्रांसफर कर दिया गया। प्रयागराज के प्रॉपर्टी डीलर से पांच करोड़ रुपये रंगदारी मांगने के आरोप में अली अहमद 30 जुलाई 2022 से नैनी जेल के हाई सिक्योरिटी सेल में बंद था। उसका नाम उमेश पाल हत्याकांड में भी आया है। बुधवार को नैनी जेल प्रशासन को देर रात शासन से ट्रांसफर का आदेश मिला, जिसके बाद सुबह करीब आठ बजे भारी पुलिस बल के साथ अली को झांसी के लिए रवाना किया गया। इस दौरान सख्त सुरक्षा प्रबंध किए गए। बताया जा रहा है कि 17 जून को डीआईजी जेल के औचक निरीक्षण में अली के बैरक में 1100 रुपये नकद मिले थे, जिसके बाद जेलकर्मियों पर कार्रवाई हुई थी। इसी के चलते अली को अन्य जेल में शिफ्ट किए जाने की प्रक्रिया तेज हुई थी।

### जुबीन गर्ग मौत में नामजद आरोपियों को हिरासत में भेजा

**गुवाहाटी।** विश्व विख्यात गायक जुबीन गर्ग की मौत के मामले में दर्ज एफआईआर में नामजद दो आरोपियों श्यामक.ानु महंत और सिद्धार्थ शर्मा को बुधवार को एक अदालत ने विशेष जांच दल (एसआईटी) की 14 दिनों की हिरासत में भेज दिया । एसआईटी ने दोनों आरोपियों को मंगलवार देर रात दिल्ली में गिरफ्तार किया गया और आज सुबह गुवाहाटी स्थित मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आवास पर पेश किया, जहां मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने सुनवाई करते हुए उन्हें 14 दिनों की हिरासत में भेज दिया।

# कश्मीरियों को बंदूक से डरा रही भाजपा: मुफ्ती

## कहा: लोगों को जबरन राष्ट्रगान के लिए खड़ा किया जा रहा

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ पीडीपी प्रमुख ने 15 युवाओं को हिरासत में लिए जाने की निंदा की


■ पुलिस स्कूल की जमीन पर शहीद स्मारक बनाने की योजना बना रही

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने श्रीनगर में राष्ट्रगान के दौरान खड़े न होने के आरोप में 15 युवाओं को हिरासत में लिए जाने की निंदा की। उन्होंने कहा कि कश्मीर में लोगों को जबरन, यहां तक कि बंदूक की नोक पर राष्ट्रगान के लिए खड़ा किया जा रहा है।

पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष मुफ्ती ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि भाजपा ने हालात ऐसे बना दिए हैं कि लोगों को राष्ट्रगान के लिए मजबूर किया जा रहा है। जब मैं स्टूडेंट थी, तो हम अपनी इच्छा से राष्ट्रगान के सम्मान में खड़े होते थे, लेकिन अब यह दबाव डालकर करवाया जा रहा है। यह सरकार की विफलता है। दरअसल, 30 सितम्बर की शाम श्रीनगर के टीआरसी फुटबक्ल मैदान राष्ट्रगान हुआ। इस दौरान वहां मौजूद 15 युवक खड़े नहीं हुए। मामला सामने आने पर पुलिस ने सभी को हिरासत में लिया था। महबूबा मुफ्ती ने बुधवार को श्रीनगर में मुस्लिम एजुकेशनल ट्रस्ट (एमईटी) स्कूल का दौरा किया। मुफ्ती ने मुस्लिम एजुकेशनल ट्रस्ट स्कूल के मैदान का दौरा करने के बाद कहा कि पुलिस इस जमीन पर शहीद स्मारक बनाने की योजना बना रही है, जिससे स्थानीय लोगों और युवाओं को खेल का मैदान खोना पड़ सकता है। हमारे खेल मैदान छीने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं डीजीपी से आग्रह करती हूं कि इस मैदान को बचाया जाए। इसके अलावा उन्होंने चटाबल इलाके के डेयरी फार्म मैदान का भी दौरा किया। यहां स्थानीय लोग लंबे समय से इसे सार्वजनिक खेल मैदान के रूप में बचाए रखने की मांग कर रहे हैं। यह मैदान दशकों से खेलों के लिए इस्तेमाल हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने भी मन की बात में पुलवामा की नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता की सराहना की थी। इसलिए सेना को भी चाहिए कि यह मैदान युवाओं से न छीना जाए।

# उप्र में मृतक आश्रित कोटे में अब उच्च पद पर नहीं मिलेगी नौकरी

शाह टाइम्स ब्यूरो




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में समूह ग और घ के पद पर कार्यरत कर्मचारी की सेवाकाल के दौरान मौत होने पर उसके आश्रित को उसी श्रेणी से उच्च पदों पर नौकरी नहीं दी जाएगी।

प्रमुख सचिव कार्मिक एम देवराज ने इसके लिए उत्तर प्रदेश सेवाकाल में मृत सरकारी सेवकों के आश्रितों की भर्ती (चौदहवां संशोधन) नियमावली-2025 जारी कर दी है। नियमावली के नियम 5 (1) में इसका प्रावधान कर दिया गया है। अब मृतक सरकारी सेवक जिस समूह में मृत्यु के समय कार्यरत था, उसके आश्रित को उस समूह से उच्चतर वर्ग में नौकरी नहीं दी जाएगी। नौकरी पाने के दौरान यदि उसे टाइपिंग नहीं आती है, तो उसे एक साल में कम से कम 25 शब्द प्रति मिनट करना सीखना होगा। अनुकंपा पर नौकरी पाने वाला यदि एक साल में टाइपिंग नहीं सीख पाता है तो उसे चतुर्थ श्रेणी के पद पर कर दिया जाएगा और वह तय समय में कार्यभार ग्रहण नहीं करता है, तो उसकी सेवा समाप्त कर दी जाएगी। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की परिधि में आने वाले पदों या पूर्व में इसमें आने वाले या फिर उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से भर्ती होने वाले पदों पर आश्रितों को अनु. कंपा पर नौकरी नहीं दी जाएगी। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल प्रेमलता बनाम राज्य सरकार व अन्य में 5 अक्तूबर 2021 में पारित आदेश के आधार पर यह फैसला किया गया है।

# योगी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी के विरोध में सिख समाज ने दिया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** महाराष्ट्र के मौलाना द्वारा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री व गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ पर की गई अभद्र टिप्पणी के खिलाफ बुधवार को प्रदेश के 45 जिलों से आए सिख समाज के प्रतिनिधियों ने लखनऊ में धरना देकर विरोध दर्ज कराया।

इस दौरान लखनऊ की पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया भी साथ मे थी। परिवर्तन चौक पर धरना दे रहे सिख समाज ने मौलाना के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। गुरु गोविन्द सिंह सेवा समिति उप्र के महामंत्री सरदार परवीन्दर सिंह एडवोकेट ने कहा की सिख समाज सभी धर्मो का सम्मान करता है एवं राष्ट्र के प्रति सदैव समर्पित रहता है। महाराष्ट्र के मौलाना के द्वारा जिस प्रकार से मुख्यमंत्री के विषय में निष्कृष्ट शब्दों का उपयोग किया गया है, वह अत्यन्त निन्दनीय है व असहनीय है। उन्होंने कहा कि उप्र का सिख समाज एकत्र होकर आज यहां यह संदेश देना चाहता है कि मुख्यमंत्री जो कि सिख गुरुओ के प्रति गहरी श्रद्धा एवं आस्था रखते है एवं संत प्रवृत्ति के है। ऐसे कर्म योगी के विषय में कोई भी अनैतिक कार्य सिख समाज बर्दाश्त नही करेगा एवं स्वयं ढाल बनकर खड़ा होगा। कानपुर से आए हुए उत्तर प्रदेश सिख फाउण्डेशन के अध्यक्ष अजीत सिंह छाबड़ा एवं सरदार खीन्दर सिंह रिन्कू तथा गुरुविन्दर वासू एवं राजेन्द्र सिंह नीटा ने मुख्यमंत्री के द्वारा सिख समाज के लिए किए गए कार्यो के विषय में विस्तार से बताया। बहराइच गुरुद्वारा प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष मनदीप सिंह वालिया ने मुख्यमंत्री को सनातन धर्म रक्षक बताया एवं उनके लिए सदैव खड़े रहने की बात कही।

## आरएसएस ने देश को फायदा पहुंचाने वाला कोई काम नहीं किया

# संघ के सौ साल पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

शाह टाइम्स ब्यूरो




■ कहा: इस संगठन ने हिंदुओं और मुस्लिमों का सांप्रदायिक विभाजन कर, देश को दो टुकड़ों में बांटकर खोखला कर दिया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) 100 साल का हो चुका है, लेकिन अपनी स्थापना से अब तक उसने कोई ऐसा काम नहीं किया जिससे देश को फायदा हुआ है।

कांग्रेस ने बुधवार को यहां सोशल मीडिया पर एक बयान में संघ पर अंग्रेजों का मुखबिर होने का आरोप लगाया और कहा कि इस संगठन ने हिंदुओं और मुस्लिमों का सांप्रदायिक विभाजन कर, देश को दो टुकड़ों में बांटकर खोखला कर दिया है। पार्टी ने कहा कि संघ का आज शताब्दी वर्ष है लेकिन इन सौ वर्षों में इस संगठन ने एक भी काम ऐसा नहीं किया जिससे देश को नुकसान छोड़ कोई फायदा पहुंचाया हो। पार्टी ने संघ को देश को बांटने वाला संगठन बताया और कहा कि आजादी के आंदोलन के दौरान उसके नेता न जेल गए और न ही अंग्रेजों ने उस पर कभी प्रतिबंध लगाया था। कांग्रेस ने तीखा हमला करते हुए कहा कि 1942 में अंग्रेजों के खिलाफ शुरू हुए भारत छोड़ो आंदोलन में जब पूरा देश जेल जा रहा था, तब संघ इस आंदोलन को दबाने में अंग्रेजों की मदद कर रहा था। पार्टी ने आरोप लगाया कि इस संगठन का एक भी नेता आजादी की लड़ाई में जेल नहीं गया और महात्मा गांधी, भगत सिंह और चंद्रशेखर आजाद जैसे देशभक्तों और क्रांतिकारियों को अराजक कहकर ब्रिटिश शासन के पक्ष में काम करता रहा। पार्टी

### संघ बताए, सौ साल में दलितों, पिछड़ों का प्रतिनिधित्व क्यों नहीं किया : संजय सिंह

**लखनऊ।** आरएसएस) के 100 वर्ष पूरे होने पर आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रभारी व राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने आरएसएस पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

उन्होंने कहा कि आरएसएस में राष्ट्रीय शब्द लगा होने के बावजूद, यह संगठन देश की 85 प्रतिशत आबादी (दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों) का प्रतिनिधित्व क्यों नहीं करता है। बुधवार को सांसद संजय सिंह ने पूछा कि 100 सालों के इतिहास में एक भी दलित, पिछड़ा या आदिवासी आरएसएस का प्रमुख क्यों नहीं बना। उन्होंने आश्चर्य व्यक्त किया कि आज तक एक भी महिला को भी संघ का प्रमुख क्यों नहीं बनाया गया। उन्होंने आरएसएस पर मनुवादी व्यवस्था और जातीय भेदभाव तथा छुआछूत की व्यवस्था में विश्वास रखने का आरोप लगाया और कहा कि यह संगठन बाबा साहब भीमराव अंबेडकर और उनके संविधान के खिलाफ है। उन्होंने जनता से ऐसे संगठनों से सावधान रहने की अपील की। संजय सिंह ने आरएसएस के आजादी के आंदोलन में योगदान पर सवाल उठाते हुए कहा कि इस सच्चाई को देश की जनता को जानना बहुत जरूरी है।

ने संघ पर यह भी आरोप लगाया कि उसने संविधान निर्माण के लिए अपने एक भी प्रतिनिधि को संविधान सभा में नहीं भेजा था इसलिए शुरु से ही वह (संघ) संविधान को नकारता रहा है।



सेंसेक्स 80956.01
निफ्टी 24782.70



सोना रु. 117332
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 145120
प्रति किलो



# झूमा शेयर बाजार, सेंसेक्स भी उछला



**मुंबई।** मौद्रिक नीति और सुधारों पर रिजर्व बैंक के बयान के बाद बुधवार को घरेलू शेयर बाजारों में जबरदस्त तेजी देखी गई और लगातार आठ कारोबारी सत्रों की गिरावट से उबरता हुआ बीएसई का सेंसेक्स लगभग 716 अंक उछल गया।

केंद्रीय बैंक ने आज बैंकिंग में सुधार और ऋण उठाव को बढ़ावा देने के लिए कई प्रस्तावों की घोषणा की। इससे निजी बैंकों के शेयरों में अच्छी खासी तेजी देखी गई। टाटा मोटर्स के वाणिज्यिक और यात्री वाहनों के कारोबार को अलग करने के लिए रिकॉर्ड डेट की घोषणा के बाद उसके शेयरों में 5.54 प्रतिशत का उछाल देखा गया। सेंसेक्स 715.69 अंक (0.89 प्रतिशत) की तेजी के साथ 80,983.31 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 225.20 अंक यानी 0.92 प्रतिशत चढ़कर 24,836.30 अंक पर पहुंच गया। मझौली और छोटी कंपनियों में भी इसी तरह की तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.87 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 1.10 प्रतिशत बढ़ गया। एनएसई में निजी बैंकिंग सेक्टर का सूचकांक 1.97 प्रतिशत और फार्मा का 1.30 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। स्वास्थ्य समूह, रियलिटी, ऑटो, आईटी और तेल एवं गैस सेक्टरों में भी निवेशक लिवाल रहे। सार्वजनिक बैंकों के सेक्टर को छोड़कर अन्य सभी में तेजी रही। एनएसई की जिन 3,159 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 2,199 में बढ़त में और 875 गिरावट में बंद हुए जबकि अन्य 85 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 22 के शेयर हरे निशान में बंद हुए। टाटा मोटर्स का शेयर सबसे अधिक 5.54 प्रतिशत चढ़ा। कोटक महिद्रा बैंक में 3.45 प्रतिशत, ट्रेंट में 3.31 प्रतिशत, सनफार्मा में 2.58 फीसदी और एक्सिस बैंक में 2.43 फीसदी की तेजी रही। आईसीआईसीआई बैंक का शेयर 1.77 प्रतिशत, एचडीएफसी बैंक का 1.48 प्रतिशत, अडानी पोर्ट्स का 1.33 प्रतिशत, महिद्रा एंड महिद्रा का 1.26 प्रतिशत, टेक महिंद्रा का 1.20 प्रतिशत, इटनरनल का 1.06 प्रतिशत, टाइटन का 1.04 प्रतिशत और आईटीसी का 1.01 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। टीसीएस, हिदुस्तान यूनीलिवर, बीईएल, रिलायंस इंडस्ट्रीज और इंफोसिस के शेयर भी हरे निशान में रहे। सबसे अधिक 1.10 फीसदी की गिरावट बजाज फाइनेंस में देखी गई। भारतीय स्टेट बैंक का शेयर 0.97 फीसदी, अल्ट्राटेक सीमेंट का 0.86 फीसदी और टाटा स्टील का 0.71 फीसदी टूट गया।

# सोना-चांदी के दाम ऑलटाइम हाई पर

**मुंबई।** सोने-चांदी के दाम एक अक्टूबर को एक बार फिर ऑलटाइम हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,983 रुपये बढ़कर 1,17,332 रुपए पर पहुंच गया। इससे पहले ये 1,15,349 रुपये पर था। वहीं चांदी की कीमत भी 2,686 रुपये महंगी होकर 1,45,120 पर पहुंच गई। कल ये 1,42,434 रुपये पर थी। इस साल अब तक सोने की कीमत करीब 41,170 रुपये बढ़ी है। 31 दिसम्बर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपये का था, जो अब 1,17,332 रुपये हो गया है। चांदी का भाव भी इस दौरान 59,103 रुपये बढ़ गया है। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपए थी, जो अब 1,45,120 रुपये प्रति किलो हो गई है। 1.55 लाख रुपये तक जा सकता है सोना गोल्डमैन सैक्स की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, बैंक ने अगले साल तक सोने के लिए 5000 डालर प्रति औंस का टारगेट रखा है। मौजूदा एक्सचेंज रेट के हिसाब से रुपये में यह लगभग 1,55,000 रुपये प्रति 10 ग्राम होगा।

# बुनियादी बचत खातों पर भी मिलेगी डिजिटल बैंकिंग की सुविधा

**मुंबई।** बुनियादी बचत बैंक खातों पर भी अब न्यूनतम बैलेंस की अर्हता के बिना डिजिटल बैंकिंग की सुविधा मिलेगी।

रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को केंद्रीय बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय बैठक के बाद जारी बयान में कहा किबुनियादी बचत बैंक खाताधारकों को न्यूनतम बैलेंस न रखने के लिए कोई शुल्क लगाए बिना दी जाने वाली सेवाओं में डिजिटल बैंकिंग (मोबाइल/इंटरनेट बैंकिंग) को भी शामिल करने का प्रस्ताव है। इस संबंध में जारी बयान में कहा गया है कि बुनियादी बचत खातों पर कुछ बुनियादी सुविधाएं बिना किसी शुल्क के मिलती हैं। मौजूदा परिस्थितियों में लोगों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इसका विस्तार करने की योजना है ताकि वित्तीय समावेशन बढ़ सके।

इसके अलावा, आम लोगों की सुविधा के लिए बैंकों में दो आंतरिक ओम्बुड्समैन की प्रणाली को मजबूती प्रदान कर शिकायत निवारण को ज्यादा प्रभावी बनाया जाएगा। साथ ही, रिजर्व बैंक ओम्बुड्समैन योजना में भी बदलाव किए जाएंगे और इसमें ग्रामीण सहकारी बैंकों को भी शामिल किया जाएगा।

### चौहान ने बढ़े एमएसपी पर जताई खुशी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को कहा कि दलहन मिशन और रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में हुए इजाफे से खेती और किसानों के कल्याण पर खासा असर पड़ेगा। उन्होंने यहां जारी एक बयान में कहा कि वह देश के किसानों की ओर से इन निर्णयों के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हैं। ये फैसले देश की खाद्य, पोषण सुरक्षा और किसान कल्याण और कृषि पैदावार के क्षेत्र में दीर्घकालिक सकारात्मक प्रभाव डालेंगे। उन्होंने आगे कहा कि सरकार ने किसान हित को सर्वोपरि मानते हुए संसाधनों एवं योजनाओं को समग्र रुप से जोड़ने की दिशा बनाई है और यह किसानों के प्रति मोदी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता को दर्शाता है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**मुजफ्फरनगर...** जीजा और ड्राइवर की मौत हो गई। ट्रक चालक ट्रक सहित मौके से फरार हो गया। हादसा बुधवार सुबह 6 बजे के करीब पानीपत-खटीमा हाईवे 709 एडी पर जयत्रिदेव फेमिली ढाबा (तितावी) के सामने हुआ। हादसा इतना भीषण था कि अर्टिगा कार संख्या एचआर 97ए-4097 पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। टक्कर के बाद चीख-पुकार मच गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि अर्टिगा का अगला हिस्सा ट्रक में फंस गया। मो. हिनी, पीयूष, राजेंद्र, विम्मी और ड्राइवर शिवा की मौके पर मौत हो चुकी थी। अंजू और हार्दिक गंभीर रूप से घायल थे। मृतक करनाल के फरीदपुर और पानीपत के रहने वाले थे। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवा दिया। एम्बुलेंस बुलाकर दोनों घायलों को तुरंत बघरा सीएचसी ले जाया गया। यहां से अंजू को मुजफ्फरनगर रेफर कर दिया गया जहां अस्पताल में अंजू ने भी दम तोड़ दिया। हार्दिक की गंभीर हालत को देखते हुए डाक्टरों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिवार के लोग उसे पानीपत के लिए निजी अस्पताल में लेकर आए हैं। दूसरी गाड़ी ब्रेजा को ड्राइवर संदीप चला रहा था। इस गाड़ी में महेंद्र का भाई आत्मप्रकाश, सुरेंद्र, बहन मंजू और उसका साला बाबू था। हादसे के बाद इन लोगों का रो-रोकर बुरा हाल था। महेंद्र की सेनेटरी की दुकान थी-महेंन्द्र के भाई राजेंद्र ने बताया कि भाई महेंद्र जुनेजा की पिछले 7 साल से पानीपत में सेनेटरी स्टोर की दुकान है। उसके 2 बेटे- पीयूष और हार्दिक हैं। पीयूष ने 12वीं करने के बाद कॉलेज में एडमिशन लिया था। हादिक 10वीं क्लास में था। पिता के बीमार होने के बाद दोनों भाई दुकान संभालते थे। एसएसपी संजय वर्मा और जिलाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और जानकारी ली। एसएसपी ने बताया की हादसे में हरियाणा के करनाल जिले के रहने वाले 6 लोगों की मौत हुई है।

**घुसपैठियों से..** आर्थिक निर्भरता, डेमोग्राफी में बदलाव के षड्यंत्र जैसी चुनौतियों से हमारी सरकार तेजी से निपट रही है। स्वयंसेवक होने के नाते मुझे खुशी है कि संघ ने इसके लिए ठोस रोडमैप भी बनाया है। घुसपैठियों से बड़ी चुनौती मिल रही है। हमें इससे सतर्क रहना है। पीएम ने कहा कि विभाजन की पीड़ा ने लाखों परिवारों को बेघर किया। स्वयं सेवक सबसे आगे खड़े थे। यह केवल राहत नहीं राष्ट्र की आत्मा को संबल देने का काम था। 1956 में अंजार के भूकंप में भी स्वयं सेवक राहत बचाव में जुटे थे। गुरुजी ने लिखा था कि किसी दूसरे के दुख को दूर करने खुद कष्ट उठाना निस्वार्थ हृदय का परिचायक है। उन्होंने कहा, 1962 के युद्ध के समय स्वयं सेवकों ने सीमा पर जवानों की मदद की। 1971 के युद्ध के बाद में देश में आए लोगों को सहायता दी। 1984 के दौरान सिख दंगों के पीड़ितों की मदद की।

# खेत में काम करने से मना किया, तो किसान ने दो किशोरों को मार डाला फिर पत्नी और बच्चियों संग दी जान

■ बहराइच के निंदुनपुरवा टेपरहा गांव में दिल दहला देने वाली घटना

**बहराइच।** बहराइच के निंदुनपुरवा टेपरहा गांव में बुधवार सुबह एक ग्रामीण ने दो किशोरों को खेत में लहसुन की बोवाई के लिए बुलवाया, सभी ने लहसुन की बोवाई से इन्कार किया, तो धारदार हथियार से वार कर उनकी हत्या कर दी। इसके बाद खुद को परिवार सहित कमरे में बंद कर आग के हवाले कर दिया। फायर ब्रिगेड और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।

इस अग्निकांड में दंपती व दो बेटियों समेत चार लोग जिंदा जल गए, चार मवेशियों की भी झुलसकर मौत हुई है। गांव निवासी विजय कुमार खेती बाड़ी और पशुपालन का काम करता था। बुधवार सुबह खेत में लहसुन की बोवाई के लिए विजय ने गांव निवासी सूरज यादव (14)पुत्र लच्छी राम और सनी वर्मा (13) पुत्र ओमप्रकाश को घर बुलवाया। दोनों ने नवरात्र का अंतिम दिन होने के चलते घर पर काम अधिक होने की बात कह कर खेत में काम करने से इन्कार कर दिया। इसी बात से गुस्साए विजय ने अपने घर के आंगन में धारदार हथियार से दोनों की हत्या कर दी। इसके बाद विजय ने खुद को पत्नी व बेटियों सहित कमरे के अंदर बंद कर घर में आग लगा ली। आग लगने पर कमरे में बंद लोगों ने चीखना चिल्लाना शुरू किया।

गांव के लोग दौड़े, लेकिन आंगन में लहूलुहान दो लाशों को देखकर सभी के होश उड़ गए। उधर कमरे के अंदर आग की लपटों से घिरे लोग चीख चिल्ला रहे थे। सूचना पर फायर ब्रिगेड और रामगांव थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। किसी तरह आग पर काबू पाया गया। रामगांव थाना अध्यक्ष ने बताया कि सूरज यादव और सनी वर्मा की धारदार हथियार से हत्या की गई है। कमरे के अंदर से विजय यादव उसकी पत्नी और दो बेटियों के शव निकाले गए हैं। उप जिलाधिकारी सदर पूजा चौधरी, पुलिस क्षेत्राधिकार महसी मौके पर पहुंचे हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# एटीएम मशीन को गैस कटर से काटते वक्त लगी आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शाहबाद डेयरी इलाके में बीती रात नकाबपोश बदमाशों ने एक एटीएम मशीन को काटकर अपने साथ ले जाने की कोशिश की। मगर गैस कटर की चिंगारी से एटीएम मशीन पूरी तरह से जल गई। वारदात सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई। पुलिस ने बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपियों की पहचान करने की कोशिश कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जिस तरह से वारदात को अंजाम दिया गया है। उससे लगता है कि आरोपियों ने वारदात से पहले रेकी की थी। वारदात के पीछे मेवाती गैंग का हाथ हो सकता है।

जानकारी के मुताबिक शाहबाद डेयरी पुलिस को सुबह चार बजकर २५ मिनट पर प्रह्लादपुर बांगर, मुख्य बवाना रोड स्थित प्लॉट संख्या ३५१ पर स्थित एसबीआई बैंक के एटीएम में आग लगने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। एटीएम का शटर उठा हुआ था। एटीएम मशीन की मनी ट्रे खुली थी। एटीएम और बूथ में आग लगी थी। पुलिस ने मौके पर ही काबू को बुझा दिया था।

एटीएम मशीन का गेट खुला था। रुपये गायब थे। जिसके बाद एटीएम मशीन की सिक्योरिटी में तैनात कंपनी के अधिकारियों से संपर्क करके एटीएम में रखे रुपये की डिटेल ली गई। जिसमें पता चला कि एटीएम मशीन में एक लाख १४ सौ रुपये रखे हुए थे। जिनको बदमाश लूटकर ले गए हैं। बताया गया कि सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में नकाबपोश बदमाश एटीएम बूथ में आए और मशीन को गैस कटर से काटने की कोशिश की थी। जिसकी चिंगारी से मशीन में आग लग गई थी। जिसके बाद आरोपी बाहर खड़ी अपनी कार में सवार होकर फरार हो गए थे। बदमाशों की संख्या चार से ज्यादा रही होगी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बदमाशों को पकडने के लिये कई टीमों को जिम्मा सौंपा गया है। एटीएम मशीन सटे घर और सलून की दुकान वालों से भी पूछताछ की जा रही है। साथ ही उस रूट पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को भी कब्जें में लेकर आरोपियों का रूट पता करने की कोशिश की जा रही है। जिस कार का बदमाशों ने इस्तेमाल किया है। उसको शायद चोरी व लूटा गया होगा। बदमाशों को रेकी करने के वक्त पता चल गया था कि एटीएम बूथ पर कोई सिक्योरिटी गार्ड मौजूद नहीं रहता था।

## वरिष्ठ नागरिकों के लिए नई योजनाओं पर काम कर रही दिल्ली सरकार: रविन्द्र इन्द्राज

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर दिल्ली सरकार के समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने बवाना में वरिष्ठ नागरिकों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि दिल्ली सरकार उनकी गरिमा, सुरक्षा और सुखद जीवन के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि सरकार वरिष्ठ नागरिकों के लिए नई योजनाओं पर लगातार काम कर रही है। वरिष्ठ नागरिकों की मानसिक सेहत के लिए नये रिक्रिएशन सेंटर की योजना है और ओल्ड एज होम में काउंसिलिंग पर विशेष जोर दिया जा रहा है। समाज कल्याण मंत्री ने कहा कि पोस्ट रिटायरमेंट काउंसिलिंग की व्यवस्था है, उसे और बढ़ाया जायेगा।

अच्छी मानसिक सेहत के लिए रिक्रिएशन सेंटर के विकास पर भी २० करोड़ रूपये खर्च होंगे।समाज कल्याण मंत्री ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की प्रेरणा से चल रहे सेवा पखवाड़े के अंतर्गत दिल्ली में वरिष्ठ नागरिकों के लिए ५० हजार नई पेंशन वैकेंसी निकाली गई हैं। इसके साथ ही पश्चिम विहार में सावित्री बाई फुले ओल्ड एज होम का लोकार्पण भी किया गया है, जिससे ९६ वरिष्ठ नागरिकों को आधुनिक और सुरक्षित आवास की सुविधा उपलब्ध होगी। वरिष्ठ नागरिकों को लगभग आठ लाख रुपये के उच्च गुणवत्ता वाले निःशुल्क उपकरण भी प्रदान किए गए हैं।मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता जी के स्पष्ट निर्देश हैं कि दिल्ली सरकार की हर योजना का लाभ प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों तक पहुँचे और उन्हें किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। रविन्द्र इन्द्राज ने कहा कि सभी पात्र वरिष्ठ नागरिकों को पेंशन का लाभ मिलेगा। यदि उन्हें किसी सहायक उपकरण की आवश्यकता है तब भी विभाग को सूचित कर सकते हैं। इनमें व्हीलचेयर, वॉकर, व्हील बेयर और व्हील बेयर कमोड, कान की मशीन, चश्मा, सिलिकॉन फोम तकिया, स्पाइनल सपोर्ट बेल्ट, नी प्रेस, सर्वाइकल कॉलर और अन्य स्वास्थ्य सहायक किट शामिल हैं।

# राजधानी में ट्रैफिक नियम तोड़ना गंभीर

■ **दिल्ली के एक वाहन चालक ने केवल पांच चालानों में भारत में सबसे बड़ी सिंगल चालान राशि 61,000 रुपये का भुगतान किया**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत के प्रमुख प्रोटेक्ष्शन डेस्टिनेशन एको ने अपनी पहली चालान रिपोर्ट जारी की है। इसे दिसंबर २०२४ से जून २०२५ के बीच एकत्र किए गए लाखों डेटा बिंदुओं पर बनाया गया है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि दिल्ली भारत के सबसे गैर-अनुपालक शहरों में से एक है, जहां चालान की घटनाओं की दर सबसे अधिक है, यहां बार-बार नियमों का उल्लंघन हो रहा है, और रिकॉर्ड तोड़ जुर्माने लगाए जा रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली के ५.७% वाहन चालकों के पास १० से अधिक लंबित चालान हैं, जिससे दिल्ली बेंगलुरु और चेन्नई के बाद देश में तीसरे स्थान पर है। दिल्ली को और खास बनाने वाली बात जुर्माने की गंभीरता है, जो देश में सबसे अधिक है।

एक वाहन चालक ने केवल पांच चालानों में ६१,००० रुपये और एक अन्य ने चार चालानों में ६०,५०० रुपये का भुगतान किया। दिल्ली में ११,३०० वाहन चालकों के पास १० से अधिक लंबित चालान हैं (कुल वाहन चालकों का ५.७%) ,चालान की दर: दिल्ली में भारत में सबसे अधिक चालान की दर दर्ज की गई, जहां ७३% वाहन चालकों के पास कम से कम एक चालान है, दिल्ली के एक वाहन चालक ने केवल पांच चालानों में भारत में सबसे बड़ी सिंगल चालान राशि ६१,००० रुपये का भुगतान किया। एक अन्य चालक ने चार चालानों में ६०,५०० रुपये का भुगतान किया। बेंगलुरु में २३% चालान कैमरों और मोबाइल उपकरणों के माध्यम से जारी किए जाते हैं, जो देश में सबसे अधिक है। एको के वाइस प्रेसिडेंट ख्र मोटर इंश्योरेंस मयंक गुप्ता ने इस रिपोर्ट के बारे में कहा, दिल्ली के आंकड़ों से पता चलता है कि राजधानी में ट्रैफिक नियम तोड़ना कितना गंभीर है। बार-बार नियम तोड़ने की घटनाएं आम हैं और जुर्माना भी देश में सबसे अधिक है। हर चालान सड़क पर खतरे की कहानी कहता है।

एको में उपभोक्ता सुरक्षा हमारे लिए सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है, इसलिए हमने अपने ऐप में चालान चेक करने की सुविधा दी है, ताकि दिल्ली में गाड़ी चलाने वाले अधिक सतर्क और जिम्मेदार रहें। दिल्ली की उच्च चालान दर और रिकॉर्ड जुर्माने को उजागर करके, हम सड़क पर सुरक्षित व्यवहार को बढ़ावा देना चाहते हैं और स्थायी बदलाव लाना चाहते हैं।

# विजय कुमार मल्होत्रा का शरीर अंत्येष्टि के साथ पंचतत्व में विलीन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारतीय जनसंघ, भारतीय जनता पार्टी एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संस्थापक सदस्य एवं दिल्ली के पूर्व मुख्य कार्यकारी पार्षद प्रोफेसर विजय कुमार मल्होत्रा का अंतिम संस्कार लोधी रोड़ श्मशान घाट पर सम्पन्न हुआ।

दिल्ली भाजपा की सह प्रभारी डा. अल्का गुर्जर, दिल्ली की मुख्य मंत्री रेखा गुप्ता एवं दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने अपने अंतिम संयुक्त शोक संदेश में कहा - हमेशा याद आयेगा संगठन के हर कठिन समय में दिया आपका मार्गदर्शन। दिल्ली में जनसंघ एवं भाजपा दोनों के लिए मजबूत राजनीतिक भूमी तैयार करने में अहम भूमिका निभाने वाले प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा का निधन कल ३० सितम्बर की प्रातः इलाज के दौरान एम्स अस्पताल में हुआ था।

आज दिल्ली सरकार एवं दिल्ली पुलिस द्वारा दिये गये पूरे राजकीय सम्मान के साथ आज उनका अंतिम संस्कार उनके पुत्र अजय मल्होत्रा ने मुखांगणी देकर सम्पन्न किया और इसी के साथ उनका शरीर पंचतत्व में विलीन हो गया। लोधी रोड़ श्मशान घाट पर पार्थिव शरीर के पहुंचने पर घोषित राजकीय सम्मान के अंतिम संस्कार की परम्परा अनुसार दिल्ली पुलिस की पलटन ने मुख्य मंत्री श रेखा गुप्ता की उपस्थिती में बिगुल बजा कर, पहले बंदूक उल्टी कर फिर हवा में फायर कर दिल्ली के पूर्व मुख्य कार्यकारी पार्षद प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा को अंतिम सलामी दी। अंतिम संस्कार से पूर्व आज प्रातः १२ बजे से दोपहर ३ बजे तक कार्यकर्ताओं के दर्शन हेतू प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा का पार्थिव शरीर दिल्ली भाजपा के १४ पंत मार्ग स्थित कार्यालय के सभाकक्ष में रखा गया। दिल्ली के अलग अलग कोनों से आये हजारों कार्यकर्ताओं के साथ ही प्रबुद्ध नागरिकों एवं खेल संस्थाओं के पदाधिकारियों ने आल इंडिया स्पोर्ट्स काउंसिल के भी दो बार अध्यक्ष रहे प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा को अंतिम श्रद्धासुमन अर्पित किए।



**भारतीय विद्यार्थी परिषद के संस्थापक सदस्य एवं दिल्ली के पूर्व मुख्य कार्यकारी पार्षद प्रोफेसर विजय कुमार मल्होत्रा का अंतिम संस्कार लोधी रोड़ श्मशान घाट पर सम्पन्न हुआ।**

## एक नजर

### वंचित बच्चों के लिए किया क्रिकेट टूनामेंट का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** गरीब और वंचित बच्चो की खेल में भागीदारी बढ़ाने के उदेश्य से आध्या संस्था ने पहल करते हुए एक टूनामेंट का आयोजन किया, जिसमे छह टीमों ने हिस्सा लिया, यह सभी टीम ऐसे बच्चो की थी जो आर्थिक रूप से कमजोर होने की वजह से या संसाधनों की कमी की वजह से खेलो से वंचित रहते है स मयूर विहार के बाल भवन पब्लिक स्कूल में बुधवार को सेवा बस्ती टीम और बाल सहयोग टीम सेमी फाइनल में पहुंची,जिनका ५ अक्टूबर को फाइनल मैच होगा स आध्या के फाउंडर संदीप कश्यप ने बताया यह शुरुआत गरीब बच्चो की खेल में भागीदारी बढ़ाने के उदेश्य से की गयी,ताकि जिन बच्चो में प्रतिभा है वह देश के सामने आनी चाहिए, इस टूनामेंट में जो सबसे अच्छा खेल खेलेंगे उनको संस्था अपने खर्चे पर क्रिकेट सिखाएगी।

### 12 साल के बच्चे की खाद्य नली में फंसा 10 रु. का सिक्का डॉक्टरों ने निकाला

**नई दिल्ली।** फोर्टिस एस्कॉर्ट्स फरीदाबाद के इमरजेंसी विभाग में इलाज के लिए १२-वर्षीय बच्चे को लाया गया था जिसने दुर्घटनावश 10 रु. का सिक्का निगल लिया था। करीब २७ मिमी व्यास का यह सिक्का बच्चे की खाद्य नली (फूड पाइप) के ऊपरी हिस्से (अपर ईसोफैगस) में फंसा था और इस वजह से बच्चे की छाती में काफी दर्द था और उसे निगलने में भी परेशानी हो रही थी। अस्पताल में एक्स-रे जांच से फूड पाइप में सिक्के के फंसे होने की पुष्टि हुई। इलाज में देरी से जटिलताएं पैदा होने की आशंका थीं जो जीवनघातक भी हो सकती थीं, इसलिए डॉ. निर्देश चौहान, कंसल्टेंट -गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट, फोर्टिस एस्कॉर्ट्स फरीदाबाद के नेतृत्व में मेडिकल टीम ने तत्काल एंडोस्कोपी करने का फैसला किया ताकि मरीज को ईसोफैगल टियर्स, इंफेक्शन या सांस लेने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। मेडिकल टीम ने, बच्चे को अस्पताल पहुंचाने के आधे घंटे के भीतर ही, स्पेश्यलाइज्ड एंडोस्कोपिक टूल्स की मदद से, सिक्के को बाहर निकालने में सफलता हासिल की। इस पूरी प्रक्रिया में लगभग 15 मिनट का समय लगा, और कुछ देर बाद ही बच्चे को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। फौलो-अप के बाद जांच से इस बात की पुष्टि भी हो गई कि ईसोफैगस को कोई नुकसान नहीं हुआ था। इस मामले की और जानकारी देते हुए, डॉ निर्देश चौहान ने कहा, बच्चे अक्सर खेलते हुए, दुर्घटनावश कुछ चीजें निगल जाते हैं और इनमें सिक्के सबसे सामान्य हैं। कई बार कुछ चीजें अपने आप ही शरीर से बाहर भी निकल जाती हैं, लेकिन सिक्के जैसी वस्तुएं ईसोफैगस में फंस भी सकती हैं और यह काफी खतरनाक साबित हो सकता है।

### मुकुंदपुर हिट-एंड-रन मामले में पुलिस के हाथ खाली

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुकुंदपुर में हुए हिट-एंड-रन मामले में पुलिस अभी तक आरोपियों तक नहीं पहुंच पाई है। सीसीटीवी कैमरे न होने से जांच में दिक्कत आ रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार तीन लोगों को कुचल दिया और दूसरी गाड़ी ने उन्हें रौंद दिया। लोग मदद करने के बजाय वीडियो बनाते रहे। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटनास्थल पर सीसीटीवी कैमरे भी नहीं लगे हैं। ऐसे में घटनास्थल से लेकर करीब पांच किलोमीटर तक पुलिस सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है। अभी तक कोई खास कामयाबी नहीं मिल सकी है। वहीं, घटनास्थल के आसपास रेत व पत्थर के टुकड़े भी मिले हैं। पुलिस को शक है कि पहले बाइक का पहिया पत्थर या रेत पर गया हो, फिर संतुलन बिगड़ने से वह नीचे गिरे हों, जिसके बाद उनके ऊपर से कोई वाहन गुजरा हो। पुलिस इस मामले में कई पहलुओं से जांच कर रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही इस मामले में आरोपी वाहन और चालकों का पता लगा लेगी। बताया कि घटनास्थल पर 30 से 40 लोग थे, लेकिन मदद करने के बजाए, सभी वीडियो बनाते रहें। अगर किसी की मदद मिलती तो दोनों लड़कों को अस्पताल जरूर ले जाता। एंबुलेंस आने तक सभी ने दम तोड़ दिया।

### जीटीबी में मेडिकल की छात्रा के साथ छेड़छाड़

**नई दिल्ली।** शाहदरा स्थित जीटीबी मेडिकल कॉलेज में एक छात्रा के साथ एसोसिएट प्रोफेसर द्वारा यौन उत्पीड़न का मामला प्रकाश में आया है स छात्रा ने आरोप लगाया है कि आरोपी द्वारा उसके साथ यौन उत्पीड़न किया गया स फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच कर रही है स शाहदरा डिस्ट्रिक डीसीपी प्रशांत गौतम ने बताया २६ सितंबर की दोपहर १२.०६ बजे जीटीबी एन्क्लेव थानांतर्गत एक कॉल मिली थी,जिसमे कॉलर ने बताया मेरे साथ छेड़छाड़ हुई है स जिसके बाद पीड़ित छात्रा ने आपातकालीन अधिकारी को बताया कि जीटीबी अस्पताल में सहायक प्रोफेसर डॉ मोहम्मद ने उसके साथ छेड़छाड़ की है स फिलहाल पुलिस ने बीएनएस की धारा ७४/७५(२)/७५(३) और ३५१(२)के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है ।

# फेस्टिव सीजन में नियमित ट्रेनों में सीटें उपलब्ध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** त्योहारों के सीजन में यात्रियों के लिए नियमित ट्रेनों में सीटें खाली हैं। रेलवे का कहना है कि त्योहारों की भीड़ के बावजूद उनकी नियमित ट्रेन सेवाओं जिनमें वंदे भारत एक्सप्रेस, शताब्दी एक्सप्रेस और मेल/एक्सप्रेस जैसी प्रतिष्ठित गाड़ियों में अभी भी बड़ी संख्या में सीटें उपलब्ध हैं। यात्री अग्रिम बुकिंग कर सकते हैं।

उत्तर रेलवे द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार निजामुद्दीन ख्ररानी कमलापति वंदे भारत (२०१७२) में १ अक्तूबर से चेयर कार की १९१ सीटें उपलब्ध हैं। निजामुद्दीन-भोपाल शताब्दी (१२००२) में २०० सीटें १ अक्तूबर से उपलब्ध हैं। नई दिल्ली-बनारस वंदे भारत (२२४३६) में ३०६ सीटें ४ अक्तूबर से और दूसरी वंदे भारत (२२४१६) में ६५४ सीटें ३ अक्तूबर से खाली हैं। नई दिल्ली-कानपुर शताब्दी (१२०३४) में २३४ सीटें १ अक्तूबर से उपलब्ध हैं।

नई दिल्ली- लखनऊ शताब्दी (१२००४) में ३१८ सीटें ३ अक्तूबर से खाली हैं। अमृतसर-श्री माता वैष्णो देवी कटरा वंदे भारत (२६४०५) में १६८ सीटें १ अक्तूबर से उपलब्ध हैं।

नई दिल्ली-अंब अंदौरा (२२४४७) में ४२२ सीटें ३ अक्तूबर से खाली हैं। निजामुद्दीन-खजुराहो (२२४७०) में २९९ सीटें १ अक्तूबर से उपलब्ध हैं। वहीं नई दिल्ली-अजमेर शताब्दी (१२०१५) में ३३७ सीटें ४ अक्तूबर से खाली हैं। उत्तर रेलवे ने यात्रियों से कहा है कि भीड़ से बचने के लिए केवल स्पेशल ट्रेनों पर ही निर्भर न रहें, बल्कि नियमित ट्रेनों में उपलब्ध सीटों का भी लाभ उठाएं। यात्री आईआरसीटीसी की वेबसाइट, मोबाइल एप और अधिकृत ट्रैवल एजेंटों के माध्यम से टिकट बुक करा सकते हैं।

उत्तर रेलवे की ओर से त्योहारों के दौरान यात्रियों की भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। इसके तहत चरलापल्ली से हजरत निजामुद्दीन के बीच द्वि-साप्ताहिक त्योहार स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी।

रेलवे के मुताबिक ट्रेन संख्या ०७०९५ चरला पल्ली-हजरत निजामुद्दीन स्पेशल ७ और १६ अक्तूबर को चरलापल्ली से सुबह ७:४० बजे रवाना होगी और अगले दिन शाम ४ बजे हजरत निजामुद्दीन पहुंचेगी।

# दहेज हत्या में पति गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शाहबाद डेयरी इलाके में बीते सोमवार रात एक महिला को उसी के ससुराल के कमरे में संदिग्ध हालत में शव मिलने की वारदात में पुलिस ने महिला के पति अंकित कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शाहबाद डेयरी पुलिस को बीते मंगलवार रात करीब पौने तीन बजे बी ब्लॉक शिव विहार शाहबाद डेयरी इलाके में रहने वाली २६ साल की रानी की मौत होने की पीसीआर कॉल उसी के परिवार वालों ने की थी। पुलिस मौके पर पहुंची। पता चला कि परिवार वाले रानी को नजदीक के अस्पताल में ले गए हैं। पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। रानी के पिता रामपाल ने बताया कि उनकी बेटी रानी की शादी २ जून २०२३ को अंकित से हुई थी। उनकी बेटी को उसके पति अंकित, सास गीता और ससुर महेंद्र द्वारा प्रताडिघ्त किया जाता था। ससुराल वालों ने कथित तौर पर मोटरसाइकिल खरीदने के लिए पैसे मांगे और बाद में टीवी और गहने मांगे।इनकार करने पर, रानी के साथ कथित तौर पर दुर्व्यवहार, मारपीट और बार-बार उत्पीडन किया गया। उसे कई बार उसके मायके वापस भी भेजा गया। रविवार रात ढाई बजे अंकित ने रामपाल को सूचित किया कि रानी ने फांसी लगा ली है। रामपाल और उनका बेटा ईएसआईसी अस्पताल, सेक्टर-१५, रोहिणी पहुँचे, जहाँ डॉक्टरों ने रानी को मृत घोषित कर दिया। एसडीएम नरेला द्वारा धारा १९६ बीएनएसएस के तहत बयान दर्ज किया गया है।

## एयरपोर्ट पर कार्गो से लाखों रुपये के मोबाइल चुराए कुख्यात चोर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पुलिस ने एयरपोर्ट पर कार्गो से लाखों रुपये के मोबाइल फोन चुराने के आरोप में कुख्यात चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने ने अपने सहयोगी के साथ मिलकर ट्रक में ले जाए जा रहे कार्गो से आईफोन चोरी किए थे।

दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पुलिस उपायुक्त विचित्र वीर ने बताया कि कि ०१.सितम्बर को एक माल अग्रेषण कंपनी, ने दुबई में अपने ग्राहक को मोबाइल फोन की एक खेप भेजी थी। खेप में १५ बक्से थे जिनमें कुल १४८ मोबाइल फोन थे। हालाँकि, दुबई पहुँचने पर, पता चला कि शिपमेंट से तीन डिवाइस गायब थे।

दुबई स्थित हैंडलिंग एजेंसी ने निरीक्षण किया और आधिकारिक तौर पर तीन मोबाइल फोन की कमी की पुष्टि की। इसके बाद, शिकायतकर्ता ने आईजीआई एयरपोर्ट थाने में चोरी का मामला दर्ज कर एसीपी आईजीआई एयरपोर्ट प्रदीप मीणा की देखरेख में एसएचओ आईजीआई एयरपोर्ट वीरेंद्र त्यागी के नेतृत्व में टीम ने स्थानीय खुफिया जानकारी और तकनीकी निगरानी के माध्यम से, चोरी हुए मोबाइल फोन में से एक को सोनीपत, में ट्रेस किया, जहां इसे एक टैक्सी चालक से बरामद किया गया।

पुलिस पूछताछ के दौरान, चालक ने बताया कि ०५ सितम्बर को वह एक यात्री को छोड़ने के लिए आईजीआई हवाई अड्डे गया था। अपनी वापसी यात्रा पर, उसे दो व्यक्तियों ने काम पर रखा, जिन्होंने रोहतक ले जाने का अनुरोध किया।

## यूईआर-II के ईस्टर्न एक्सटेंशन कॉरिडोर को एनएचएआई ने निविदा आमंत्रित की

**नई दिल्ली।** अर्बन एक्सटेंशन रोड (यूईआर)-दो शुरू हो जाने के बाद अब भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की ओर से इसके ईस्टर्न एक्सटेंशन पर काम शुरू कर दिया है। इसके लिए एनएचएआई ने विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के लिए निविदा आमंत्रित किया है। नौ महीने में निजी एजेंसी को डीपीआर तैयार करनी है। इस योजना पर ७५०० करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। प्रस्तावित कॉरिडोर इसलिए अधिक महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि यह एनसीआर के पांच प्रमुख मार्गों दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे, दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे, नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे, डीएनडी-फरीदाबाद हाईवे और यमुना एक्सप्रेसवे को जोड़ेगा। इस प्रस्तावित परियोजना का उद्देश्य राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में वाहनों की आवाजाही को आसान बनाना है। अगले साल मध्य तक इस परियोजना की डीपीआर तैयार होने की उम्मीद है। इसमें पैदल क्रासिंग की पहचान करना, वाहनों की गति, वाहनों की आवाजाही की समस्याओं, भीड़भाड़ वाले बिंदु और पुलों या अंडरपास के निर्माण द्वारा इन समस्याओं समाधान करने के सुझाव देना होगा। सलाहकार यातायात अध्ययनों से प्राप्त आंकड़ों और सूचनाओं तथा भूमि की उपलब्धता सहित मौजूदा विशेषताओं के अध्ययन के आधार पर संभावित टोल प्लाजा स्थान की पहचान भी करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि यह कॉरिडोर गाजियाबाद लोनी, बागपत, नोएडा और फरीदाबाद जैसे एनसीआर के शहरों को उत्तरी व दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली से जोड़ेगा। इसके निर्माण से शहर की सड़कों और सराय काले खां व कालिंदी कुंज जैसे प्रमुख स्थानों पर वाहनों की आवाजाही में समस्याएं कम करने में मदद मिलेगी।

# निगम ने गांधी जयंती मेले का आयोजन किया

**अशाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम द्वारा महात्मा गांधी जी की १५६ वीं जयंती के उपलक्ष्य में आज निगम मुख्यालय डॉ एसपीएम सिविक सेंटर में गांधी जयंती मेले का आयोजन किया गया। गांधी जयंती मेला का उद्घाटन दिल्ली के माननीय महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने किया।

इस अवसर पर महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने गांधीजी की प्रतिमा पर माला चढ़ाई एवं चरखा चलाया ।साथ ही उन्होंने मेले के आयोजन के लिए सामुदायिक सेवा विभाग एवं निगम के अधिकारियों को बधाई दी। इस अवसर पर बोलते हुए, महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि यह मेला केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि गांधी जी के सत्य, अहिंसा और सेवा के मूल्यों को आत्मसात करने का संकल्प है।



उन्होंने गांधी जयंती मेले में लगे स्टालों का निरीक्षण किया, जहां उन्हें उत्पादों व सेवाओं के विषय में अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि दिल्ली नगर निगम द्वारा आयोजित यह परंपरा हर वर्ष हमें प्रेरित करती है कि हम राष्ट्रपिता के दिखाए मार्ग पर चलकर समाज व राष्ट्र की सेवा करें। गांधी जी का जन्मदिवस संपूर्ण विश्व में अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जाता है। गांधी जी ने हमें सत्य और अहिंसा का रास्ता दिखाया है जिसका स्मरण हम सभी को करना चाहिए।

# बुजुर्गों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भजनपुरा के बी ब्लोक गली नंबर 9 मे भाजपा नेता भुवनेश सिंघल ने क्षेत्र के बुजुर्गों का सम्मान कार्यक्रम किया। इस अवसर पर विधायक अजय महावर जिलाध्यक्ष डॉ. यु. के चौधरी व पार्षद रेखा रानी तथा चौधरी बिजेंद्र प्रधान ने अपने कर कमलों से सभी बुजुर्गों का सम्मान किया।

भुवनेश सिंघल ने बताया कि परिवार के मुखिया के रूप में जिन बुजुर्गों ने हमें जीने के लिए लोक व्यवहार सिखाया, हमको योग्य बनाया, हमने ऐसे 40 बुजुर्गों को अंगवस्त्र व पुष्पमाला पहनाकर उनका विशेष सम्मान किया व उनका आशीर्वाद और स्नेह प्राप्त किया है। बुजुर्ग रत्नाकर द्विवेदी ने बताया कि भुवनेश सिंघल ने हमारा सम्मान विधायक द्वारा करवाकर हमको जो इज्जत बख्शी है वो हमें हमेशा याद रहेगी। चुन्नी लाल ने कहा कि इस तरह से सम्मान मिलने से हमारा पूरा परिवार खुश है।



गुलशन अरोड़ा ने कहा कि इस सम्मान को प्राप्त करके आज गर्व की अनुभूति हो रही है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राजेश पाल, नरेन्द्र मोरल, सचिन कुमार, ममता जोशी, सरनाम सिंह, मुन्नी लाल तिवारी, अमर झा, जीतू कश्यप, रोमी सिंह, वैभव सिंघल आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# लापता बच्चों को परिवार से मिलवाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने ऑपरेशन मिलाप के तहत लापता दो बच्चों को उनके परिवार वालों से मिलवाया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते १५ सितम्बर को बुध विहार इलाके से लापता एक आठ साल की किशोरी को एसीपी सुरेश कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर मनोज दहिया के निर्देशन में पुलिस टीम ने फाउंडेशन चिल्ड्रन होम, कंझावला से बरामद किया। पूछताछ करने पर पता चला कि लापता किशोरी तीसरी कक्षा की छात्रा है और उसके पाँच भाई-बहन हैं। उसके पिता किसान हैं और माँ गृहिणी हैं और वे बंदौई (उत्तर प्रदेश) में रहते हैं। लगभग २०-२२ दिन पहले, पीडिघ्त लडकी अपनी बुआ के साथ उसके पैतृक गाँव से दिल्ली आई थी। वह अपनी बुआ के घर पर रह रही थी। घटना के दिन वह गली में खेल रही थी और घर का रास्ता भूल गई। वह जहाँगीरपुरी इलाके में पहुंच गई। किसी ने उसे अकेले घूमते हुए देखा और पीसीआर कॉल की। जिसके बाद उसे रेस्क्यू फाउंडेशन चिल्ड्रन होम, कंझावला में रख दिया था। वहीं बीते शनिवार को बुध विहार से लापता १४ साल के नाबालिग को इंस्पेक्टर मनोज दहिया की टीम ने रिठाला गाँव इलाके से तलाश लिया। जांच से पता चला कि लापता लडका ९वीं कक्षा का छात्र है और उसके दो भाई-बहन हैं। उसके पिता ई-रिक्शा चलाते हैं और माँ गृहिणी हैं।

**सार्वजनिक सूचना**

चूंकि मैं गुरु प्रसाद बेरीवाल के पिता की मृत्यु दिनांक 11 फरवरी 2008 को बी,जे,-94 पश्चिम शालीमार बाग, दिल्ली में हो गई थी, तथा वह अपने नाम पर निम्नलिखित प्लॉट छोड़ गये हैं, इसलिए आवेदक ने इस न्यायालय में अपने नाम पर कानूनी उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र जारी करने के लिए आवेदन दायर किया है। स्थान परिवर्तन,अनुसूची, प्लॉट संख्या 771, 250 वर्ग मीटर, स्टील मार्केट कॉम्प्लेक्स,कलंबोली,नवी मुंबई में स्थित है। चूंकि,यह सार्वजनिक सूचना उन सभी व्यक्तियों को दी जाती है जो मृतक की उक्त संपत्ति में किसी भी प्रकार का अधिकार, हक हित होने का दावा करते हैं। इस न्यायालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर मृतक की उक्त संपत्ति में दावा करने वाले व्यक्ति को लिखित में आपत्ति देनी होगी। यदि कोई व्यक्ति कोई आपत्ति नहीं करता है, तो यह न्यायालय आवेदकों के नाम प्राथना के अनुसार उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रदान करेगा और उसके बाद यदि कोई आपत्ति उठाई जाती है, तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्सः 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी
भाई मेहरबान
अध्यक्षः भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# सुन्दरदीप इंजीनियरिंग कॉलेज में इंटरनल हैकाथॉन का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सुन्दरदीप इंजी. नियरिंग कॉलेज में स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन के अंतर्गत इंटरनल हैकाथॉन का सफल आयोजन किया गया। जिसमें कुल 16 टीमों ने भाग लिया। बी.टेक और बीसीए के विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता, तकनीकी कौशल और नवाचार क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस हैकाथॉन के दौरान विद्यार्थियों ने वास्तविक जीवन की समस्याओं पर काम करते हुए टीमवर्क और तकनीक के माध्यम से नए एवं व्यवहारिक समाधान प्रस्तुत किए।

प्रस्तुत प्रोजेक्ट्स में विद्यार्थियों की तकनीकी समझ के साथ-साथ उनकी उद्यमिता की भावना भी स्पष्ट दिखाई दी।



यह आयोजन कॉलेज की निद.ेशक डॉ. मोनिका सैंगर के मार्गदर्शन में तथा वंदना शर्मा (एचओडी, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग), योगिता कौशिक (एचओडी, कंप्यूटर एप्लीकेशन्स) और दोनों विभागों के संकाय सदस्यों के सहयोग से संपन्न हुआ। सुन्दरदीप एजुकेशनल सोसायटी के चेयरमैन एवं एसजीयू के कुलाधिपति महेन्द्र अग्रवाल ने सफल कार्यक्रम के लिए सभी को शुभकामनाएं दीं।

एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के उपकुलाधिपति नितिन अग्रवाल और सुन्दरदीप एजुकेशनल सोसायटी के उपाध्यक्ष अखिल अग्रवाल ने भी छात्रों को बधाई दी।

प्रो चांसलर विमल कुमार शर्मा एवं प्रो-चांसलर (प्रशासन) पियूष श्रीवास्तव ने इस अवसर पर प्रसन्नता व्यक्त की। एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. डॉ. प्रसेनजीत कुमार ने इस आयोजन की सफलता पर खुशी जाहिर की। रजिस्ट्रार डॉ. राजीव रतन ने भी इस आयोजन की सफलता पर खुशी जाहिर की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. मोनिका सेंगर ने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल विद्यार्थियों की तकनीकी क्षमता को बढ़ाते हैं, बल्कि भारत सरकार की उस सोच से भी जुड़े हैं, जिसका उद्देश्य युवाओं में नवाचार, डिजिटल परिवर्तन और उद्यमिता को प्रोत्साहित करना है।

## स्क्रैप कारोबारी की सिर कुचलकर हत्या, कमरे में मिला शव

■ **पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत के कारण स्पष्ट होंगे परिजनों को भी घटना की सूचना दे दी गई है**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र में स्क्रैप कारोबारी की सिर कुचलकर हत्या कर दी गई। बुधवार की सुबह उनका शव गोदाम में मिला। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पुलिस छानबीन कर रही है। ट्रॉनिका सिटी क्षेत्र के इलाइचीपुर गांव में 55 वर्षीय रहमान किराये के कमरे में रहते थे। पास में ही उनका कबाड़ का गोदाम है। रहमान ने बहनोई यामीन ने बुधवार सुबह पुलिस को सूचना दी कि रहमान की हत्या कर दी गई है। उन्होंने बताया कि वह सुबह छह बजे कबाड़ खरीदने के लिए निकले थे।

इसी दौरान रहमान के गोदाम का गेट बंद देखा, जबकि इस समय तक गोदाम खुल जाता है। उन्होंने किसी तरह गेट खोला तो अंदर रहमान लहूलुहान हालत में मृत पड़े थे। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि सिर को भारी वस्तु से कुचला गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत के कारण स्पष्ट होंगे। परिजनों को भी सूचना दे दी है। आसपास के लोगों से पूछताछ कर कैमरे खंगाल रहे हैं। जल्द ही मामले का पदार्फाश किया जाएगा।

# गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** शहर का प्रमुख सामाजिक संगठन आर एस तोमर एंड जे एस सैफी फाउंडेशन ने रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने को गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर डॉ राजपाल तोमर के आवास पर एक रक्तदान शिविर आयोजित किया। शिविर का शुभारंभ थाना प्रभारी अमित चौहान एवं डॉ राजपाल तोमर ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर अंकित चौहान ने रक्तदान के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि एक यूनिट रक्त, चार लोगों की जान बचाता है और यह सबसे बड़ा दान है। फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने



थाना प्रभारी को अंगवस्त्र पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर आयोजित इस शिविर में युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर गांधी जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। शिविर में 25 लोग रक्तदान कर महादानी बने। इस अवसर पर स डॉ. राजपाल तोमर, डॉ फहीम सैफी, वीरेंद्र कुमार, पूर्व चौयरमेन राधे किशन अरोडा, धर्मेन्द्र कुमार, सीदू अल्वी, शहीद अहमद, मोहसिन, कु स्मिति, डॉ सलीम, आसिफ चौधरी, आदि उपस्थित रहे।

## हरियाणवी एक्टर और डायरेक्टर उत्तर कुमार को मिली जमानत, डासना जेल से हुई रिहाई

**गाजियाबाद।** साथी कलाकार से यौन शोषण और एससी-एसटी एक्ट के गंभीर मामले में जेल में बंद हरियाणवी एक्टर और फिल्म डायरेक्टर उत्तर कुमार को आखिरकार राहत मिल गई है। गाजियाबाद की एससी-एसटी विशेष कोर्ट से जमानत मिलने के बाद मंगलवार को उत्तर कुमार गाजियाबाद की डासना जेल से रिहा हो गए। जेल से बाहर आते ही उनके समर्थकों की भीड़ गेट पर जमा हो गई और स्वागत के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। जेल से बाहर निकलते ही उत्तर कुमार की तस्वीरें भी सामने आईं।

# क्षत्रिय समाज ने धूमधाम से किया विजयदशमी एवं शस्त्र पूजन समारोह का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** क्षत्रिय समाज मोदीनगर द्वारा भव्य विजयदशमी व शस्त्र पूजन समारोह आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में धौलाना विधानसभा के विधायक माननीय विकास पुरुष धर्मेश तोमर एवं भारतीय किसान मजदूर संगठन राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर पूरन सिंह और अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषिपाल सिंह परमार उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता ठाकुर देवेंद्र चौहान ने की धर्मेश तोमर ने मुख्य अतिथि धर्मेश तोमर ने अपने संबोधन में समाज की एकता पर जोर दिया



वह कलम की ताकत को आज के समय की जरूरत बताई वह ठाकुर पूरन सिंह ने अपने वक्तव्य में समाज को नशे से दूर रहने वह बेटा वह बेटी को समान अधिकार शिक्षा की बात रखी ठाकुर ऋषिपाल सिंह परमार ने इतिहास संरक्षण के ऊपर अपने विचार रखें और युवाओं को जागरूक किया। इस प्रोग्राम में सैकड़ों क्षत्रियों ने भागीदारी दी मंच संचालन अरुण तोमर ने किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से क्षत्रिय समाज मोदीनगर के अध्यक्ष सोनू ठाकुर, खुशाल नेगी, रविराघव, रवि सूर्यवंशी. अजय चौहान, ADV वरुण तोमरवन सिंह पुंडीर, रविंद्र चौहान, कंवरपाल सिंह चौहान, भव्य सिसोदिया, मोनू सोम, आशीषराणा, प्रशांत सोलंकी, प्रताप ठाकुर, पवन चौहान, ओमेंद्र चौहान, आशीष पुंडीर, सूरज पुंडीर, दीपक चौहान, अमित कैथवाडी, बृजेश (डब्बू) आदि मौजूद रहे।

## रेड क्रॉस ने 50 क्षय रोगियों को पोषण पोटली वितरित की

**नेक नीयत और पक्का इरादा हो तो तूफान भी हमारे कदम नहीं डिगा सकते: सुभाष गुप्ता**

**गाजियाबाद।** तेज बारिश और सड़कों पर पानी भरने के बावजूद भी भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी गाजियाबाद इकाई के अध्यक्ष रविंद्र कुमार मंदड के निर्देशानुसार व सभापति सुभाष गुप्ता की प्रेरणा से टी. बी. मुक्त भारत अभियान की कड़ी को मजबूती देने के उद्देश्य से रेड क्रॉस गाजियाबाद के आजीवन सदस्य व रोटरी क्लब गाजियाबाद के अध्यक्ष रो. वरुण शर्मा के नेतृत्व में वसुंधरा के प्रहलाद गढ़ी स्थित स्वास्थ्य केंद्र पर 50 चयनित पात्र क्षय रोगियों को पोषण पोटली वितरित की। वरुण शर्मा ने कहा कि हमारा क्लब अपने वरिष्ठ रो. व रेड क्रॉस सभापति सुभाष गुप्ता की प्रेरणा से पिछले दो वर्ष से इस सेवा में लगा हुआ है और हम जनपद के टी.बी. मुक्त लक्ष्य पर कृत संकल्प हैं। रेड क्रॉस के आजीवन सदस्य व वरिष्ठ रोटेरियन एम.सी. गौड़ ने सभी लाभार्थीयों को जागरुक करते हुए पौष्टिक भोजन के साथ-साथ मांस- मदिरा तथा धूम्रपान से परहेज करते हुए योग ध्यान करने की की सलाह दी।



**मोदीनगर। रामनवमी के अवसर पर मोदीनगर में वर्कर्स क्लब के पास आयोजित भंडारे में सेवा करते बैंक कॉलोनी निवासी समाजसेवी हुकूमत राय मित्तल, उनके साथ उनके पुत्र अमित मित्तल, भतीजे राजेश मित्तल, राकेश मित्तल, अभिषेक, चिराग मित्तल, राकेश माहेश्वरी आदि।**

## 'आई लव मोहम्मद' के जवाब में कई जगह लगे सीएम योगी और महादेव के पोस्टर

**गाजियाबाद।** जनपद गाजियाबाद में एक नया विवाद खड़ा हो गया है। 'आई लव मोहम्मद' के जवाब में आज यहां 'आई लव महादेव' और 'आई लव योगी जी' के पोस्टर लगे दिखाई दिए। इस 'पोस्टर वार' के कारण तनाव बढ़ गया है। यह विवाद मुरादनगर और मोदीनगर में हुई घटनाओं के बाद शुरू हुआ, जहां सार्वजनिक स्थानों पर धार्मिक संदेशों वाले पोस्टरों ने तनाव पैदा कर दिया था। शनिवार को मुरादनगर की मलिकनगर कॉलोनी के निवासियों ने एक घर की रेलिंग पर 'आई लव मुहम्मद' लिखे पोस्टर देखे। स्थानीय हिंदू समूहों, जिनमें बजरंग दल के सदस्य भी शामिल थे, ने इन पोस्टरों पर आपत्ति जताई और पुलिस को सूचना दी। स्टेशन अधिकारी अमित कुमार पुलिस टीम के साथ पहुंचे, पोस्टरों को हटाया और इस मामले में एक युवक को हिरासत में लिया। मोदीनगर एक अलग घटना में, सड़क के बीचों-बीच एक फ्लेक्स बोर्ड पर भी ऐसा ही संदेश (धार्मिक नारा) लगा हुआ मिला। बजरंग दल के अधिकारियों ने ACP अमित सक्सेना को इसकी सूचना दी, जिसके बाद ये पोस्टर भी हटा दिए गए। एक पोस्टर 'आई लव महादेव' वाला है। इसमें भगवान शंकर के साथ हिंदू रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पिंकी भैया ती तस्वीर लगी है। पिंकी भैया के हाथ में शिव जी की मूर्ति भी दिखाई गई है। दूसरा पोस्टर 'आई लव योगी जी' का है। इस पोस्टर में लिखा है कि हिंदू हृदय सम्राट योगी जी पर ईश्वर ने कामल कर रखा है। पूरे भारत ने योगी मॉडल को बेमिसाल कर रखा है। योगी जी डरते नहीं किसी से,ऐसा हुनर व जिगर रखते हैं। अपने सख्त फैसलों से विपक्षियों को बेहाल कर रखा है।अधिकारियों ने भारतीय न्याय सं. हता (BNSS) की धारा 170 के तहत मामले दर्ज किए हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वे स्थिति पर करीबी नजर बनाए हुए हैं ताकि तनाव बढ़े नहीं और शांति बनी रहे। 'आई लव महादेव' और 'आई लव योगी जी' जैसे जवाबी पोस्टरों के सामने आने से यह विवाद और भड़क गया है, जिससे यह एक राजनीतिक और सां. प्रदायिक मुद्दा बन गया है। गाजियाबाद प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है और आग्रह किया है कि वे ऐसे पोस्टरों से भड़कें नहीं।

# सीकरी मन्दिर पर चल रहा अनशन एसडीएम के आश्वासन पर आठ अक्टूबर तक स्थगित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** सीकरी खुर्द महामाया देवी मंदिर पर मांगो को लेकर चल रहा अनशन एसडीएम के त्रिपक्षीय वार्ता कराकर समस्या का समाधान कराने के आश्वासन पर आठ अक्टूबर तक अनसन स्थगित कर दिया गया डाक्टर बबली गुर्जर ने बताया कि ग्रामवासियों के द्वारा आज सुबह रोजाना की तरह धरना स्थल पर अनशन शुरू कर दिया गया था काफी संख्या में लोग धरने पर उपस्थित थे।

नायब तहसीलदार मुकेश शर्मा अपनी टीम के साथ धरना स्थल पर पहुंचे और एसडीएम



साहब से फोन पर वार्ता कराई एस डी एम साहब ने कहा कि 8 तारीख दिन बुधवार को नगरपालि. का तहसील और ग्रामवासियों की त्रिपक्षीय वार्ता होगी और उस वार्ता में माता रानी के मंदिर से जुड़े हुए सभी बिंदुओं पर चर्चा करके समाधान कराया जाएगा उसके बाद सर्व सम्मति से कार्मिक अनसन स्थगित कर दिया।

अनशन पर बैठे सभी लोगों को नायब तहसीलदार के द्वारा जूस पिलाकर उठाया गया राहुल प्रधान ने कहा कि एस डी एम साहब 8 तारीख में जो वार्ता रखी है हम अपने सभी बिंदुओं को मीटिंग में रखेंगे। अगर हमारी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो बड़ा जन आंदोलन शुरू किया जाएगा आज की अध्यक्षता बलबीर भड़ना ने की व संचालन राहुल प्रधान ने किया आज कार्मिक अनशन पर बैठने वालों में। बीर सिंह महेंद्र सिंह राजकुमार चंदेला जगदीश व बलेश्वर रहे आज धरने पर मुख्य रूप से राहुल कलछिना राज वर्मा मोनू प्रधान गुड्डू चंदेला विकल प्रधान जी परशुराम पायल हरवीर सिंह जी सतपाल बैसला देव शर्मा नरेन्द्रा विपिन चंदेला वह गौरव गुजर रहे।

## मुठभेड़ में एक बदमाश पुलिस की गोली से घायल

**साहिबाबाद।** स्वाट टीम ट्रांस हिण्डन जोन व थाना इंदिरापुरम पुलिस टीम की संयुक्त कार्रवाई में पुलिस मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। उसके पास से पुलिस ने 1 अवैध तमंचा, 1 खोखा कारतूस, 1 जिन्दा कारत. ूस, चोरी की 1 मोटर साइकिल बरामद की है। एसीपी इंदिरापुरम ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत थाना इन्दिरापुरम क्षेत्र में हुई स्नैचिंग व लूट की घटनाओं के अनावरण व अपराध की रोकथाम हेतु स्वाट टीम ट्रांस हिण्डन जोन व थाना इंदिरापुरम पुलिस टीम द्वारा वसुन्धरा सेक्टर 1 टी प्वाइंट पर चेकिंग की जा रही थी।

## महानवमी के पावन दिवस पर किया भंडारे का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** शारदीय नवरात्र के महानवमी पावन दिवस पर इंडस्ट्रियल एसोसिएशन ट्रांस हिंडन के अध्यक्ष अशोक चौधरी के द्वारा इंडस्ट्रियल एरिया साइट-4 स्थित देवी माता मंदिर पर हवन-पूजन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सचिन चौधरी सचिव, महानगर महामंत्री भाजपा युवा मोर्चा संदीप चौधरी, इंद्रवीर सिंह, सुनील कुमार आदि उपस्थित रहे।

## शेयर ट्रेडिंग के नाम पर करोड़ों रुपये ठगने वाले गिरोह का खुलासा

**गाजियाबाद।** साइबर क्राइम थाना पुलिस ने शेयर ट्रेडिंग के नाम पर करोड़ों रुपये ठगने वाले गिरोह का खुलासा कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। जालसाज से 10 राज्यों में हुई पौने दस करोड़ रुपये की साइबरी ठगी के 17 मामलों का खुलासा हुआ। इनमें गाजियाबाद में हुई 68.60 लाख की ठगी भी शामिल है। वसुंधरा सेक्टर-10 के डी-ब्लॉक में रहने वाले 62 वर्षीय उमाकांत जेना भारत सरकार के सेवानिवृत्त अधिकारी हैं। 7 मई को फेसबुक पर रचना राय नाम की महिला ने संपर्क किया। उसने खुद को गुरुग्राम निवासी बताते हुए कहा कि वह एक प्लेटफार्म के जरिये करीब साढ़े तीन वर्षों से शेयर ट्रेडिंग में सफलतापूर्वक निवेश कर रही हैं।

उसने उन्हें एक लिंक भेजा, जिसके जरिये उन्होंने पंजीकरण किया। शुरूआत में निवेश करने पर जालसाजों ने ऑनलाइन मुनाफा दशार्या और 17 हजार रुपये निकालने की इजाजत भी दे दी। इसके बाद धीरे-धीरे करके उनसे 68.60 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। बाद में पता चला कि उनके साथ साइबर ठगी हुई है। एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह ने बताया कि 10 जुलाई को साइबर थाने में केस दर्ज कर मामले के खुलासे के लिए टीम गठित की गई थी। इसी क्रम में साइबर थाना पुलिस ने उमाकांत जेना से ठगी गई रकम में से 6.32 लाख रुपये रिकवर करते हुए गिरोह को ट्रेस किया और मंगलवार को नगर कोतवाली क्षेत्र से एक आरोपी गिरफ्तार कर लिया।

# आईएमए की नई टीम ने संभाला अपना कार्यभार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आईएमए की नई टीम ने अपना कार्यभार संभाला हर वर्ष 1 अक्टूबर को आईएमए की नई टीम ने अपना कार्यभार संभालती है। पहले दिन सुबह लाइफ लाइन ब्लड बैंक पर ब्लड डोनेशन शुरू हुआ और संतोष मेडिकल कॉलेज ब्लड बैंक में ब्लड डोनेशन शुरू हुआ।

गाजियाबाद ब्लड बैंक पर ब्लड डोनेशन का कार्य शुरू हुआ। जिसमें 50 डॉक्टर ने ब्लड डोनेट किया तथा 50 अन्य लोगों ने भी ब्लड डोनेट किया। इस तरह से कुल 100 ब्लड डोनेशन हुए। इस अवसर पर डॉक्टर सुभाष गोयल ने 99 डॉक्टर पल्लव रस्तोगी ने 88 एवं डॉ विनीत ने 66वीं बार ब्लड डोनेट




किया डॉ आशीष अग्रवाल ने 11वीं बार ब्लड डोनेट किया।

ब्लड डोनेशन के कार्यक्रम का उद्घाटन आई एम ए के प्रेसिडेंट इलेक्ट डॉ राजीव गोयल सृजन एवं सचिव डॉक्टर आशीष अग्रवाल द्वारा डॉक्टर वाणी पूरी कोषाध्यक्ष आई एम ए अप स्टेट तथा अन्य पदाधिकारी के साथ किया गया टीम का उत्साह देखने योग्य है आज दिनांक 1 अक्टूबर को अपराह्न में प्रेसवार्ता का आयोजन हुआ। जिसमें नई टीम का परिचय कराया गया।

मीडिया प्रभारी डॉक्टर नवनीत वर्मा द्वारा पत्रकार बंधुओ से कराया गया। जिसमें प्रेसिडेंट डॉक्टर अल्पना कंसल प्रेसिडेंट इलेक्ट डॉक्टर प्रहलाद चावला सेक्रेटरी डॉक्टर राजीव त्यागी वाइस प्रेसिडेंट डॉक्टर अर्चना शर्मा ट्रेजर डॉक्टर सारिका जैन संयुक्त सचिव डॉ अरुणा अग्रवाल संयुक्त सचिव डॉ दिव्यांश सिंह संयुक्त ट्रेजर डॉक्टर रिजवान खान ने शपथ ली एवं पत्रकारों से बात करते हुए डॉक्टर अर्चना कंसल ने अपना विजन छाया कार बंधुओ से शेयर किया इस अवसर पर आईएमए के विभिन्न पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री ने नन्हीं देवियों को नमन कर लिया आशीर्वाद

■ बेटियां परिवार व समाज की आधारशिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर महानवमी के दिन दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राजकीय बालिका माध्यमिक विद्यालय, हैदरपुर, शालीमार बाग में पारंपरिक रूप से कन्या पूजन कर नन्हीं देवियों का आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री स्वयं जमीन पर बैठकर बालिकाओं के चरणों में नमन किया, उनके जूते उतारे और तिलक लगाकर मौली (धागा) बांधी।

लाल चुनरी से सुसज्जित इन नन्हीं देवियों के मासूम चेहरे देखकर मुख्यमंत्री की आंखों में अपनत्व की भावनाएं छलकती दिखीं। उन्होंने प्रत्येक बच्ची से आत्मीयता से संवाद किया, उनके माथे पर स्नेहभरा स्पर्श किया और कहा कि इन नन्हीं देवियों में ही मां का स्वरूप है, इनकी मुस्कान में ही भविष्य की रौशनी है। इस पूरे आयोजन के दौरान वातावरण भक्ति, आत्मीयता और अपनत्व से परिपूर्ण रहा।

मुख्यमंत्री ने सादगी, विनम्रता और मातृ-वत व्यवहार से कन्याओं का पारंपरिक रीति-रिवाज से पूजन किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री का कहना था कि नवरात्र पर कन्याओं का पूजन उस भावना का प्रतीक है, जिसमें शक्ति का वंदन और करुणा का आलिंगन साथ-साथ चलता है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार इन कन्याओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हर बालिका हमारे समाज की आशा, हमारी प्रेरणा और हमारी शक्ति है। आज के इस पूजन में उन्होंने न केवल इन नन्हीं देवियों की आराधना की, बल्कि मातृत्व और स्नेह की उस भावना को साकार किया, जो हर नारी के भीतर विद्यमान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवरात्रि केवल आस्था और श्रद्धा का पर्व नहीं है, बल्कि यह नारी शक्ति के सम्मान और समाज में बेटियों की भूमिका को समझने का एक गहन संद. ेश भी देता है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि मां दुर्गा के नवरात्र शक्ति का प्रतीक हैं और भारतीय संस्कृति में बेटियों और कन्याओं को हमेशा नारी शक्ति के रूप में देखा गया है। बेटियां परिवार और समाज की आधारशिला हैं। उनके सशक्तिकरण के बिना न तो परिवार प्रगति कर सकता है और न ही समाज और राष्ट्र। आज का यह पर्व हमें स्मरण कराता है कि हमें अपनी बेटियों को शिक्षा, समान अवसर और सुरक्षित वातावरण प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाना होगा।

उन्होंने यह भी बताया कि वर्षों से कन्या पूजन की परंपरा चली आ रही है। उन्हें हमेशा यह महसूस होता है कि देश और समाज का भविष्य बेटियों में ही निहित है। मुख्यमंत्री ने बताया कि जितना बेटियों को स्नेह और अवसर प्रदान किए जाएंगे, उतना ही देश का भविष्य उज्ज्वल होगा। उन्होंने कहा कि कन्या पूजन के इस कार्यक्रम में शामिल होकर उन्हें अत्यंत खुशी हुई और उन्होंने हर बच्ची से व्यक्तिगत रूप से बातचीत की। बच्चियों ने अपने दिल की बात बताई, जिनमें से कुछ डॉक्टर बनना चाहती हैं, कुछ शिक्षक, तो कुछ पुलिस अधिकारी या आईपीएस बनना चाहती हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हर बच्ची के सपने होते हैं और सरकार उनके सपनों को पूरा करने के लिए हमेशा उनके साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने दिल्ली सरकार की 'हौसलों की उड़ान' योजना का भी उल्लेख किया और बताया कि यह कार्यक्रम उन बच्चों के लिए है जिनके पास अपनी कला या प्रतिभा प्रदर्शित करने का कोई अवसर नहीं होता। सरकार इस योजना के माध्यम से उनकी प्रतिभाओं को पहचानकर उन्हें आगे बढ़ाने में सहायता करेगी।

## फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट ने खोया मंडी में छापेमारी कर11 सैंपल्स एकत्र किए: स्वास्थ्य मंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह के निर्देश पर दिल्ली में खाद्य सुरक्षा विभाग एक्शन में है। फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट ने दिवाली और छठ पूजा के त्योहार से पहले दिल्ली के मोरी गेट स्थित खोया मंडी में छापेमारी कर वाहनों से 11 सैंपल्स एकत्र किए, जिनमें से ९ सैंपल्स खोया के एकत्र किए गए। छापेमारी में एकत्र किए गए नमूनों को लॉरेंस रोड स्थित प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा गया है। स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि एकत्र किए गए सभी नमूनों की टेस्ट रिपोर्ट १४ दिनों के भीतर सामने आ जाएगी। अगर जांच के लिए भेजे गए सैंपल्स में कई भी मिलावट पाई जाती है, तो आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। त्योहारी सीजन में दिल्ली फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट की छापेमारी लगातार जारी रहेगी। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि हमने राजधानी दिल्ली में खाद्य सुरक्षा विभाग को त्योहारों के दौरान शुद्धता और सुरक्षित मानक वाले खाद्य उत्पाद उपलब्ध कराने के लिए प्रवर्तन इकाइयों को कार्रवाई तेज करने का आदेश दिया है। जिसके बाद दिल्ली फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट के अधिकारियों ने आज दिल्ली पुलिस के साथ मिलकर छापेमारी की कार्रवाई की है। दिल्ली में उन वाहनों को रोककर जांच के लिए नमूने लिए गए जो खोया (मावा) लेकर दिल्ली की मंडी में आते हैं, क्योंकि खोया की त्योहारों के दौरान सबसे ज्यादा मांग होती है। फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट की कार्रवाई के दौरान दिल्ली के मोरी गेट स्थित खोया मंडी में ११ नमूने और ९ सैंपल्स एकत्र किए गए। सभी नमूनों को परीक्षण के लिए लॉरेंस रोड स्थित प्रयोगशाला में भेजा गया है, जिसके परिणाम १४ दिनों के अंदर सामने आ जाएंगे। अगर सैंपल्स में कोई भी नमूना मिलावटी पाया जाता है तो दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि दिल्ली की जनता का स्वास्थ्य और सुरक्षा का ख्याल रखना दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# चाकू की नोक पर की रॉबरी, दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तरी जिला पुलिस के बुराड़ी थाने के स्टाफ ने आर्म्स रॉबरी का मामला सुलझाकर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से रॉब मोबाइल, अपराध में प्रयुक्त स्कूटी और चाकू बरामद किया है। आरोपी नशे के आदी हैं और अपराध करने के लिए लोगों को निशाना बनाते थे।

दिल्ली के उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त राजा बांठिया ने बताया कि ३० सितंबर को बुराड़ी थाने में आर्म्स रॉबरी के संबंध में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई। स्थानीय पुलिस घटनास्थल पहुंची जहां पता चला कि पीड़ित को पीसीआर वैन द्वारा इलाज के लिए बुराड़ी के सरकारी अस्पताल ले जाया गया है। स्थानीय पुलिस अस्पताल पहुंची जहां पीड़ित ने बताया कि स्कूटी पर सवार दो व्यक्तियों ने उसके साथ अनावश्यक रूप से हाथापाई करने की कोशिश की, जिसका शिकायतकर्ता ने विरोध किया। इस बीच, स्कूटी सवार ने उसे सड़क पर धकेल दिया और चाकू की नोक पर उसका मोबाइल लूट लिया और दोनों अपनी स्कूटी पर भाग गए। इसके बाद, बुराड़ी थाने के तहत मामला दर्ज कर एसीपी बुराड़ी शशिक. ांत गौड़ की देखरेख में एसएचओ बुराड़ी गिरीश चंद्र रतूड़ी के नेतृत्व में टीम ने सीसीटीवी कैमरों की जांच और विश्लेषण के बाद, अपराधियों द्वारा इस्तेमाल की गई स्कूटी के आंशिक नंबर प्राप्त कर आरोपियों की पहचान की। इसके बाद टीम ने गुप्त मुखबिर और स्थानीय सूत्रों की मदद से, हरित विहार, के पास से आरोपी कन्हैया (२८), और कुणाल, (३१) को गिरफ्तार कर लिया।


# नाले में गिरा युवक नहीं लगा कोई सुराग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** महरौली में भारी बारिश के बाद एक युवक नाले में बह गया। सब्जी मंडी के पास हुई इस घटना में देवेंद्र उर्फ कालू नामक युवक एमसीडी के नाले में गिर गया। दमकल विभाग और एमसीडी की टीमें उसकी तलाश में जुटी हैं लेकिन अभी तक कोई सफलता नहीं मिली है। प्रत्यक्षदर्शियों ने उसे बचाने की कोशिश की लेकिन तेज बहाव के कारण वे नाकाम रहे।

दक्षिणी दिल्ली के महरौली में तेज वर्षा के दौरान मंगलवार को सब्जी मंडी के पास पानी के तेज बहाव में एक युवक बह कर एमसीडी के नाले में जा गिरा। देर शाम तक युवक का कुछ पता नहीं चल सका है। वहीं, देर रात तक दिल्ली नगर निगम व अग्निशमन विभाग की टीम युवक की तलाश में जुटी हुई थी, मगर उसका कुछ पता नहीं चल सका है।

इसका एक वीडियो पर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। महरौली में सब्जी मंडी से दरगाह गेट की तरफ ढलान वाला इलाका है। ऐसे में तेज वर्षा के दौरान ऊपर से नीचे की तरफ तेजी से बह रहा था। अचानक वहां मौजूद दुकानदारों ने देखा कि पानी के साथ एक युवक भी तेजी से बहता हुआ आ रहा है। इस पर एक दुकानदार ने उसका हाथ पकड़कर उसे बचाने का भी प्रयास किया, मगर युवक हाथ नहीं पकड़ पाया और थोड़ा आगे बह कर एमसीडी के नाले में डूब गया।



शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर महानवमी के दिन मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता राजकीय बालिका माध्यमिक विद्यालय, हैदरपुर में कन्या पूजन कर नन्हीं देवियों का आशीर्वाद लेते हुए।

# कोरोना काल में जान गंवाने वाले कर्मियों के परिवारों को मिलेगी एक करोड़ राशि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने कोविड-१९ महामारी के दौरान ड्यूटी निभाते हुए जीवन गंवाने वाले अपने कर्मचारियों के परिवारों के लिए एक ऐतिहासिक और भावनात्मक निर्णय लिया है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि कोविड ड्यूटी के दौरान शहीद हुए प्रत्येक कर्मचारी के परिवार को १ करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि प्रदान की जाएगी। सरकार जल्द ही १० कर्मियों के परिजनों को यह अनुग्रह राशि प्रदान करेगी।

मुख्यमंत्री के अनुसार यह सतत प्रक्रिया है और इसके लिए ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स की समिति लगातार कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री का कहना है कि कोरोना काल में सेवाकाल के दौरान दिवंगत हुए कर्मचारियों का योगदान दिल्ली के इतिहास के सबसे नि:स्वार्थ और प्रेरणादायी अध्यायों में दर्ज किया जाएगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि कोरोना काल के दौरान दिल्ली सरकार के डॉक्टरों, नर्सों, पैरामेडिकल स्टाफ, सफाई कर्मियों, शिक्षकों और अन्य अग्रिम पंक्ति के कर्मचारियों ने अपनी जान जोखिम में डालकर, निस्वार्थ भाव से जनता की सेवा की। जब पूरा विश्व महामारी के भय से ठहर गया था, तब ये कर्मचारी दिन-रात अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते रहे, ताकि लोगों तक स्वास्थ्य, स्वच्छता, आवश्यक सेवाएं आदि बिना रुके पहुंचती रहें। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन कर्मवीरों का योगदान दिल्ली के इतिहास के सबसे नि:स्वार्थ और प्रेरणादायी अध्यायों में दर्ज किया जाएगा। सरकार ने यह भी निर्णय लिया है कि वर्ष २०२०ख२०२१ में कोविड-१९ ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों की लंबित अनुग्रह राशि को स्वीकृत कर जारी कर दिया जाए। जल्द ही यह राशि उन सभी १० कर्मचारियों की असाधारण सेवाओं की मान्यता के रूप में दी जाएगी, जिन्होंने महामारी के सबसे कठिन समय में समाज के लिए अपने जीवन की परवाह नहीं की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मसले को लेकर हमारी सरकार काफी गंभीर थी, क्योंकि पिछली सरकार ने इसको लेकर बातें तो बहुत की, लेकिन जिस गंभीरता की जरूरत थी, वह नहीं दिखाई।

## केजरीवाल ने भाजपा पर हमला बोला

**नई दिल्ली।** दिल्ली में मंगलवार को महाष्टमी के दिन बारिश के बाद हुए जलभराव और तेज पानी के बहाव में एक निर्दोष व्यक्ति के बह जाने को लेकर आम आदमी पार्टी ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि इन लोगों ने दिल्ली का क्या हाल कर दिया। इन्होंने लोगों की जिंदगी नरक बना दी। इन्हें सरकार नहीं चलानी। इन्हें काम नहीं करना। इनका बस एक ही काम है। चौबीस घंटे विपक्षियों और विरोधियों को गिरफ्तार करते रहते हैं। उधर, सौरभ भारद्वाज ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि मंगलवार को महाष्टमी पर ये गरीब व्यक्ति महरौली में सबकी आँखों के सामने बह गया। रात भर ढूंढा, पर नहीं मिले।

# श्री धार्मिक रामलीला में मंचन से साइबर सुरक्षा का संदेश दिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** श्री धार्मिक रामल. ीला दक्षिणी दिल्ली चिराग श्री धार्मिक रामलीला दक्षिणी दिल्ली के मुख्य संरक्षक राकेश गुलिया ने बताया कि इस बार भी हर वर्ष की तरह भव्य राम लीला का आयोजन किया जा रहा है। संदेश स्वच्छ यमुना सफाई के लिए समाज को मंच के माध्य से सब को जागरूक किया जा रहा है।

आज मंच पर हुआ वध, महाक. ाली आहान शक्तियां एवं अहिरावण वध हुआ। पूर्व निगम पार्षद सुनीता गुलिया, प्रधान आनंद प्रकाश जैन, महामंत्री सुशील प्रकाश गुप्ता, चेयरमैन सोमनाथ मुखर्जी, कोषाध्यक्ष कपिल शर्मा, प्रदीप तेवतिया, सुदन गुप्ता, इंद्रजीत गुलिया ,सुरेन्द्र चौधरी , गौरव विज , जितेंद्र अहलावत , धर्मेंद्र गुलिया,



संदीप सैनी,हर्ष गुलिया, वरुण सुदन , विक्रान्त गुलिया, सतीश सोनी,नरेश कुमार, संजय पांडे और श्री भगवान सोनी कार्यकारिणी सदस्यों सहित मौजूद रहे। श्री धार्मिक रामलीला दक्षिणी दिल्ली के मुख्य संरक्षक राकेश गुलिया ने बताया कि मेघनाथ 80 फीट, कुंभकरण 85 फीट और रावण 90 फीट।

पटाखों की जगह इस बार ध्वनि और प्रकाश (विशेष प्रभाव) का उपयोग होगा।

## इंटरैक्टिव साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नई दिल्ली।** साइबर अपराध के बढ़ते खतरे से निपटने और एक सुरक्षित डिजिटल वातावरण को बढ़ावा देने के प्रयास के तहत, साइबर पुलिस स्टेशन रोहिणी ने रोहिणी स्थित प्रशांत विहार स्थित जापानी पार्क में सेक्टर-१० रामलीला समारोह के दौरान एक बड़े पैमाने पर इंटरैक्टिव साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। दिल्ली के रोहिणी जिला पुलिस उपायुक्त राजीव रंजन ने बताया कि रामलीला महोत्सव में भारी जनसमुदाय की उपस्थिति का रणनीतिक रूप से उपयोग करते हुए हर आयु वर्ग के लोगों को लक्षित और शिक्षित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य समुदाय को साइबर सुरक्षा, सुरक्षित डिजिटल आद. तों और ऑनलाइन खतरों से प्रभावी आत्म-सुरक्षा के बारे में आवश्यक ज्ञान प्रदान करना था।

# दिल्ली के स्कूलों में होगी आरएसएस की पढ़ाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सरकारी स्कूलों के छात्रों को जल्द ही नए शिक्षा कार्यक्रम 'राष्ट्रनीति' के तहत आरएसएस के बारे में पढ़ाया जाएगा। इस पाठ्यक्रम में वीर सावरकर, श्यामा प्रसाद मुखर्जी और सरदार वल्लभभाई पटेल जैसे स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में जानकारी भी शामिल होगी।

शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा, छात्रों में नागरिक और सामाजिक चेतना पैदा करने और मौलिक कर्तव्यों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए इस कार्यक्रम के तहत आरएसएस पर एक अध्याय जोड़ा जा रहा है। 'राष्ट्रनीति' नामक शैक्षिक कार्यक्रम के तहत यह अध्याय कक्षा १ से कक्षा १२ तक के छात्रों में नागरिक जागरूकता, नैतिक शासन और राष्ट्रीय गौरव को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किया गया है। पाठ्यक्रम के एक भाग के रूप में, बच्चों को आरएसएस की उत्पत्ति और इतिहास, इसकी विचारधारा और प्राकृतिक आपदाओं और स्वतंत्रता संग्राम के दौरान सहायता प्रदान करने में इसके कार्यकर्ताओं की भूमिका के बारे में पढ़ाया जाएगा।

सूत्र ने बताया कि इन पाठों का उद्देश्य संगठन के बारे में गलत धारणाओं को दूर करना भी है। उनके अनुसार, पाठ में उल्लिखित योगदान स्वतंत्रता संग्राम में आरएसएस की भागीदारी के साथ-साथ उसके सामा. जिक कार्यों,आपदाओं के दौरान बचाव कार्य और कोविड महामारी के दौरान राहत गतिविधियों पर प्रकाश डालेंगे।

## इनामी बारह साल बाद गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने कीर्ति नगर डकैती मामले में आरोपी को बारह साल बाद गिरफ्तार किया है। उसपर बीस हजार का इनाम घोषित था। दिल्ली पुलिस उपायुक्त (अपराध शाखा) हर्ष इंदौरा ने बताया कि कीर्ति नगर निवासी मकान मालकिन की शिकायत पर ८ मार्च २०१३ को कीर्ति नगर थाने के तहत मामला दर्ज किया गया। उसने बताया कि उसका नौकर गौतम यादव (३२)अपने तीन साथियों के साथ उसके कमरे में घुस आया, उसके हाथ-पैर बाँध कर मुँह बंद कर दिया और उसकी दो सोने की चूड़ियाँ, एक सोने की चेन और एक सोने की अंगूठी लूट ली। जाँच के दौरान, सह-आरोपी सूरज यादव और सुरेश यादव को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि गौतम यादव फरार रहा।



उत्तर-पूर्वी दिल्ली में पुलिस उपायुक्त कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस मनाते वृद्धजन।

## उत्तर-पूर्वी जिले में अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस मनाया गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली में पुलिस उपायुक्त कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में करीब 47 वृद्धो ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम आयोजन का उदेश्य वृद्धों को उनकी सुरक्षा और अन्य मुद्दों की जानकारी देना था स इस मौके पर वृद्धजनो का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया,और खुशी मनाई गयी और बुजुर्गो को उनकी सुरक्षा के लिए कई उपाय बताए गए स इस मौके पर वृद्धजनों के लिए एसजेएम अस्पताल, सेक्टर-३३, नोएडा द्वारा एक नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया था, किरायेदारों के सत्यापन संबंधी मार्गदर्शन के साथ-साथ सुरक्षा संबंधी सुझाव भी साझा किए गए थे। पुलिस थाना साइबर/एनईडी द्वारा एक साइबर जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। वृद्धजनो के लिए एक हास्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया पुलिस अधिकारी वृद्धजनों के घर जाकर उनका हालचाल निरंतर जानते रहते है ताकि इस जिले में किसी वृद्ध को कोई परेशानी न हो।

# जोमाटो बॉय से खाना लेकर पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नरेला इलाके में नशे में धुत दो शिक्षक समेत दो लोगों ने पहले खाने का ऑर्डर बुक किया। जब जोमाटो बॉय ऑर्डर लेकर उनके घर पर पहुंचा। आरोप है कि उससे पहले खाना ले लिया और फिर बिना पैसे धमका कर भाग दिया। नरेला पुलिस ने पीडिघ्त के बयान पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते सोमवार को नरेला पुलिस को एक पीसीआर कॉल मिली थी। कॉलर अर्जुन ने बताया कि वह जोमाटो डिलीवरी बॉय के रूप में नौकरी करता है। उसको एक खाने का ऑर्डर मिला था। खाना लेकर वह एक फ्लैट पर पहुंचा। दो युवक जो नशे की हालत में थे। उन्होंने खाना लेने के बाद बदतमीजी की और पैसे भी नहीं दिये। उसको वहां से भगा दिया। एएसआई देशपाल और कांस्टेबल रवीश को कॉल अटेंड करने के लिए भेजा गया। कॉलर ने आरोप लगाया कि उसकी पिटाई भी की थी। कथित ऋषि कुमार नशे की हालत में पाया गया और पूछताछ करने पर उसने पुलिस अधिकारियों के साथ भी दुर्व्यवहार करना शुरू कर दिया।

उसने पुलिसकर्मियों का विरोध भी किया, जिसके बाद उसे जबरन कमरे से बाहर निकाला गया और सीधे मेडिकल जाँच (एमएलसी) के लिए अस्पताल ले जाया गया। जिसकी एमएलसी करवाई गई। जिसमें शराब पीने की पुष्टि हुई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि चूँकि डिलीवरी बॉय को अपनी नौकरी पर आगे जाना था, इसलिए उसने उस समय कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई, इसलिए कथित व्यक्ति ऋषि कुमार, जो एक शिक्षक है, की काउंसलिंग की गई और उसे घर वापस भेज दिया गया।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

**कार्य का नाम और इसकी स्थितिः 22-RI-SRDEE-G-DLI-2025-26**
दिल्ली मंडल पर दिल्ली राज्य क्षेत्र (डीयूके सेक्शन, नोली-एसएमक्यूएल सेक्शन, एसएसबी-बीटीआई सेक्शन, एमटीसी-एसआरई सेक्शन और डीईई-आरई सेक्शन से बाहर एचटी/एलटी भूमिगत केबल की खराबी का पता लगाने और सुधार के संबंध में विद्युत कार्य।)

**निविदा की अनुमानित लागतः** रु.70,61,917.00

**कार्यालय का पताः** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली

**बयाना राशिः** रु.1,41,200.00

**निविदा निवेदन की दिनांक व समयः** 27.10.2025, 16:00 बजे

**निविदा खोलने की दिनांक व समयः** 27.10.2025, 16:00 बजे

**वेबसाइट व नोटिस बोर्डः** www.ireps.gov.in वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, नई दिल्ली।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3052/25


# दशहरा पर रहेंगे सुरक्षा के कड़े इंतजाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दशहरा के लिए दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। भीड़ नियंत्रण के लिए योजना बनाई गई है रामलीला समितियों को पुतला दहन स्थल पर घेरा बनाने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस और अर्धसैनिक बल तैनात रहेंगे ड्रोन से निगरानी की जाएगी और सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। लीला स्थलों तक वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगी।

दो अक्टूबर को दशहरा के लिए दिल्ली पुलिस ने तैयारी कर ली है। पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए रणनीति बनाई है। वहीं, रामलीला समितियों को कहा गया है कि जहां पर पुतले जले, वहां पर एक घेरा बनाना है। ताकि कोई आम व्यक्ति दहन के वक्त पुतले के पास नहीं जाए। पुलिस को लगेगा भीड़ अधिक हो रही है, हादसा हो सकता है तो दशहरा उत्सव में लोगों का प्रवेश बंद कर देगी। ड्रोन से आसमान से निगरानी की जाएगी। रामलीला स्थलों पर जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। पुलिस नियंत्रण कक्ष से निगरानी कर रही है। पीसीआर भी स्थलों पर तैनात रहेगी। दशहरा उत्सव में भीड़ जुटेगी। ऐसे में लीला स्थल तक किसी को वाहन नहीं ले जाने दिया जाएगा। लोग अपने वाहनों को दूर खड़ा करें।

# कार्यस्थल पर बढ़ रहे यौन उत्पीड़न के मामले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के मामले बढ़ रहे हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के अनुसार २०१३ के कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम के तहत की गई शिकायतों बढ़ोतरी हो रही है। जो २०१३-१४ की १६१ से बढ़कर २०२२-२३ में १,१६० हो गई है। है। हालांकि सच्चाई यह है कि यह संख्या वास्तविक घटनाओं से बहुत कम है।

इस सब के बीच दिल्ली सरकार ने अपने सभी डीएम को निर्देश दिए हैं कि वे इस बात का सर्वे कराएं कि निर्धारित संख्या वाले कार्य स्थलों पर क्या ऐसे मामलों की जांच के लिए समितियां बनाई गई हैं। अगर समितियां नहीं बनाई गई हैं तो कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सरकार के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास विभाग ने कुछ समय पहले एक आदेश जारी किया था। जिसमें जिलाधिकारियों से यह सर्वेक्षण करने को कहा गया है कि शहर में निजी और सार्वजनिक दोनों क्षेत्रों के कितने संगठनों ने कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न रोकने के लिए समितियां बनाई हैं, जो कि एक अनिवार्य कदम है। इसके बाद अब श्रम विभाग ने अपने अधिकारियों से जिलावार संगठनों की सूची डीएम के साथ साझा करने को कहा है, जो समितियों के गठन की जांच के लिए सर्वेक्षण करेंगे। यह डेटा १० दिनों के भीतर साझा किया जाना है। यह कदम महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा १९ सितंबर को श्रम आयुक्त को लिखे गए एक पत्र के बाद उठाया गया है, जिसमें कहा गया था कि जिला मजिस्ट्रेटों को पीओएसएच अधिनियम २०१३ के कार्यान्वयन के लिए एक सर्वेक्षण करना आवश्यक है। १२ अगस्त, २०२५ को, सर्वोच्च न्यायालय ने आदेश दिया था कि सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा छह सप्ताह के भीतर ऐसे सर्वेक्षण किए जाएं।

कार्यस्थल (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, २०१३ के अनुसार, १० या अधिक कर्मचारियों वाले नियोक्ता को कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की शिकायतों के समाधान के लिए एक आंतरिक शिकायत समिति (आइसीसी) का गठन सुनिश्चित करना होगा। यह समिति, जिसकी अध्यक्षता एक वरिष्ठ महिला कर्मचारी करेगी, शिकायतों की जांच करने, उचित कार्रवाई की सिफारिश करने और पूरी प्रक्रिया के दौरान गोपनीयता सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार होगी। यदि किसी कार्यस्थल पर कोई आंतरिक शिकायत समिति गठित नहीं की गई है, तो श्रम विभाग को कार्रवाई करनी होगी।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना संख्या : SRDEE-TRD-IZN-2025-26-T17, Date 30.09.2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई-निविदा आमंत्रित करते हैं :

**क्र. सं. :** 1, **कार्य का नाम :** इज्जतनगर मंडल के विभिन्न लोकेशनों पर रावये (एलएचएरा) के निर्माण के दौरान ओएचई संबंधी कार्य, **टेंडर रिफरेंश नं. :** SRDEE-TRD-IZN-2025-26-T17, **कार्य का अनुमानित लागत :** रु.35,60,591.64, **अमानत राशि/बिड सिक्यूरिटी :** रु. 71,200.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** रु. 00, **निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय :** 24.10.2025 11:00 बजे, **कार्य पूरा करने की अवधि :** 15 माह।

• खुली ई-निविदा दिनांक 24.10.2025 को 11:00 बजे तक जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी
मुजाधि/विद्युत-152 पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें



**उत्तर रेलवे**

टेंडर नोटिस सं. 50/2025-2026 दिनांकः 01.10.2025

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदों के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र.सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 08255536 | नॉन मैटेलिक (एफ आर पी) कलर लाइट | 1420 नग | 27.10.25 |
| 02 | 16250242A | किट फॉर 6 इयरली शेडूल (विदआउट इंटरकूलर) फॉर एलजी | 62 सेट | 27.10.25 |
| 03 | 08255201 | सप्लाई ऑफ इलेक्ट्रोनिक्स फॉर फैल सेफ | 8 पेयर्स | 28.10.25 |
| 04 | 19250632 | इलास्टिक रिंग एक्ताथान रिंग फॉर डब्लू ए जी-9 | 576 नग | 30.10.25 |
| 05 | 16250067 | क्रैंक शाफ्ट असमली फॉर गार्डनर डेनवर | 30 नग | 30.10.25 |
| 06 | 07250999A | हाई कैपेसिटी थर्माप्लास्टिक पौलिएस्टर एलस्टमोर उप्पर वॉशर | 33446 नग | 30.10.25 |
| 07 | 16255014 | डायनामिक ब्रैकिंग फैन असेंबली | 10 नग | 03.11.25 |
| 08 | 07250463 | ओवर हाउसिंग किट फॉर ब्रेक सिलिंडर पी बी इ सी | 1899 सेट | 15.12.25 |
| 09 | 07253462 | पैड फॉर सेकेंडरी सस्पेंशन फॉर एल एच बी कोचेस | 8416 नग | 15.12.25 |

**निविदा शर्तेः-** 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी। 3041/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# मामूली विवाद में रिश्तों को किया तार-तार

## कूड़ा डालने को लेकर हुआ विवाद, भाई ने भाई को उतारा मौत के घाट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना बहादुरगढ़ क्षेत्र के गांव रहरवा में रिश्तो को तार तार कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां मामूली विवाद को लेकर एक सगे भाई ने अपने ही भाई को मौत के घाट उतार दिया। घटना की सूचना मिलते ही पूरे गांव में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।





मिली जानकारी के अनुसार विवाद की शुरुआत मंगलवार को हुई जब सुनील की बेटी राखी ने अपने चाचा वीरेंद्र के कूड़े के ढेर पर कचरा डाल दिया। इस मामूली बात पर वीरेंद्र और सुनील के बीच कहा. सुनी शुरू हो गई, जो जल्द ही एक खूनी संघर्ष में बदल गई। विवाद इतना बढ़ गया कि गुस्से में आकर आरोपी सुनील ने अपने भाई वीरेंद्र के सिर पर पीछे से कुल्हाड़ी से हमला बोल दिया। इतना ही नहीं, सुनील की पत्नी गुड्डों ने भी डंडा उठाकर वीरेंद्र पर ताबड़तोड़ वार किए। हमले में वीरेंद्र लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा।घायल वीरेंद्र को परिजन ने तुरंत अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए मेरठ के लिए रेफर कर दिया। लेकिन उपचार के दौरान वीरेंद्र की मौत हो गई। वीरेंद्र की मौत की खबर गांव पहुंचते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई और पूरे गांव में मातम का सन्नाटा पसर गया। हत्या को अंजाम देने के बाद आरोपी दंपति सुनील और गुड्डों फरार हो गए हैं। एएसपी विनीत भटनागर ने बताया कि यह घटना आपसी विवाद से उपजी है। मृतक के परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। पुलिस ने फरार आरोपी दंपति की तलाश शुरू कर दी है और गांव में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। यह घटना दिखाती है कि कैसे गुस्से पर नियंत्रण न होने के कारण पारिवारिक रिश्ते तबाह हो सकते हैं और एक छोटी सी बात भी एक बड़ी त्रासदी में बदल सकती है।

# एंटी रोमियो टीम ने मनचलों पर कसा शिकंजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ज़िलें में एंटी रोमियो टीम ने अभियान चलाया और महिलाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। मनचलों पर शिकंजा कसने के उद्देश्य से एंटी रोमियो टीम द्वारा स्कूल, पार्क और मंदिरो के बाहर अभियान चलाया गया। महिलाओं और छात्राओं से छेड़छाड़ या फब्तियां कसने वाले मनचलों पर शिकंजा कसने के उद्देश्य से एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह के निर्देशन में ज़िलें के थानो की एंटी रोमियो स्क्वाड टीम बुधवार को सक्रिय दिखी। एंटी रोमियो स्क्वाड टीम ने शहर के स्कूल, पार्क और मंदिरों के बाहर अभियान चलाया। टीम ने स्कूलों में छात्राओं से बात कर उन्हें हेल्प लाइन नंबरों और अपराध से लड़ने के संबंध में जागरूक किया। एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह द्वारा पार्क, सार्वजनिक स्थान, स्कूल, कालेज के साथ ही मिश्रित आबादी वाले इलाकों में एन्टी रोमियों टीम को भ्रमण कर मनचलों पर शिकंजा कसने के निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत एंटी रोमियो टीम द्वारा स्कूलों के आसपास मंडराने वाले संदिग्ध युवकों को डांट फटकार लगाई गई। पार्क और बाग-बगीचों में टहलने जाने वाली महिलाओं या युवतियों पर फब्तियां करने वाले बिगड़ैल युवक इस दौरान गायब दिखे। मनचलों में एंटी रोमियो स्क्वायड टीम की दहशत देखने को मिली।



# कैंटर की टक्कर से महिला की मौत, परिजनों ने शव रखकर रोड़ किया जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना धौलाना क्षेत्र में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है। जहां पर एक तेज रफ़्तार कैंटर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार महिला की मौके पर ही मौत हो गई जबकि महिला का पति और बेटी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना से गुस्साए ग्रामीण और परिजनों ने महिला के शव को सड़क पर रखकर जमकर हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों और परिजनों को किसी तरह समझा बुझाकर मामले को शांत कराया।

मिली जानकारी के अनुसार धौलाना निवासी देवेंद्र प्रजापति अपनी बेटी छवि के इलाज के लिए अपनी पत्नी मोनिका के साथ बाइक पर सवार होकर गुलावठी जा रहे थे। जैसे ही वह धौलाना-गुलावठी मार्ग पर करनपुर रोड के पास पहुँचे इसी दौरान पीछे से आ रहे एक तेज रफ़्तार केंटर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मोनिका ट्रक के पहिए के नीचे आ गईं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उनके पति देवेंद्र और बेटी छवि सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही मृतका के परिजन और स्थानीय ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर पहुँचे। गुस्साए लोगों ने महिला के शव को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया. इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने पीड़ित परिवार के लिए उचित मुआवजे की मांग की। जाम के कारण मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। पुलिस अधिकारियों को ग्रामीणों को शांत करने में कई घंटों की मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ट्रक को कब्जे में ले लिया है और चालक को हिरासत में ले लिया गया है। थाना प्रभारी नीरज कुमार ने पीड़ित परिवार को मदद का भरोसा दिलाया है और आगे की विधिक कार्रवाई जारी है। स्थानीय लोगों ने इस मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था की कमी पर गहरी चिंता जताई है उनका कहना है कि धौलाना-गुलावठी मार्ग पर अक्सर तेज रफ्तार वाहन चलते हैं। सड़कों पर सुरक्षा इंतजाम न होने के कारण हादसों का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से इस मार्ग पर स्पीड कंट्रोल और अन्य सुरक्षा उपाय करने की मांग की है।



# गढ़मुक्तेश्वर में अवैध प्लाटिंग के काले कारोबार का खेल जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर में रेलवे स्टेशन रोड पर कृषि भूमि को अवैध रूप से आवासीय प्लॉटों में बदलकर बेचने का कारोबार तेज़ी पर है। डीलर सस्ते दामों पर कृषि भूमि खरीदकर, उसे बिना आबादी दर्ज कराए प्लाटिंग कर रहे हैं, जिससे लाखों की जमीन को करोड़ों में बेचकर भारी मुनाफा कमाया जा रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार कृषि भूमि को अवैध रूप से प्लाटों में बदला जा रहा है। लगभग पाँच बीघा कृषि जमीन पर प्लाटिंग हो चुकी है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्लाटिंग का कार्य शोएब आलम और अनीश आलम द्वारा किया जा रहा है। इस अवैध कूाला. ेनी में भोली-भाली जनता ने प्लॉट खरीदकर अपनी बाउंड्री करा दी है, और कुछ स्थानों पर तो मकान भी बना डाले हैं। बरसात के कारण खाली प्लाटों में ऊँची-ऊँची झाड़ियाँ उग आई हैं। आरोप है कि प्रोपर्टी डीलर खरीदारों से सर्किल रेट से अधिक मनमाने रेटों पर जमीन बेचकर मोटी कमाई कर रहे हैं। एचपीडीए की कथित लाप. रवाही पर भी सवालिया निशान खड़े हो रहे है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इतने लंबे समय से यह अवैध प्लाटिंग हो रही है, लेकिन विभाग अंजान बना हुआ है और चेन की नींद सोता रहा है। न तो इसपर बाबा का बुलडोजर चला और न ही कोई कार्यवाही हुई, जबकि एचपीडीए सभी अवैध कॉलोनियों पर कार्यवाही करने की बात कर रहा है। सवाल यह है कि यह प्लाटिंग इतने दिनों तक उनकी नज़र से कैसे बची रही है। सम्बंधित मामले में एचपीडीए के जेई अजय सिंघल का कहना है कि विभाग द्वारा समय-समय पर कार्यवाही की जाती है। जो कॉलोनियाँ किसी कारणवश बच गई हैं, उन्हें चिन्हित कर जल्द ही कार्यवाही की जाएगी। एचपीडीए के आश्वासन के बावजूद, सवाल यह बना हुआ है कि जब तक विभाग कार्यवाही के लिए चिन्हित करेगा, तब तक कितने और लोग इस अवैध कारोबार का शिकार हो चुके होंगे।



# पुलिस मुठभेड़ में एक गोकश गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना सिम्भावली पुलिस की चेकिंग के दौरान गोकश बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया। जिसको पुलिस ने घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बदमाश के कब्जे से अवैध तमंचा मय जिंदा खोखा कारतूस, एक रस्सी व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद कर ली है।



गढ़मुक्तेश्वर सीओ स्तुति सिंह ने बताया कि थाना सिंभावली पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के गांव वैठ को जाने वाले रास्ते पर चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस को एक बाइक सवार आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने जब उसे रुकने का इशारा किया तो है पुलिस को देखकर भागने लगा। जब पुलिस टीम ने उसका पीछा किया तो उसने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में पुलिस की पर में गोली लगने से बदमाश घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक बदमाश की पहचान शाहरूख पुत्र नफीस निवासी ग्राम वैट थाना सिम्भावली जनपद हापुड के रूप में हुई है। सीओ स्तुति सिंह ने बताया गिरफ्तार किया गया आरा. ेपी शातिर किस्म का गौकश अपराधी है। जिसके खिलाफ जनपद हापुड़ में हत्या का प्रयास, गौवध अधिनियम, गैंगस्टर व आर्म्स एक्ट आदि से संबंधित करीब आधा दर्जन से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि घायल बदमाश को उपचार हेतु अस्पताल भिजवा दिया गया है और पुलिस द्वारा आगे की कार्यवाही की जा रही है।

# खुले में रखे ट्रांसफार्मर दे रहे हैं हादसों को दावत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** तहसील क्षेत्र के गांव झड़ीना मे बिजली विभाग की लापरवाही के चलते खुले में रखे ट्रांसफार्मर हादसों को दावत दे रहे हैं।

सड़क के किनारे लगे इन ट्रांसफार्मरों से कई बार हादसे हो भी हो चुके हैं। बरसात के दिनों में करंट का खतरा बन बना रहता है। इसके बावजूद बिजली विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है और उसके पास सुरक्षा के लिए लोहे की जाली तक नहीं लगाई है। जिससे इन ट्रांसफार्मर के आस पास के लोगों में हादसे को लेकर हमेशा भय बना रहता है। बिजली विभाग की लाप. रवाही के चलते ट्रांसफार्मर के चारों ओर का लोहे की जाली लगाने का आदेश प्रशासन दिया था। इसके बाद भी क्षेत्र में कई जगह ट्रांसफार्मरों के चारो ओर लोहे की जाली नहीं लगाई गई है। गांव झडीना समेत कई स्थानों पर ट्रांसफार्मर खुले में रखे हैं। इन ट्रांसफार्मरों पर लोहे की जाली न होने से हादसा हो सकता है। राहगिरो को मजबूरी में वहां से गुजरना पड़ता है। गर्मी के मौसम में ट्रांसफार्मरों से चिगारी निकलना व स्पार्किंग होना आम बात है। कभी कभी ट्रांसफार्मरों से निकलने वाली एक छोटी सी चिगारी भी बड़ा रूप ले सकती है। इसको लेकर लोगों में भय बना हुआ है। वही एसडीओ का कहना कि काफी ट्रांसफार्मरों पर लोहे की जाली लगाई गई है अगर कोई रह गया है तो उसमें भी लोहे की जाली जल्दी ही लगवा दी जाएगी।



# मंदिरों को निशाना बनाने वाले बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हाफिजपुर पुलिस की चेकिंग के दौरान बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दो बदमाश घायल हो गए। पुलिस ने दो घायल बदमाशों सहित तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है।

पिलखुवा सीओ अनीता चौहान ने बताया कि हाफिजपुर पुलिस टीम द्वारा बृजनाथपुर नहर पुल के पास चेकिंग की जा रही थी। तभी पुलिस ने एक आई- 20 कार को रुकने का इशारा किया तो कार सवारों ने पुलिस पर ८ायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में पुलिस की पैर में गोली लगने से दो बदमाश घायल हो गए। पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दो घायल सहित तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से दो अवैध तमंचे मय दो जिन्दा व दो खोखा कारतूस 315 बोर, थाना हाफिजपुर व बाबूगढ़ क्षेत्र स्थित मंदिरों से चोरी किए गए सोने के घंटो के टुकड़े, चोरी करने के उपकरण एक पाइप रिंच, एक पेंचकस व चोरी करने में प्रयुक्त आई-20 कार बरामद की है। पुलिस के मुताबिक बदमाशों की पहचान सद्दाम पुत्र शाहिद खान, आस मोहम्मद पुत्र मोहमद उमर और योगेश पुत्र प्रकाश के रूप में हुई है। सीओ अनीता चौहान ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश शातिर किस्म का अपराधी है, जिन पर करीब डेढ़ दर्जन से अधिक आपरा. धिक मुकदमे दर्ज हैं।

# अनियंत्रित होकर रजवाहे में गिरी कार, टला हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** धौलाना थाना क्षेत्र के गांव उदयरामपुर नगला में एक तेज रफ्तार इलेक्ट्रिक कार अनियंत्रित होकर हसनपुर रजवाहे में जा गिरी। कार में सवार तीन लोग पानी में फंस गए थे, लेकिन ग्रामीणों की तत्परता और साहस से तीनों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया और एक बड़ा हादसा टल गया।

जानकारी के अनुसार गाजियाबाद जिले के लोनी थाना क्षेत्र के गांव सकलपुरा निवासी मनोज कसाना अपने दो साथियों के साथ कार में सवार होकर गौतमबुद्ध नगर की ओर जा रहे थे। जैसे ही वह उदयरामपुर नगला गांव के पास हसनपुर रजवाहे की पटरी पर बनी पुलिया के पास पहुंचे इसी दौरान संतुलन बिगड़ गया और वह सीधे रजवाहे में जा गिरी। कार सवारों का शोर सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और बिना देर किए पानी में कूद गए। ग्रामीणों ने कार के दरवाजे खोलकर कार में ७से हुए लोगों को सकुशल बाहर निकाला। इसके बाद सामूहिक प्रयासों से वाहन को भी बाहर खींच लिया गया। गनीमत रही कि उस समय रजवाहे में पानी का स्तर कम था, जिससे बचाव कार्य आसान हो गया और कोई जनहानि नहीं हुई। घटना के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने प्रशासन से इस तरह के हादसों को रोकने के लिए सुरक्षा उपाय करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि रजवाहे पर बनी पुलिया संकरी और फिसलन भरी है, जिसके कारण आए दिन वाहन चालक संतुलन खो बैठते हैं। उन्होंने प्रशासन से पुलिया पर सुरक्षा के इंतजाम करने और बैरिकेडिंग लगाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं को रोका जा सके। ग्रामीणों ने जोर देकर कहा कि अगर समय रहते बचाव कार्य नहीं होता, तो यह हादसा गंभीर रूप ले सकता था। ग्रामीणों की सूझबूझ और तत्परता ने इस गंभीर दुर्घटना को एक सबक में बदल दिया है, जिससे अब प्रशासन पर सुरक्षा व्यवस्था सुधारने का दबाव बढ़ गया है।



# नियमों को ताक पर रख चल रहे है मेडिकल स्टोर्स, अधिकारी मौन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर सहित इलाके के अधिकांश मेडिकल स्टोर बगैर फार्मासिस्ट के ही संचालित किए जा रहे हैं। कई मेडिकल स्टोर तो ऐसे हैं, जिन्होंने अपने यहां फार्मासिस्ट की नियुक्ति तो दिखा रखी है, लेकिन वह कभी मौजूद नहीं मिलते हैं। इस प्रकार कई मेडिकल स्टोर पर अप्रशिक्षित लोग ही दवाएं देते हैं। ऐसे में डाटर के द्वारा पर्चे पर लिखित दवा मरीज को सही दवा नहीं मिल पाती। वही कई ऐसे हैं जो मेडिकल स्टोर को ही अपना क्लीनिक बना रखा है। ऐसे मेडिकल स्टोर मरीज की जान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।

सूत्रों का कहना है कि बिना फार्मासिस्ट के ही मेडिकल स्टोर संचालन की जानकारी स्वास्थ्य विभाग को लंबे समय से है, फिर भी सब जानते हुए भी उदासीन रवैया अपनाए हुए हैं। नगर सहित ग्रामीण इलाके में दर्जन भर से अधिक मेडिकल स्टोर्स हैं। कहने को तो मेडिकल स्टोर्स के संचालन के लिए डिग्री, डिप्लोमा, सर्टिफिकेट के आधार पर लाइसेंस जारी किए जाते हैं, लेकिन हकीकत इससे परे है। नगर के कुछ मेडिकल व्यवसायी नियमों को ताक में रखते हुए मेडिकल दुकानों का संचालन कर रहे हैं। बिना फार्मासिस्ट व जरुरी दस्तावेज के मेडिकल दुकान का व्यवसाय किया जा रहा है। मेडिकल की आड़ में यहां अवैध रूप से लोगों का इलाज किया जा रहा है। वही कई मेडिकलों में अपात्र व्यक्तियों को मेडिकल दुकान संभालने की जिम्मेदारी दे दी गई है, जिसे दवाइयों की जानकारी तक नहीं रहती है। इन मेडिकल स्टोर्स के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग की तरु से भी कोई कार्रवाई नहीं हो पा रही है। सूत्रों का कहना है कि नगर के कुछ मेडिकल स्टोर दूसरे के नाम के सर्टिफिकेट द्वारा जारी लाइसेंस से संचालित हो रहे हैं। मासिक या सालाना के आधार पर लाइसेंस के लिए लेन-देन होता है। पांच से दस हजार रुपए महीने में लाइसेंस उपलब्ध हो जाता है। स्वास्थ्य विभाग से जुड़े सूत्रों की माने तो नियमों की यहां धज्जियां उड़ाई जा रही है। बिना फार्मासिस्ट के मेडिकल दुकान संचालित नहीं होना चाहिए। मेडिकल संचालकों को दवाइयों का संधारण व क्रय-विक्रय के लिए लाइसेंस दिया गया है। अगर संचालकों द्वारा मरीजों का इलाज किया जा रहा है तो यह गलत है। इस तरह के मेडिकल स्टोर पर टीम के साथ छापा मारकर कार्रवाई की जाएगी। बिना पंजीकरण के मेडिकल स्टोर संचालित नहीं किया जा सकता है। हेमेंद्र चौधरी, औषधि निरीक्षक।

# दबंगों द्वारा परिवार को बंधक बनाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले में दबंगो द्वारा एक परिवार को बंधक बनाकर अवैध रूप से मकान पर कब्जा करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने पुलिस के उच्च अधिकारियों से मामले में दबंगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

बुधवार को नगर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी पीड़ित ने एसपी कार्यालय पहुंचकर एसपी को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसकी पत्नी ने 25 अप्रैल 2025 को गनी पुत्र अनवार निवासी मौहल्ला रफीक नगर को एक मकान का सौदा अंकन 19 लाख 10 हजार रूपये में किया था जिसकी बाबत एक 100 रूपये के स्टाम्प पर पीड़ित की पत्नी को झूठ बोलकर व बहला फुसलाकर एक रसीदनामा तैयार करा लिया तथा गनी व उसके भाई गुल्लू ने आपस मे साज करके उक्त रसीदनामें में 8 लाख रूपये देना तहरीर करा दिया, जिसकी जानकारी पीड़ित की पत्नी को नहीं थी। आरोप है कि 25 मई 2025 को पीड़ित की पत्नी को लोगो ने धमकी दी, कि तय अवधि पर 11 लाख 10 हजार रूपये देकर हम तुमसे बैनामा करा लेगे, जिसे सुनकर पीड़ित की पत्नी हक्का बक्का रह गयी। तुमने झूठ बोलकर रसीदनामा लिखाया है तुम हमारे पूरे पैसे दे दो हम तुम्हें बैनामा कर देगें, जिस कारण आरोपी गनी व गुल्लू पीड़ित व उसकी पत्नी से रंजिश रखने लगे। आरोप है कि 30 सितम्बर 2025 को समय करीब 9. 30 बजे गनी, गुल्लू, अब्दुल सलाम, वाहिद पुत्र अनवार व 2 अज्ञात व्यक्ति व 3 अज्ञात महिला जबरदस्ती पीड़ित के घर में घुस आये और उसकी पत्नी व उसके नाबालिग पुत्र को घर में बन्धक बना लिया। आरोप है कि आरोपी अब्दुल सलाम व वाहिद ने पीड़ित के पुत्र की कनपटी पर तमंचा रख दिया और पीड़ित की पत्नी को धमकी दी कि या तो आज बैनामा कर दे या 8 लाख रूपये जो रसीद में लिखाये है वो वापस कर दें। आरोप है कि जब उसकी पत्नी ने इस बात का विरोध किया तो दबंगों ने उसकी पत्नी के साथ लात घुसो स जमकर मारपीट की। आरोप है कि दबंगो ने आपसी साजिश करके पीड़ित की पत्नी व नाबालिग पुत्र को 8 घण्टे तक घर में बन्धक बनाकर रखा। पीड़ित ने एसपी को शिकायती पत्र देते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

## एक नजर

### महिलाओं पर अश्लील फब्तीयां करने वाला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत थाना पिलखुवा पुलिस की एन्टीरोमियो टीम ने लड़कियों व महिलाओं को देखकर अश्लील फब्तियाँ कसने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है। पिलखुवा थाना प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि शासन के निर्देशों के क्रम में महिलाओं एवं बच्चियों के साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम व महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान मिशन शक्ति फेज-5.0 के दृष्टिगत थाना पिलखुवा की एन्टीरोमियो टीम द्वारा लड़कियों व महिलाओं को देखकर अश्लील फब्तियाँ कसने वाले एक युवक को थाना क्षेत्र के रामलीला मैदान से गिरफ्तार किया गया है। युवक की पहचान जुनैद पुत्र इस्लामुद्दीन निवासी ग्राम मदापुर थाना पिलखुवा के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि जिले में महिला संबंधी अपराधों को लेकर लगातार पुलिस द्वारा अभियान चलाया जा रहा है और महिलाओं और लड़कियों के साथ होने वाले अपराधों में लिप्त आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई इसी तरह आगे भी जारी रहेगी।

### निजी दुकानों पर राशन बेच रहे अपात्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** तहसील क्षेत्र में कई व्यापारी माल की खरीद फरोख्त बिना मंडी शुल्क दिए ही कर रहे हैं। न तो मंडी विभाग इस तरफ ध्यान देकर कार्रवाई करता है, न ही तहसील प्रशासन में बैठे अधिकारी इस तरह के व्यापारियों पर कार्रवाई करते हैं।

कई व्यापारी ऐसे हैं, जो व्यापारी मंडी शुल्क जमा किए ही दूसरे जनपदों में वाहनों में सामान को लादकर भेज रहे हैं। इस तरफ स्थानीय तहसील प्रशासनिक अधिकारी और मंडी के अधिकारी कार्रवाई नहीं कर पा रहे हैं। जिसके चलते सरकारी राजस्व को भी भारी नुकसान पहुंचाया जा रहा है। नगर में गेहूं चावल समेत अन्य वस्तुओं की खरीद फरोख्त करने वाले एजेंट मंडी शुल्क को जमा करने से बचते हैं। जबकि शासन के सख्त आदेश हैं, सब्जी, फल समेत अव्य वस्तुओं को जब अन्य जनपद में भेजा जाए तो उस पर मंडी शुल्क अवश्य लगाएं। लेकिन गढ़ क्षेत्र की बात की जाए तो रोजाना दर्जनों ट्रक बिना मंडी शुल्क जमा किए ही निकल जाते हैं। इस तरफ कोई भी ध्यान नहीं देता है। जबकि कई टन माल बिना मंडी शुल्क दिए ही यहां से जा रहा है। हजारों ऐसे अपात्र कार्ड धारक हैं, जो सरकारी राशन का लाभ ले रहे हैं। गेहूं तो उपयोग में ले रहे हैं, लेकिन चावल को निजी दुकानों पर जाकर बेच रहे हैं। वहीं कुछ व्यापारी ऐसे हैं, जिनको गढ़ से लोड करने के बाद कचरी या अन्य फ्लोर मिल में भेजते हैं। लेकिन आपूर्ति विभाग द्वारा ऐसे कार्ड धारकों पर कार्रवाई नहीं हो रही है। इस संबंध में एसडीएम राम यादव ने बताया कि ऐसे लोगों की जांच की जाएगी, और अपात्र कार्ड धारकों के सत्यापन के के लिए पूर्ति निरीक्षक को निर्देशित किया जाएगा।

### फर्जी तरीके से बैनामा करने वालों पर हुई धोखाधड़ी के आरोप में रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** जालसाजी के आधार पर कृषि भूमि का फर्जी ढंग में बैनामा करने वालों के विरुद्ध न्यायालय के आदेश पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज हुआ। जिसमें तत्कालीन कानूनगो और पूर्व लेखपाल समेत नौ को आरोपी बनाया गया है।

विश्व हिंदू परिषद के पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह ने सीजीएम हापुड़ के माध्यम से गढ़ कोतवाली में धोखाधड़ी और जालसाजी का मुकदमा दर्ज कराया है। जिसमें उल्लेख किया है कि शीला गांव ईशापुर खानपुर, सुनीता, शशि, राहुल दौलतगढ़ जनपद बुलंदशहर, सुरेंद्र सिंह, सूर्या सिंह, सुनील गांव शाहपुर चौधरी, पूर्व लेखपाल धर्मपाल, गढ़ तहसील का तत्कालीन लेखपाल प्रवेश भटनागर और कपिल चौधरी, तत्कालीन लेखपाल मोहित यादव ने उनके दिवंगत पिता डालचंद के नाम वाली कृषि भूमि को जालसाजी और फर्जीवाड़े के द्वारा धोखाधड़ी से बेच दिया है। अनुसूचित वर्ग से होने के बाद भी कृषि भूमि को सामान्य वर्ग से जुड़े सूर्या सिंह के नाम बैनामा करा दिया, जिसके लिए कलक्टर की अनुमति भी नहीं ली गई। सीओ स्तुति सिंह का कहना है कि सीजीएम के आदेश पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर विवेचना कराई जा रही है, जिसमें दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस ने सात चोरों को पकड़ा

■ पांच लाख का कॉपर बरामद, मोजर बेयर कंपनी से की थी चोरी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा स्थित मोजर बेयर कम्पनी से व्हाईट कॉपर का कीमती सामान चोरी करने वाले 7 चारों को थाना सूरजपुर पुलिस ने आज गिरफ्तार किया है। अभियुक्त बंद पड़ी कंपनियों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने में माहिर है। पुलिस ने चोरों के कब्जे से 5 लाख रुपए का व्हाईट कॉपर, घटना में प्रयुक्त पिकअप बुलेरो व इनोवा कार बरामद किया है।

थाना सूरजपुर के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि लोकल इंटेलिजेंस व इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की सहायता से मोजर बेयर कम्पनी से व्हाईट कॉपर का कीमती सामान चोरी करने वाले अभियुक्त गणेश पटेल पुत्र कांजी पटेल, इनामुल्लाह पुत्र मौ. हुसैन, बबलू पुत्र इस्लाम खान, रहमत अली पुत्र लियाकत अली, शरातुल्ला पुत्र हिदायतुल्ला, सलामुल्ला पुत्र शमशाद तथा योगेश पुत्र राजवीर को आशियाना आर्चिड्स गोलचक्कर के पास से गिरफ्तार किया गया है।

उन्होंने बताया कि अभियुक्तों द्वारा बन्द पड़ी मोजर बेयर कम्पनी में दीवार कूदकर उक्त सामान चोरी की गयी, जिसमें अभियुक्तों द्वारा कॉपर का कीमती सामान चोरी किया गया। अभियुक्त उक्त सामान को चोरी करने के बाद बेचने के लिए पिकअप बुलेरो महिन्द्रा गाड़ी में भरकर ले जा रहे थे तथा मौके पर अभियुक्त अपनी अन्य कार इनोवा टोयोटा से आये थे। उन्होंने बताया कि एक सूचना के आधार पर अभियुक्तों की गिरफ्तारी चोरी की माल सहित की गई है।

## घर में घुसकर युवक पर चाकू से हमला

**नोएडा।** नयागांव में मंगलवार दोपहर घर में घुसकर तीन लोगों ने युवक पर चाकू से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पीड़ित अख्तर हुसैन ने पुलिस को बताया कि 30 सितंबर की दोपहर करीब ढाई बजे वह कमरे पर था। तभी गांव निवासी रिजवान, इबरार और उसका भाई इसरार जबरन घर में घुस आए। आरोपियों ने पुरानी रंजिश के चलते चाकू से हमला कर दिया। एक चाकू युवक के गले पर लग गया। इससे लहूलुहान हालत में वह जमीन पर गिर गया।

आरोपी उसे मरा समझकर भाग गए। स्थानीय लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। होश में आने पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर तीन लोगों को नामजद करते हुए मुकदमा दर्ज किया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# न्यू नोएडा के लिए तय होगी मुआवजा दर

## डीएम के साथ प्राधिकरण करेगा बैठक, 209 वर्ग किमी में बसना है नया शहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** न्यू नोएडा के लिए 80 गांवों को अधिसूचित किया जा चुका है। यहां निर्माण के लिए प्राधिकरण से अनुमति लेनी होगी इसका नोटिफिकेशन जारी हो चुका है। अब जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया की जाएगी। सवाल ये है कि यहां किसानों को किस दर से मुआवजा दिया जाए। इसके लिए डीएम के साथ नोएडा प्राधिकरण की एक बैठक होगी। इस बैठक में मुआवजा दर तय की जाएगी। बता दे यहां जमीन किसानों से आपसी सहमति के आधार पर ली जाएगी। इसके लिए प्राधिकरण एक सलाहकार कंपनी का चयन भी कर चुका है।

प्राधिकरण ने बताया कि न्यू नोएडा में जमीन अधिग्रहण के लिए क्राइटेरिया तय होना बेहद जरुरी है। इसी के लिए डीएम के साथ बैठक होगी। मसलन इन गांवों की जेवर एयरपोर्ट से कितनी दूरी है। यहां जमीन की उपयोगिता क्या है। इसके अलावा कई ऐसे गांव है जो ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र के नजदीक है। बुलंदशहर के गांवों का सर्किल रेट क्या है। इन सभी को मिलाकर एक निर्णय लिया जाएगा। इन बातों का ध्यान रखकर और हाल ही में नए शहर को बसाने में किसान हितों का ध्यान रखते हुए ही मुआवजा की दर तय की जाएगी।

**गांवों के प्रधानों से की जा रही बातचीत:** न्यू नोएडा करीब 209 वर्ग किमी का बसाया जाना है। इसके लिए ईस्टर्न पेरिफेरल्स एक्सप्रेस के साथ जहां जीटी रोड अलग होती है। सबसे पहले वहां से लगे गांव की जमीन का अधिग्रहण शुरू किया जाए। इस गांव में जोखा बाद, सांवली भी आता है। इन गांवों के प्रधान से बातचीत की गई। यहां आपसी समझौते के आधार पर जमीन किसानों से खरीदी जाएगी। इसके अलावा जोखा बाद और ग्राम सांवली में ही डीएनजीआईआर (न्यू नोएडा) का अस्थाई कार्यालय बनाया जाएगा।

**पहले फेज में 15 गांव शामिल:** सबसे पहले 15 गांवों की जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा। जबकि न्यू नोएडा को 80 गांवों की जमीन पर बसाया जाएगा। प्रत्येक गांव में करीब 200 किसान परिवार है। यानी कुल 16 हजार किसान परिवार है। जिनके साथ बैठक की जाएगी। पहले फेज में 3165 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण किया जाना है। ऐसे में किसानों के साथ भी आज पहली बैठक की गई।

**इन चार फेज में बसेगा शहर:** न्यू नोएडा 209.11 वर्गकिमी में यानी 20 हजार 911.29 हेक्टेयर में बसाया जाएगा। इस मास्टर प्लान को चार फेज में पूरा किया जाएगा।

2023-27 तक इसके 3165 हेक्टेयर को विकसित किया जाएगा। इसी तरह 2027 से 2032 तक 3798 हेक्टेयर एरिया को विकसित किया जाएगा। इसके बाद 2032-37 तक 5908 हेक्टेयर और अंत में 2037-41 तक 8230 हेक्टेयर जमीन को विकसित करने का प्लान है।

## शहीद सुरेश भाटी के नाम पर होगा गोलचक्कर

**नोएडा।** डाढ़ा गोल चक्कर का नाम शहीद सुरेश सिंह भाटी के नाम पर रखने की मांग को लेकर तीन अक्टूबर को होने वाले धरने को फिलहाल स्थगित कर दिया। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर वायदा खिलाफी होती है तो शहीद की पत्नी एक महीने के बाद आमरण अनशन पर बैठेंगी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने वार्ता के दौरान ग्रामीणों को उनकी मांग पूरी करने का आश्वासन दिया।

सदर तहसील के डाढ़ा गांव के पवन भाटी ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को पत्र देकर डाढ़ा गोल चक्कर से हायर कंपनी को जोड़ने वाली 60 मीटर रोड और गोल चक्कर का नाम शहीद सुरेश भाटी के नाम पर रखने की मांग की थी। प्राधिकरण ने ऐसा नहीं किया। शहीद की पत्नी सरोज देवी ने वायदा खिलाफी का आरोप लगाते हुए तीन अक्टूबर को धरने पर बैठने की घोषणा की थी।

# फ्लैट में लगी आग, 15 साल का बेटा फंसा

■ मम्मी-पापा दुकान पर गए थे, पड़ोसियों ने दरवाजा तोड़कर निकाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में एक फ्लैट में भीषण आग लग गई। आग में 15 साल का लड़का फंस गया। पड़ोसियों ने दरवाजा तोड़कर उसे सुरक्षित बाहर निकाला। वहीं, घर में रखा कॉस्मेटिक का सामान जलकर राख हो गया।

आग बुधवार सुबह बजे बिल्डिंग के पांचवें फ्लोर पर लगी। घर में बेटा अकेला था। उसके मम्मी-पापा दुकान पर गए थे। शुरुआती जांच में एसी में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगनी बताई जा रही है। बिसरख थाना क्षेत्र स्थित वृंदावन गार्डन सोसाइटी की है।

वृंदावन गार्डन सोसाइटी की में हरीश कालरा का अपना मकान है। वह बिल्डिंग के पांचवें फ्लोर पर रहते हैं। हरीश कालरा ने बताया कि घर से 3-4 किलोमीटर दूर मेरी कॉस्मेटिक की दुकान है। बुधवार को पूजा करने के बाद करीब 10 बजे मैं और मेरी पत्नी दुकान पर चले गए। 11 बजे सूचना मिली कि घर में आग लग गई है। हम लोग वहां से आए तो देखा घर से आग लपटें और धुआं निकल रहा था। मेरे बेटे को पड़ोसियों ने दरवाजा तोड़कर बाहर निकाल लिया था। घर में कॉस्मेटिक का सामान रखा था। उसी वजह से आग ज्यादा से ज्यादा फैलती चली गई।

**आग की लपटें देख पहुंचे पड़ोसी:** पड़ोसियों ने बताया कि सुबह करीब 11 बजे फ्लैट से धुआं और लपटें उठती दिखाई दीं। धुआं देखकर हम लोगों ने शोर मचाया। मौके पर जाकर घर का दरवाजा खटखटाया। लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं आया। काफी देर तक दरवाजा पीटते रहे।

इसके बाद हम लोगों ने दरवाजा तोड़ दिया। पूरे मकान में धुआं भरा था। आग की लपटें उठ रही थी। उसमें फंसे बच्चे को किसी तरह बाहर निकाला। घटना की सूचना दमकल विभाग को दी गई। दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि, तब तक फ्लैट में रखा लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया था।

**आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं:** आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है, लेकिन शुरुआती जांच में एसी में शॉर्ट सर्किट को वजह बताया जा रहा है। जिला दमकल अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही दमकल की दो गाड़ियां मौके पर भेजी गईं और आग बुझाई गई।

आग लगने के वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है। वहीं, सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि शाहबेरी स्थित एक फ्लैट में आग लगने की सूचना मिली। आग को फायर ब्रिगेड की मदद से बुझा दिया गया है। फ्लैट के अंदर एक रूम में कॉस्मेटिक का सामान रखा हुआ था, जो जल गया है। फ्लैट के मंदिर में दीपक जल रहा था, जिससे आग लगना प्रतीत हो रहा है।

## गाली-गलौज के विरोध पर मारपीट

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के दूबली गांव में गाली-गलौज का विरोध करने पर मारपीट हुई है। इस घटना में एक पक्ष के तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस-केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, दूबली गांव निवासी सुनील ने शिकायत दर्ज कराई है कि बुधवार को वह अपने घर के बाहर बैठे थे। तभी गांव के सोनू, मोंटी, मोनू और सीमा नामक महिला ने उनके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। बीच-बचाव करने आई सुनील की बहन सपना और बेटे विकास के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। इस घटना में सुनील, सपना और विकास घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## एक नजर

### रावण ने नहीं माना कुंभकरण का प्रस्ताव, हुआ मेघनाथ का वध

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** श्री सनातन धर्म रामलीला समिति के तत्वाधान में हरि भक्ति कला ट्रस्ट द्वारा आयोजित रामलीला का भव्य मंचन नोएडा स्टेडियम में संपन्न हुआ। इस भक्ति और सांस्कृतिक आयोजन का निर्देशन प्रसिद्ध निर्देशक पंकज शर्मा द्वारा किया गया। रामलीला की प्रस्तुति में कुंभकरण वध, मेघनाथ वध, सुलोचना सती, नारांतक वध तक की लीलाओं का सुंदर और प्रभावशाली मंचन किया गया। मंचन की शुरुआत कुंभकरण को निंद्रा से जगाने से हुई, तत्पश्चात कुंभकरण ने रावण की संधि करने के लिए समझाया परन्तु रावण ने अस्वीकार कर दिया और श्रीराम और कुंभकरण युद्ध में कुंभक का वध हुआ, मेघनाद अपनी शक्ति अर्जित करने के लिए निकुंभला देवी के मंदिर में पूजा करने हेतु निकला परन्तु वहां पर लक्ष्मण जी ने हनुमान एवं सेना सहित जाकर उसके हवन को खंडित कर दिया और मेघनाद का वध कर दिया, सुलोचना को मेघनाद की भुजा ने आकर सारा हाल बताया, पति की मृत्यु से आहत सुलोचना अपने पति का शीश लेना रामदल में पहुंची, रावण ने नृतक को युद्ध के लिए भेजा परन्तु सुग्रीव पुत्र दधिबल ने उसका भी वध कर दिया।

### ऑटो रिक्शा ने टीचर को टक्कर मारी, गंभीर रूप से घायल को आईसीयू में कराया भर्ती

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** ग्रेटर नोएडा में एक तेज रफ्तार ऑटो रिक्शा ने बाइक सवार शिक्षक को टक्कर मार दी। रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के कलूपुरा गांव के पास हुई इस घटना में शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, कलूपुरा गांव निवासी प्रदीप शर्मा स्थानीय स्कूल में शिक्षक हैं। बुधवार सुबह प्रदीप अपनी स्प्लेंडर बाइक से स्कूल जा रहे थे। इसी दौरान भीकनपुर पुलिया के पास एक तेज रफ्तार ऑटो रिक्शा ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी।

हादसे में प्रदीप गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने उन्हें ग्रेटर नोएडा के अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित के भाई अजय शर्मा की तहरीर पर पुलिस ने ऑटो रिक्शा चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### वाहनों के चालान से भरी सरकारी झोली, एक माह में तीन करोड़ की वसूली

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** जिले में कमियों के साथ और नियमों का उल्लंघन कर दौड़ रहे वाहनों पर परिवहन विभाग की प्रवर्तन टीम की कार्रवाई लगातार जारी है। पिछले माह यानी अक्तूबर में सिर्फ 27 दिनों के भीतर 2905 वाहनों के चालान किए गए हैं। जिनसे करीब एक करोड़ रुपये से अधिक जुर्माना वसूला गया है। परिवहन विभाग के अनुसार पूरे महीनेभर में या आकड़ा 3 हजार तक पहुंच गया, जिससे कुल एक करोड़ से ज्यादा का जुर्माना वसूला गया। बता दें, परिवहन विभाग की प्रवर्तन टीम रोजाना अवैध रूप से दौड़ रहे वाहनों पर लगातार कार्रवाई करती रहती है, ताकि सड़क सुरक्षा को बेहतर बनाया जा सके और हर प्रकार के वाहन चालक सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करें। जिन वाहनों के चालान किए उनमें से या तो वह ओवरलोड थे, या फिर उनकी अवधि समाप्त हो चुकी थी, फिर भी चलन में पाए गए।

### कई साल से कोशिश के बाद भी नोएडा डिपो को नहीं मिला एसी प्रतीक्षालय

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** मोरना स्थित नोएडा डिपो में कई साल की कोशिश के बाद भी एसी प्रतीक्षालय नहीं शुरू हुआ है। अभी चारों ओर से खुला प्रतीक्षालय है, जिसमें यात्रियों के लिए सर्दी और गर्मी से बचने की सुविधा नहीं है। अधिकारियों के अनुसार प्रतीक्षालय के लिए प्रयास किया जा रहा है। नोएडा डिपो में रोजाना बड़ी संख्या में यात्री पहुंचते हैं। यात्रियों को बसों का इंतजार भी करना पड़ता है लेकिन उनके लिए सुविधाजनक प्रतीक्षालय नहीं है। डिपो में काफी पुराना एक प्रतीक्षालय है, जिसमें सुविधाएं नहीं है। प्रतीक्षालय एक छोटे हॉल की तरह है, जो चारों ओर से खुला हुआ है। ऐसे में सर्दी और गर्मियों में यात्रियों को दिक्कत का सामना करना पड़ता है। छिजारसी निवासी मोनू ने कहा कि बस के इंतजार की स्थिति में दिन में तेज हवा चलने पर प्रतीक्षालय में धूल के कारण परेशान होना पड़ता है। सेक्टर 11 निवासी संजीव ने कहा कि प्रतीक्षालय का बेहतर होना जरूरी है।

# भंगेल एलिवेटेड रोड अक्टूबर में जनता के लिए तैयार

**नोएडा।** दिवाली की तैयारियों के बीच नोएडावासियों को बड़ी सौगात मिलने वाली है। लंबे इंतजार के बाद भंगेल एलिवेटेड रोड जनता के लिए अगले 10 दिनों में खोलने की संभावना है। नोएडा प्राधिकरण ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से दोनों परियोजनाओं के उद्घाटन के लिए समय मांगा है। इस रोड के खुलने से शहर के कई इलाकों के बीच आवाजाही आसान होगी और ट्रैफिक जाम की समस्या कम होगी।

भंगेल एलिवेटेड रोड, दादरी-सूरजपुर-छलेरा (डीएससी) मार्ग पर बनाया गया है। सेक्टर-41 आगाहपुर से लेकर फेज-2 नाले तक यह मार्ग सूरजपुर, ग्रेटर नोएडा और दादरी की ओर आने-जाने वालों के लिए सुविधाजनक साबित होगा। जून 2020 में शुरू हुए इस प्रोजेक्ट के निर्माण का अधिकांश काम पूरा हो चुका है। केवल लाइट लगाना और कुछ छोटे काम अंतिम चरण में बचे हैं।निर्माण के दौरान भुगतान को लेकर विवाद भी सामने आया। यूपी राज्य सेतु निगम ने नोएडा अथॉरिटी पर 150 करोड़ रुपये बकाया होने का आरोप लगाया। कई नोटिस भेजने के बावजूद उत्तर न मिलने पर निगम ने मामले को हाईकोर्ट में ले जाने का फैसला किया। निगम ने कोर्ट से मध्यस्थ नियुक्त करने की मांग की है। सुनवाई अक्टूबर में होने की संभावना है।

**अधूरे पड़े काम और अतिरिक्त धन की मांग:** भुगतान विवाद के चलते एलिवेटेड रोड के नीचे सर्विस रोड और नालियों का निर्माण अधूरा पड़ा है। सेतु निगम ने कहा कि बढ़े खर्च के कारण इन कार्यों को पूरा करना संभव नहीं है। इसके लिए नोएडा अथॉरिटी से 25 करोड़ रुपये अतिरिक्त धन की मांग की गई है।

# नोएडा पुलिस ने मिशन शक्ति पांच के तहत बहादुर और समाजसेवी महिलाओं को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति- 5 के तहत बुधवार को गौतमबुद्ध नगर कमिश्नरेट पुलिस ने उन महिलाओं को सम्मानित किया जो समाज में बहादुरी का कार्य करने, दिशा से भटके लोगों को समाज की मुख्य धारा में लाने, अपराधियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई में मदद करने और महिलाओं को शिक्षित करने में जुटी हैं। इस मौके पर लगभग 50 महिलाओं को आज सम्मानित किया गया।

अपर पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था राजीव नारायण मिश्र ने बताया कि समाज सेवा, शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाने, पीड़ित महिलाओं की मदद करने, अपराधियों के खिलाफ



पुलिस की कार्रवाई में मदद करने सहित विभिन्न सामाजिक कार्य करने वाली बहादुर महिलाओं कोआज सम्मानित किया गया है । जिसमें मुख्य रूप से रीना भाटी, ममता शर्मा, नीलम भाटी, सपना नागर, पूनम, साधना, सरोजिनी रानी, सुनीता, कौशल, बिना, दीपेश, मिथिलेश, गीता, नीतू, बबीता, दीपिका, मनु, शैली, सीमा,शकुंतला देवी, सुनीता, चंद्रा, रेखा शर्मा, वंशिका गुप्ता, समीम बानो, दीक्षा बंसल, दीपा देवी, जयंती, अनुष्का यादव, लगनी देवी, राधा देवी, ममता यादव, पूजा अवाना, मीनाक्षी त्यागी, स्वीटी त्यागी, पारुल, शिवानी नागर, दिशा नागर, चंचल भाटी आदि को सम्मानित किया गया है ।

उन्होंने बताया कि महिलाओं का सम्मानित करने का उद्देश्य है कि इससे प्रेरित होकर अन्य महिलाएं भी समाज में अच्छा कार्य करें। जिससे महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिले। उन्होंने सम्मान समारोह के दौरान मौजूद महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे समाज में अच्छा कार्य करें, और अन्य महिलाओं को अच्छा कार्य करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति राष्ट्र शक्ति है। उत्तर प्रदेश सरकार और गौतमबुद्ध नगर कमिश्नरेट पुलिस ने यह प्रण लिया है कि किसी महिला के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन स्त्री की सशक्त समाज और समृद्ध राष्ट्र का आधार बनेंगे। उन्होंने कहा कि हम प्रयास कर रहे हैं कि पुलिस कमिश्नरेट में हर बेटी, हर माता सुरक्षित हो।

# अंगद ने दी रावण को चुनौती हुआ मेघनाद व कुंभकरण का वध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** श्रीराम मित्रमंडल नोएडा रामलीला समिति द्वारा आयोजित रामलीला मंचन स्थल रामलीला मैदान सेक्टर-62 में दसवें दिन अंगद रावण से कहता है कि माता सीता को लौटा दो और प्रभु की शरण में आ जाओ लेकिन अहंकार वश रावण अंगद का उपहास उड़ाता है। तब अंगद अपना पैर रोपते हैं और कोई भी अंगद का पैर डिगा नहीं पाया।अंत में रावण उठता है और ज्योही अंगद का पैर पकड़ने उठता है अंगद कहते हैं कि अगर पैर पकड़ने हैं तो श्रीराम के पकड़ो।रावण लज्जित होता है और अंगद रामदल में पहुंच जाते हैं। श्रीराम सेना लंका पर आक्रमण कर देती है।रावण अपने पुत्र मेघनाद को भेजता है।

मेघनाद लक्ष्मण पर शक्ति से प्रहार करता है और लक्ष्मण मूर्छित हो जाते हैं।हनुमान जी सुषेन वैद्य को लाते हैं जो संजीवनी लाने को कहते हैं



। हनुमान संजीवनी लेने जाते हैं जिसे देख दर्शक प्रसन्नता से झूम उठते हैं ।संजीवनी से लक्ष्मण की मूर्छा खुलती है।

अगले दृश्य में मूर्छा टूटने के पश्चात लक्ष्मण मेघनाथ का वध करने की प्रतिज्ञा लेते हैं और राम से आशीर्वाद ले कर मेघनाथ से पुनः युद्ध के लिए जाते हैं। वध करने की प्रतिज्ञा लेकर लक्ष्मण जिस समय युद्ध भूमि में जाते समय श्रीराम उनसे कहते हैं- ष्लक्ष्मण, रण में जाकर तुम अपनी वीरता और रणकौशल से रावण-पुत्र मेघनाद का वध कर दोगे, इसमें मुझे कोई संदह नहीं है। परंतु एक बात का विशेष ध्यान रखना कि मेघनाद का मस्तक भूमि पर किसी भी प्रकार न गिरे। क्योंकि मेघनाद एकनारी-व्रत का पालक है और उसकी पत्नी परम पतिव्रता है। ऐसी साध्वी के पति का मस्तक अगर पृथ्वी पर गिर पड़ा तो हमारी सारी सेना का ध्वंस हो जाएगा और हमें युद्ध में विजय की आशात्याग देनी पड़ेगी।

श्रीराम जी बात सुनकर लक्ष्मण अपनी सैना लेकर चल पड़े। रणभूमि में उन्होंने वैसा ही किया। युद्ध में अपने बाणों से उन्होंने मेघनाद का मस्तक उतार लिया, पर उसे पृथ्वी पर नहीं गिरने दिया। हनुमान उस मस्तक को रघुनंदन के पास ले आये।तत्पश्चात मेघनाथ की पत्नी सुलोचना अपने पति का सर लेने के लिए श्रीराम शिविर में जाती है राम को जब यह पता चलता है तो वह स्वयं सुलोचना की से मिलने निकल पड़ते हैं और सुलोचना को विधि के विधान से अवगत कराते हैं।

मेघनाथ के वध के पश्चात रावण कुंभकर्ण को जगाता है ।कुभकरण के पराक्रम से राम सेना में खलबली मच जाती है तब भगवान श्रीराम बाणों से उस पर प्रहार करते है और कुंभकरण का वध कर देते हैं ।

# होश में आए लक्ष्मण हुआ मेघनाद व कुंभकर्ण का वध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** श्री राम लखन धार्मिक लीला कमेटी सेक्टर 46 के द्वारा बुधवार को रामलीला के शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सतीश पाल अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी नोएडा प्राधिकरण, महेंद्र प्रसाद ओएसडी नोएडा प्राधिकरण और देवेंद्र प्रताप सिंह ओएसडी द्वारा रामलीला का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम अध्यक्ष मनोज अग्रवाल सीएम डी प्रिया गोल्ड कार्यक्रम में अध्यक्ष के रूप में मौजूद रहे। इसके अलावा डीसीपी नोएडा यमुना प्रसाद, डीसीपी ट्रैफिक डॉक्टर प्रवीन रंजन सिंह, डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी, प्रदीप चौबे मुख्य अग्निशमन अधिकारी, प्रवीण कुमार सिंह एसीपी नोएडा, एसपी सिंह महाप्रबंधक सिविल, मौजूद रहे, वही अति विशिष्ट अतिथि के रूप में अनिल यादव राष्ट्रीय प्रवक्ता कांग्रेस, पखुडी पाठक पूर्व विधायक प्रत्याशी नोएडा, रामकुमार तंवर महानगर पुर्व अध्यक्ष नोएडा, राज. कुमार चौधरी अध्यक्ष नोएडा एम्पलाइज एसोसिएशन आदि मौजूद थे। इस अवसर पर पंडित कृष्ण स्वामी ने विभीषण का रावण को समझाना तथा विभीषण का लंका छोड़ रावण की शरण में जाना, और समुद्र पर रामसेतु का निर्माण एवं रामेश्वर मंदिर की स्थापना युद्ध से पहले रावण को समझने के लिए अंगद को भेजना, रावण अगर संवाद एवं लक्ष्मण मेघनाथ युद्ध होना लक्ष्मण को शक्तिमान हनुमान जी का संजीवनी लाना लक्ष्मण की मूर्छा जागृत होना मेघनाथ का युद्ध भूमि में वध होना एवं कुंभकरण का वध होने की लीला का मंचन हुआ।

# व्हाइट ऑर्किड सोसाइटी में एओए चुनावों पर उठे सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित व्हाइट ऑर्किड सोसाइटी में हुए नए बोर्ड के चुनाव पर सवाल उठ रहे हैं। लोगों ने चुनाव प्रकिया में मनमानी और धांधली का आरोप लगाते हुए डिप्टी रजिस्ट्रार से जांच की मांग की है। इस सबके बीच चुनाव में इस वर्ष पूर्व बोर्ड के कुल नौ सदस्यों ने पुनः भाग लिया। कोई प्रत्याशी न होने के कारण सभी को निर्विरोध विजयी घोषित कर दिया गया। एओए अध्यक्ष अजय रुहेला, सचिव विकास कुमार सिंह,कोषाध्यक्ष सुदीप कुमार डे को चुना गया। वहीं अनूप कुमार मिश्रा,सुनील कुमार वर्मा,सुधीर कुमार गोयल,ऐश्वर्य प्रकाश पांडे और गौरव सिंह को सदस्य चुना गया। एओए अध्यक्ष अजय रुहेला ने कहा कि सोसाइटी के विकास के लिए लगातार कार्य किए जाएंगे। वहीं, सुमित कुमार शर्मा ने आरोप लगाया है कि व्हाइट ऑर्किड सोसायटी में निवासियों के अधिकारों की अनदेखी कर एओए द्वारा मनमाने ढंग से काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि डिप्टी रजिस्ट्रार द्वारा सोसायटी की एओए की जीबीएम को निरस्त कर दिया गया था। इसके बाद संबंधित लोग हाईकोर्ट भी गए, लेकिन वहां पहले से ही रेजिडेंट्स ने कैविएट दायर कर रखी थी। हाईकोर्ट से लौटने के बाद एओए ने एक नया हथकंडा अपनाते हुए, जीबीएम के स्थान पर एजीएम घोषित कर दी और बैकडेट के फर्जी नोटिस बनाकर सोसायटी के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दिया।निवासियों का आरोप है कि एओए खुलेआम ग्रेटर नोएडा जैसे आधुनिक शहर में जंगल राज चला रही है, पैसे का दुरुपयोग कर रही है और पारदर्शिता से बच रही है।

## प्रदेश अध्यक्ष ने दिया संगठन की मजबूती का संदेश

**ग्रेटर नोएडा।** जेवर विधानसभा क्षेत्र के भवोकरा गांव में बुधवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी पहुंचे। उनके आगमन पर ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। गांव के मुख्य मार्गों पर स्वागत द्वार बनाए गए। चौधरी ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठन को मजबूत करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी की ताकत कार्यकर्ता हैं और जनता तक सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को पहुंचाना सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। इस दौरान जिला अध्यक्ष अभिषेक शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी, जिला उपाध्यक्ष प्रेमवीर प्रधान, जिला मंत्री विकास चोरोली, महामंत्री रोहित ठाकुर, मंडल अध्यक्ष संजय रावत, मोहित चौधरी और भोले चौधरी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्त उपस्थित रहे।

# तीन को होगी नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड बैठक

■ यूनीफाइड पॉलिसी के अलावा 20 से अधिक प्रस्तावों को किया जाएगा शामिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा** नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड बैठक 3 अक्टूबर को होगी। इस बैठक में 300 टीडीपी-टन प्रति दिन-क्षमता का कूड़ा निस्तारण प्लांट, यूनिफाइड पॉलिसी में बदलाव समेत 20 से अधिक प्रस्ताव रखे जाएंगे। बोर्ड बैठक सुबह साढ़े ग्यारह बजे सेक्टर-6 स्थित नोएडा प्राधिकरण के बोर्ड रूम में होगी। बैठक की अध्यक्षता औद्योगिक विकास आयुक्त एवं नोएडा प्राधिकरण के चेयरमैन दीपक कुमार करेंगे। प्रस्ताव फाइनल करने को लेकर मंगलवार को बैठक होगी। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि अभी तक तैयार प्रस्तावों में कुछ मुख्य हैं। इनमें अमिताभ कांत समिति के अंतर्गत बिल्डरों की तरफ से जमा पैसा और फ्लैट खरीदारों की रजिस्ट्री का ब्योरा रखा जाएगा। बकाया नहीं देने वाले बिल्डरों पर कार्रवाई को लेकर मार्गदर्शन मांगा जाएगा। तीनों प्राधिकरण के कामकाज में एकरूपता लाने के लिए बनी यूनिफाइड पॉलिसी में फिर से बदलाव किए जाएंगे।




**यूनीफाइड पॉलिसी में बदलाव:** अधिकारियों ने बताया कि अलग-अलग विभागों की स्कीम के लिए कहीं आवंटन राशि 90 दिन में जमा करना तो किसी में 60 दिन में जमा करने का जिक्र है। इनके अलावा कुछ काम में यूनिफाइड पॉलिसी के अंतर्गत संशोधन किए जाने हैं। नोएडा में 300 टीडीपी क्षमता का एक इंटीग्रेटेड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट लगाया जाएगा, जिससे बिजली, खाद और शोधित पानी मिलेगा। अधिकारियों ने बताया कि वाटर मीटर से शुल्क लिए जाने का प्रस्ताव बैठक में रखा जाएगा।

**एयरपोर्ट के लिए बजट:** जेवर में बन रहे इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए बजट जारी करने समेत अन्य प्रस्ताव बोर्ड बैठक में रखे जाएंगे। शहर में करीब ढाई साल से वाटर मीटर लगे हुए हैं लेकिन प्राधिकरण अभी यूनिट शुल्क तय नहीं कर सका है। अधिकारियों ने बताया कि यूनिट शुल्क तय करने की प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# डिजिटल फ्रॉड से जुड़े 8 अभियुक्त गिरफ्तार

## आरोपियों के कब्जे से दस मोबाइल, 19 एटीएम व क्रेडिट कार्ड, 3 फर्जी सिम कार्ड समेत अन्य सामान बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** पुलिस ने डिजिटल अरेस्ट से जुड़े एक बड़े मामले में कार्रवाई करते हुए 8अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। यह मामला 5अप्रैल का है,जब पूर्व सैनिक विजय कुमार ने शिकायत दर्ज कराई थी। उन्हें व्हाट्सएप पर जज, पुलिस अधिक. ारी और वकील की डीपी लगाकर कॉल की गई थी, जिसके बाद धोखाधड़ी से उनके खाते से 7लाख रुपये ट्रांसफर कराए गए थे। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी।





विजय कुमार से ठगी के मामले में पहले गाजियाबाद निवासी अजीत को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने अकाउंट और मोबाइल नंबर के आधार पर इन 8 अभियुक्तों को विवेचना में शामिल किया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में आरिफ पुत्र इकबाल, हर्ष गोयल पुत्र संजीव गोयल, आसिफ पुत्र इकबाल, आमिर पुत्र अब्दुल, तुषार पुत्र रघुराज, विशु पुत्र सुभाष,ललित पुत्र मुकेश और उज्ज्वल पुत्र मनोज शामिल हैं। ये सभी बड़ौत कोतवाली क्षेत्र के निवासी हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 10 मोबाइल फोन, 19एटीएम/क्रेडिट कार्ड, 3फर्जी सिम कार्ड, 2ड्राइविंग लाइसेंस, 3पैन कार्ड, 3आधार कार्ड, एक ब्लैंक चेक और ठगी से संबंधित कुछ कागजात बरामद हुए हैं। इसके अतिरिक्त, 4पीली धातु की अंगूठी, 2सफेद धातु की अंगूठी,1पीली धातु की चेन,1पीली धातु का कड़ा,2सफेद धातु के ब्रेसलेट,1 पीली धातु का लॉकेट,एक थार और एक स्कॉर्पियो गाड़ी भी जब्त की गई है। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वे सभी दोस्त हैं। हर्ष गोयल ने जानकारी दी कि मोहित जैन ने उन्हें और तुषार को इस प्रकार के फ्रॉड के बारे में बताया था। मोहित ने उन्हें सिखाया कि कैसे लोगों के अकाउंट खोल. कर आसानी से ठगी की जा सकती है। इसके बाद उन्होंने ऑनलाइन गेमिंग और अन्य लुभावने लालच देकर लोगों को डिजिटल अरेस्ट के नाम पर ठगना शुरू किया और अच्छी खासी रकम कमाई। इस गिरोह में दुबई में बैठे फैजान,शुभम और कुंडू और मोहित जैन इस ठगी का सरगना है,और उसके साथ रमन व वकार भी साइबर फ्रॉड में शामिल हैं। ये लोग टेलीग्राम के माध्यम से ठगी करते थे। इस गिरोह ने कोलक. ाता, बंगाल, बिहार और तमिलनाडु में कुल 1 करोड़ 80 लाख 48हजार रुपये की ठगी की थी। एसपी सूरज राय ने इस पूरे मामले की विस्तृत जानकारी दी है।

## सार्वजनिक स्थानों पर आई लव मोहम्मद लिखे पंपलेट किए गए चस्पा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद के हिलवाड़ी गांव में सार्वजनिक स्थानों पर आई लव मोहम्मद लिखे पंपलेट चस्पा किए गए हैं। बड़ी मस्जिद के पास, गलियों और अन्य सार्वजनिक जगहों पर इन पंपलेट्स के मिलने से गांव में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

ग्रामीणों ने इन पंपलेट्स को माहौल बिगाड़ने की कोशिश बताया है। उनका कहना है कि कुछ असामाजिक तत्वों ने जानबूझकर ऐसा किया है और पुलिस को उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह घटना उस रात हुई थी जब बरेली में एक जुलूस को लेकर विवाद हुआ था।

इसके बाद भी गांव में कई बार ऐसे पंपलेट लगाए गए। फिलहाल, ये पंपलेट अभी भी बिजली के खंभों, दीवारों और दुकानों के बाहर देखे जा सकते हैं। सीओ विजय कुमार ने इस संबंध में बताया कि कोई भी व्यक्ति अपने निजी स्थान पर पंपलेट लगा सकता है, लेकिन सार्वजनिक स्थानों पर ऐसा करना गैरकानूनी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि मामले की पूरी जांच की जाएगी और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

## बहन बेटी लव जिहाद का शिकार न बनेः काजल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** बुधवार को नगर के विद्या भवन इंटर कॉलेज में दुर्गा वाहिनी की महिलाओं ने दुर्गा चालीसा के पाठ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यकम की मुख्य वक्ता काजल ने बताया कि समाज में हिंदू समाज की बहन बेटी को लव जिहाद का शिकार ने बने इसलिए दुर्गा वाहिनी में जुड़े और अपनी हिन्दू बेटी खुद सक्षम बने इसलिए संगठन में जुड़ना हे आज समाज में सबसे जायदा जरूरत हे कि अपनी बेटी खुद ही शस्त्र उठा कर अपनी रक्षा के लिए स्वयं बल शाली बने। कार्यकम की मुख्य अतिथि रेसलर प्रियांशी आर्य रही। कार्यक्रम में निशा, रेखा, लक्ष्मी, बबीता, बिना, शुभी, परी, खुशी, अक्षिता आदि रहे।

## नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर लगी ब्लैक फिल्म हटवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मिशन शक्ति टीम ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पाठ पढ़ाया। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के चालान भी किए गए।

टीम ने संदिग्ध वाहनों की तलाशी ली और वाहनों पर लगी ब्लैक फिल्म हटवाई। हूटर लगे वाहनों पर भी कार्रवाई की गई। टीम ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की हिदायत दी और उल्लंघन पर कार्रवाई की मांग की। पुलिस अधीक्षक सूरज राय के निर्देश पर मिशन शक्ति टीम ने यह अभियान चलाया। टीम ने पाठशाला चौकी पर दर्जनों वाहनों को रोककर चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी। इसके अतिरिक्त, मिशन शक्ति टीम ने मुख्य चौराहों और प्रमुख मार्गों पर भी चेकिंग अभियान चलाया। बिना किसी वैध कारण के घूमने वाले लोगों को सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई। यह अभियान प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति कार्यक्रम का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना और उन्हें समाज में



अपनी प्रतिभा दिखाने के अवसर प्रदान करना है।

## एक नजर

### बेटियों के महत्व को समझे और उनके अधिकार शिक्षा और सुरक्षा के लिए रहे हमेशा खड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** इसलिए जिम्मेदारी के साथ उनकी संभावनाओं पर विश्वास कर उन्हें आगे बढ़ने के समुचित अवसर प्रदान किए जाए। अभियान का उद्देश्य बेटियों को सम्मान देने के साथ साथ समाज में बेटियों के प्रति संवे. दनशीलता, स्नेह और गर्व की भावना पैदा करना भी है। जिला प्रशासन चाहता है कि नई पीढ़ी बेटियों के महत्व को समझे और उनके अधिकार, शिक्षा और सुरक्षा के लिए हमेशा खड़ी रहे। इस अभिनव पहल के माध्यम से बागपत जिले में मिशन शक्ति को नई उड़ान दी जाएगी और बेटियों के अधिकारों, अवसरों और सम्मान के प्रति समाज में जागरूकता फैलाने का कार्य तेज होगा।

### बेटी परिवार की होती है रौशनी, शक्ति और प्रेरणाः डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मिशन शक्ति के तहत बेटियों को शिक्षा, सम्मान, सुरक्षा, विश्वास और सहयोग के साथ बड़े होने का वातावरण प्रदान को लेकर बागपत प्रशासन द्वारा मेरी बेटी, मेरी कुलदीपक नामक अभियान शुरू किया जाएगा, जिसका शुभारंभ 03 अक्टूबर को किया जाएगा। जिला. धिकारी अस्मिता लाल ने बताया कि यह अभियान उन परिवारों को प्रोत्साहित करेगा जो गर्व के साथ बेटियों का पालन–पोषण कर रहे हैं। अभियान का संदेश साफ है बेटी कभी 'सिर्फ़' नहीं होती। वह परिवार की रौशनी, शक्ति और प्रेरणा है। यह अभियान उस धारणा का खंडन करेगा जिसमें बेटियों को कम आंका जाता है। बेटियां समाज में समृद्धि लाती है। यह अभियान बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संकल्प भी दो. हराएगा। मेरी बेटी मेरा कुलदीपक अभियान में विशेष रूप से बेटियों को केवल संतान के रूप में न देखकर उन्हें समान अवसर, शिक्षा और समाज में सम्मान देने पर जोर दिया जाएगा जो रूढ़िवादी सोच पर प्रहार करेगा। प्रशासन का कहना है कि समाज की असली चुनौतियां बेटियां नहीं हैं बल्कि असली समस्या असुरक्षित माहौल, भेदभाव और पुराने रीति–रिवाज हैं। इस पहल के माध्यम से प्रशासन यह सुनिश्चित करना चाहता है कि बेटियों के सपनों को साकार करने में उन्हें हर स्तर पर सहयोग मिले। माता–पिता, शिक्षक, मीडिया और समाज के सभी लोग मिलकर बेटियों के लिए एक सुरक्षित और सशक्त वातावरण बनाएंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि अभियान के तहत बेटियों का पालन–पोषण बेहतर ढंग से करने एवं बेटियों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, अवसर आदि सुनिश्चित करने वाले जागरूक परिवारों को विशेष सम्मान और पहचान दी जाएगी। इससे समाज में यह संदेश जाएगा कि बेटियां केवल परिवार की संतान नहीं हैं, बल्कि वे हमारे समाज और परिवार की शक्ति हैं। इस प्रकार मिशन शक्ति अभियान एक नए स्वरूप में साकार होगा जिसकी शुरुआत प्रत्येक घर से होगी। अभियान का संदेश है कि हमारी बेटी हमारी सिर्फ़ संतान नहीं है, वह हमारा सब कुछ है। वही हमारे परिवार और समाज की रौशनी है।

## ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के दो सदस्यों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** साइबर सेल व थाना दोघट पुलिस की संयुक्त टीम ने क्यूआर कोड स्कैन के माध्यम से साइबर ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया।



बुधवार को करीब साढे तीन बजे एसपी सूरज कुमार राय ने पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता करते बताया कि गत 23 सितंबर 2025 को दोघट थाने पर वादी अंकित राणा न शिकायत पत्र देते हुए बताया था कि राणा फिलिंग स्टेशन दाहा पर दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा पेट्रोल पंप पर लगे क्यूआर कोड पर अपना बारकोड क्यूआर कोड लगा दिया, जिससे कि रुपये उनके खाते में जा रहा है। उन्होंने साइबर सेल तथा थाना दोघट को इसकी शिकायत की तत्काल टीम गठित कर साइबर सेल के माध्यम से जांच प्रारंभ की गई और तथ्य के आधार पर थाना दोघट पर मुकद्दमा पंजीकृत किया गया। एसपी के निर्देशानुसार साइबर अपराधों की रोकथाम एवं वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी क लिए चला जा रहे अभियान के अंतर्गत साइबर सेल ने थाना दोघट पुलिस की संयुक्त टीम ने साथी दो आरो. पित रिंकू कुमार व विपिन को दाहा बरनावा रोड स्थित इंडियन पेट्रोल पंप के पास से गिरफ्तार किया गया। कब्जे से घटना में प्रयुक्त बाइक, दो फोन, एक डमी फोन, मोबाइल फोन एक कार बार कोड होल्डर स्पीकर, दो बारकोड कर कोड स्कैनर, एक पैन कार्ड, एक आधार कार्ड बरामद किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार करने वालों में साइबर सेल बागपत इंस्पेक्टर कैलाश चंद्र, उपनिरीक्षक उपदेश शर्मा, दिग्विजय सिंह, अमरदीप और रजत कुमार, मैनपाल, रवि आदि मौजूद रहे।

## जसवंत सैनी ने की पीडब्लूडी गेस्ट हाउस में विकास कार्यो व कानून-व्यवस्था की समीक्षा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** उत्तर प्रदेश सरकार स्वतंत्र प्रभारी मंत्री जसवंत सिंह सैनी ने पीडब्लूडी गेस्ट हाउस बागपत में विकास कार्यों एवं कानून–व्यवस्था की समीक्षा की। बुधवार को करीब डेढ बजे प्रेसनोट के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया गया कि उत्तर प्रदेश सरकार स्वतंत्र प्रभारी मंत्री जसवंत सिंह सैनी ने पीडब्लूडी गेस्ट हाउस बागपत में विकास कार्यों एवं कानून–व्यवस्था की समीक्षा की गई। इस मौके पर भाजपा विधायक बागपत योगेश धामा, भाजपा के जिला अध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय, डीएम व एसपी तथा संबंधित विभागीय अधिक. ारीगण मौजूद रहे।

## अवधेश दांगी को बनाया युवा जिलाध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** अखिल भारतीय जाट महासभा उत्तर प्रदेश ने बागपत के लुहारी गांव निवासी अवधेश दांगी को युवा जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। महासभा के युवा मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र तोमर ने संगठन की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी। तोमर ने लुहारी गांव में अवधेश दांगी को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। नवनियुक्त युवा जिलाध्यक्ष अवधेश दांगी ने संगठन द्वारा जताए गए विश्वास पर खरा उतरने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि वे संगठन की नीतियों को जन–जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। दांगी की नियुक्ति पर बंसत तोमर, सचिन तोमर, हरेंद्र और लोकेश सहित कई ग्रामीणों ने प्रसन्नता व्यक्त की। अवधेश दांगी ने सभी पदाधिका. रियों का धन्यवाद भी किया।



## अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर केक काटकर मनाया जशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी ने बुजुर्गो के साथ स्नेहपूर्ण संवाद किया और उनके जीवन अनुभवों को सुना।

इसके बाद कार्यक्रम के एक खास पहलू के रूप में जिलाधिकारी सहित एसडीएम और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने संयुक्त रूप से भोजन किया, जिससे एक पारिवा. रिक और स्नेहपूर्ण माहौल का निर्माण हुआ। इस तरह प्रशासन ने धूमधाम और उत्साह के साथ अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया। कार्यक्रम के दौरान केक काटकर जशन मनाया गया और अन्य खेल भी आयोजित किए गए। बुजुर्गो ने जिलाधिकारी का आभार व्यक्त कर कहा कि आपके आने से हमें बड़ी खुशी और प्रशंसा मिली।



### कुम्भकर्ण और मेघनाद वध का दर्शाया गया दृश्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में सनातन धर्म ठाकुरद्वारा रजिव बड़ौत प्रेम मण्डल रंगमंच पर लीला में कुम्भकर्ण और मेघनाद वध का दृश्य दर्शाया गया। रामायण के अनुसार, कुम्भकर्ण का वध भगवान राम ने किया था, जबकि मेघनाद का वध भगवान लक्ष्मण ने किया था। कुम्भकर्ण रावण का भाई और एक शक्तिशाली योद्धा था, जबकि मेघनाद रावण का पुत्र और इन्द्रजीत के नाम से भी जाना जाता था। ये दोनों ही अपनी मायावी शक्ति और युद्ध कौशल के लिए जाने जाते थे। कुम्भकर्ण का वधरू रावण ने युद्ध में अपनी सेना की हार के बाद कुम्भकर्ण को नींद से जगाया। राम और कुम्भकर्ण के बीच भयंकर युद्ध हुआ, जिसमें कुम्भकर्ण के शरीर के कई अंग कटकर गिर गए थे।अंत में, भगवान राम ने इंद्रस्त्र का प्रयोग करके कुम्भकर्ण का वध किया, जिसके बाद कुम्भकर्ण का सिर धड़ से अलग हो गया। मेघनाद का वधरूमेघनाद को इन्द्रजीत के नाम से भी जाना जाता था, क्योंकि इसने देवताओं के राजा इंद्र को पराजित किया था। मेघनाद का वध लक्ष्मण ने किया था, क्योंकि इंद्र ने ब्रह्मा को आशीर्वाद दिया था कि मेघनाद को केवल वही व्यक्ति मार सकता है जो वर्षों तक सोया न हो। वनवास के दौरान लक्ष्मण वर्षों तक नहीं सोए थे। लक्ष्मण ने अपनी बाण शक्ति से मेघनाद का वध किया था, जिससे राम और रावण के बीच के यद्ध में महत्वपूर्ण बदलाव आया था। ठाकुरद्वारा प्रेम मण्डल के सभी स्थानीय कलाकारों को देखने नगर पालिका परिषद अध्यक्ष बबिता तोमर धर्म पत्नी अश्विनी तोमर अपने पूरे परिवार के साथ लीला दिखने पहुंचे काफी संख्या में जनता पहुची कला का प्रदर्शन करने वाले कलाकार, राम का अभिनय कमेटी अध्यक्ष आशीष वर्मा, लक्ष्मण का अभिनय बोबी वर्मा, सीता–शानू माहेश्वरी, हनुमान का अभिनय अजय वर्मा, मेघनाथ–अमन शर्मा, कुम्भकर्ण– सोनू गुप्ता, सलोचना– श्रीराम पांचाल, सुग्रीव–शिवम गोयल, निर्देशक धर्मेंद्र भारद्वाज, सिन डारेक्टर–बब्लू महेश्वरी, संचालन अमित वशिष्ठ, दलबीर महेश्वरी, वेद वर्मा, विवान शर्मा, आदि कलाकार मौजूद रहे। प्रधान रमेश शर्मा, विजेंद्र शर्मा, सुनील , बिरजेश शर्मा, संजीव शर्मा, संजय शर्मा आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने वृद्धाश्रम में बुजुर्गो संग बांटी खुशियाँ

## अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर प्रशासन ने बुजुर्गो के चेहरे पर बिखेरी मुस्कान, संग में भोजन कर वितरित किए उपहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गुरुवार को जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने संजरपुर कैडवा स्थित समाज कल्याण विभाग के आवासीय वृद्धाश्रम पहुंचकर वहां रह रहे वरिष्ठ नागरिकों के साथ समय व्यतीत कर उनके जीवन अनुभवों को सुना, संग भोजन किया एवं उपयोगी वस्तुएं देकर सम्मानित किया। इस दौरान केक काटकर अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस को उत्सव के रूप में मनाया गया एवं वृद्धजनों के संग मिलकर वृक्षारोपण भी किया।





इस वृद्धाश्रम में वर्तमान में 50 बुजुर्ग निवासरत हैं, जिनमें 20 महिलाएं और 30 पुरुष शामिल हैं। जिलाधिकारी ने सभी वरिष्ठ नागरिकों को छड़ी, मिठाई का डब्बा, वस्त्र, स्टील वॉटर बोतल और ड्राई फ्रूट (मखाने) भेंट स्वरूप प्रदान किए। इस अवसर पर उन्होंने आश्रम के सबसे वृद्ध निवासी 97 वर्षीय रामकिशन (गांव तेड़ा) का विशेष रूप से सम्मान करते हुए उनके स्वास्थ्य व जीवन अनुभवों के बारे में जानकारी ली। प्रत्येक वृद्धजन से बातचीत की, उनकी समस्याओं और जीवन अनुभवों को सुना। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने कहा कि वृद्ध होना जीवन की स्वाभाविक प्रक्रिया है, लेकिन यदि हम संतुलित आहार, सकारात्मक सोच और नियमित स्वास्थ्य जांच को जीवनशैली का हिस्सा बनाएं तो बुजुर्ग अवस्था भी खुशहाल, सुखमय और स्वस्थ रह सकती है। बुजुर्ग हमारे समाज की धरोहर हैं, उनके अनुभव नई पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक की तरह हैं। इसके साथ ही बुजुर्गो के मनोरंजन और सृजनात्मक विकास के लिए लूडो जैसे खेल आयोजित किए गए। साथ ही लाइब्रेरी में पुस्तक पाठन जैसी गतिविधियों का भी आयोजन किया गया जिसमें बुजुर्गो ने किताबें पढ़कर अपने ज्ञान और मनोरंजन का अनुभव साझा किया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वृद्धजनों के लिए सभी मूलभूत सुविधाएं एवं नियमित स्वास्थ्य जांच और आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं एवं शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ कैंप लगाकर दिया जाए। इस अवसर पर वृद्धाश्रम परिसर में विशेष स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया, जिसमें आंख, कान, दांत और मानसिक स्वास्थ्य की जांच हुई। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने वरिष्ठजनों को परामर्श दिया और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के उपाय बताए। समापन पर जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन हर संभव प्रयास करेगा कि जिले का कोई भी बुजुर्ग अकेलापन महसूस न करे और हर स्तर पर उन्हें सम्मान, सुरक्षा और आत्मसम्मान की जिंदगी मिले। जिलाधिकारी ने वृद्धाश्रम का निरीक्षण कर निर्देश दिए कि वृाश्रम उन लोगों का घर है जिनकी पूरी जिंदगी समाज को समर्पित रही है। उनका सम्मान और देखभाल करना हम सबकी जिम्मेदारी है इसलिए जिम्मेदारी एवं सेवा भावना के साथ कार्य करे। वद्धजन दिवस के इस आयोजन ने न केवल बुजुर्गो के चेहरे पर मुस्कान बिखेरी, बल्कि समाज में यह संदेश भी दिया कि नई पीढ़ी को अपने बुजुर्गो के प्रति सम्मान, स्नेह और संवेदनशीलता को हमेशा प्राथमिकता देनी चाहिए। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर /जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्योति शर्मा, डिप्टी कलेक्टर मनीष यादव, एसडीएम बड़ौत भावना सिंह सहित अन्य संबंधित अधिक. ारीगण मौजूद रहे।

### सूचना

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र अंकित शर्मा से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल–अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।

कृष्णपाल पुत्र जगवीर निवासी कोताना रोड राणा इंक लेव बडौत थाना व तहसील बडौत जनपद बागपत।

### सूचना

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र फरमान व उसकी सुम्यया से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल–अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।

रईसूदीन पुत्र फैयाज खान निवासी कस्बा रटौल थाना खेकड़ा जनपद बागपत।

# हस्तिनापुर के युवक की मवाना में गला काटकर हत्या

## बेरियों वाले शमशान घाट के पास बाग में मिला शव, नशे की हालत में भटकता था मृतक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** पिछले कई सालों से घर छोड़कर दर-बदर भटकने वाले एक युवक की गला काटकर हत्या कर दी गई। उसका शव मवाना क्षेत्र में बेरियों वाले शमशान घाट के पास एक बाग में मिला। मृतक हस्तिनापुर का रहने वाला था और थाना हस्तिनापुर से ही एक साधु की हत्या में जेल जा चुका है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए।





मृतक के भाई जगन्नाथ ने अज्ञात में हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। बुधवार सुबह करीब 9 बजे कुछ किसानों ने डायल 112 पर सूचना दी कि बेरियों वाले शमशान घाट के पास सत्तू के बाग में चारपाई पर एक युवक की गर्दन कटी लाश पड़ी है। सूचना पर इंस्पेक्टर पूनम जादौन पुलिस बल के साथ पहुंची और शव के आसपास जांच पड़ताल की। मृतक की गर्दन को बहुत बुरी तरह से रेता गया था।

आसपास के लोगों ने बताया कि मृतक का नाम विजय है वह पिछले कई सालों से भांग व शराब का नशा कर घूमता रहता था और रात में खेतों या बाग में ही सो जाया करता था। वह हस्तिनापुर का रहने वाला था। पुलिस ने खोजबीन शुरू की तो पता चला कि मृतक विजय पुत्र फूल सिंह है और हस्तिनापुर के प्रभातनगर का रहने वाला था। वह करीब छह साल पहले एक साधु की हत्या में थाना हस्तिनापुर से जेल जा चुका है। फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर आसपास साक्ष्य जुटाए। उसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस द्वारा सूचना दिए जाने के बाद परिजन थाने पहुंचे और उसके बाद मोर्चरी पहुंचकर शव की शिनाख्त की। मृतक के भाई जगन्नाथ ने अज्ञात हत्यारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

# घर में घुसकर किशोरी से छेड़छाड़

## स्कूल आने जाने में भी परेशान करता है युवक, मां ने थाने में दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लिसाड़ी गेट क्षेत्र में एक दबंग युवक ने घर में घुसकर किशोरी के साथ छेड़छाड़ कर दी, विरोध करने पर किशोरी को गोली मारने की धमकी दी। थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र के लुहार पुरा की रहने वाली एक महिला ने मंगलवार को देर रात थाने पहुंचकर दबंग युवक के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित महिला ने बताया कि वह अपनी बच्चियों को घर पर अकेली छोड़कर अपने पति के साथ डाक्टर के दवाई लेने गई थी। जब महिला और उसका पति डाक्टर के यहां से घर पहुंचा तो बच्चों ने मां-बाप को देखकर रोने लगे और बच्चियों ने मां बाप को सारी बातें बताई। बताया कि पीछे मोहल्ले का रहने वाला दबंग युवक अमन घर में घुस गया और उनके साथ छेड़छाड़ करने लगा। उन्होंने इसका विरोध किया तो गोली मारने की धमकी देने लगा, शोर की आवाज सुनकर आरा. पी युवक अमन धमकी देता हुआ भागा गया। जिसकी वजह से बच्चियां दहशत में हैं। पीड़ित महिला ने बताया कि बच्चियां प्रहलाद नगर लिसाड़ी गेट थाने के बराबर में स्कूल जाती हैं और स्कूल आते जाते हुए भी दबंग युवक अमन आते जाते छेड़छाड़ और इशारे बाजी करता है। पीड़िता परिवार ने देर रात थाने पहुंचकर पुलिस को शिकायत पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना लिसाड़ी गेट प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि पीड़ित परिवार की तरफ से शिकायत पत्र मिला है आरोपी की तलाश में दबिश दी जा रही है आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। पुलिस ने दबंग युवक की तलाश शुरू कर दी है।

### दुष्कर्म के झूठे मुकदमे में फंसाने का आरोप

**मेरठ।** थाना मेडिकल के संजय विहार निवासी पीड़िता ने अपने भाई पर दुष्कर्म के आरोप में एक मुकदमा दर्ज करने का युवती पर आरोप लगाया है उसका कहना है कि एक महिला ने उसके भाई नकुल व उदयवीर सिंह के विरुद्ध एक फर्जी रिपोर्ट दर्ज कराई है जिसमें उसने नकुल पर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है पीड़िता ने जांच की मांग की है।

# स्कूल के पैसों से प्लॉट खरीदकर कराया अपने नाम

## कोर्ट ने आरोपी के एनबीडब्ल्यू वारंट किए जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सदर सर्राफा बाजार के कारोबारी मृदुल जैन के खिलाफ जूडिशियल मजिस्ट्रेट-2 ने एनबीडब्लू (गैर जमानती वारंट) जारी कर दिए हैं। मृदुल के खिलाफ कोर्ट से जारी किए गए एनबीडब्लू मंगलवार को थाना सदर बाजार में कार्रवाई यानि गिरफ्तार कर पेश करने के लिए पहुंच गए हैं।

माना जा रहा है कि सदर पुलिस किसी भी समय अरेस्टिंग की कार्रवाई के लिए मृदुल जैन के ठिकाने पर पहुंच सकती है। साथ ही आशंका जताई जा रही है कि अरेस्टिंग से बचने के लिए मृदुल फरार भी हो सकते हैं। दरअसल यह मामला ऋषभ स्कूल से जुड़ा है। जेएम-2 कोर्ट ने मृदुल जैन के खिलाफ जिस मामले को लेकर एनबीडब्लू जारी किए है, वो बेहद गंभीर व चौकाने वाला है। ऋषभ एकाडेमी के सचिव डॉ. संजय जैन ने बताया कि मृदुल का ऋषभ एकाडेमी से किसी प्रकार का कोई वास्ता नहीं है, लेकिन रंजीत जैन के साथी होने के चलते इन्होंने ऋषभ के पैसों से वहां बराबर में स्थित प्लाट को अपने नाम करा लिया। इसको लेकर जो वाद चल रहा है उसी मामले में एनबीडब्लू जारी किए गए हैं। डॉ. संजय जैन ने उम्मीद जाहिर की है कि सदर पुलिस शीघ्र ही कोर्ट के आदेशों का पालन करते हुए अरेस्ट की कार्रवाई करेगी। वहीं लोगों को कहना है कि इस तरह का कार्य ठीक नहीं है।

# त्योहारों पर डीआईजी नैथानी सख्त पटाखों की दुकानों पर बढ़ी सख्ती

### दशहरे में रावण दहन और दीपावली को लेकर पुलिस और प्रशासन अलर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** दशहरा, रावण दहन और दीपावली जैसे बड़े त्योहारों पर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के लिए पुलिस-प्रशासन ने कमर कस ली है। बुधवार को मेरठ रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक डीआईजी कला. निधि नैथानी ने चारों जिलों के मेरठ, बुलंदशहर, बागपत और हापुड़ के कप्तानों और मुख्य अग्निशमन अधिकारियों के साथ ऑनलाइन समीक्षा बैठक की। बैठक में त्योहारों पर होने वाले पटाखों की बिक्री, रावण दहन के कार्यक्रमों और भीड़भाड़ वाले इलाकों की सुरक्षा पर खास चर्चा हुई। बैठक में मेरठ से एसएसपी विपिन ताडा, बुलंदशहर से एसएसपी दिनेश कुमार सिंह, बागपत से एसपी सूरज राय और हापुड़ से एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह मौजूद रहे। सभी CFO को भी बुलाया गया था।



### दिए गए अहम निर्देश

पटाखों की अस्थायी दुकानें सिर्फ तय जगहों पर ही लगें। दुकानों के परमिट की प्रति हर हाल में जनपद प्रभारी के पास हो। फुटकर बिक्री पर रोक और चौकी प्रभारियों की जवाबदेही तय की जाए इसके अलावा एक्सप्लोसिव रूल्स-2008 का कड़ाई से पालन हो। त्योहारों के दौरान शहर के मुख्य स्थानों पर फायर टेंडर तैनात किए जाएं। सभी फायरमैन गमबूट, डांगरी और सेफ्टी गॉगल्स पहनकर ही ड्यूटी करे, भीड़भाड़ वाले इलाकों, रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर चेकिंग अभियान तेज किए जाएं। अवैध आतिशबाजी और भंडारण की जानकारी मिलने पर LIU और स्थानीय पुलिस तुरंत कार्रवाई करे। डीआईजी नैथानी ने साफ चेतावनी दी कि त्योहारों पर अगर किसी भी तरह की आगजनी या विस्फोट जैसी बड़ी घटना होती है तो सीधे जिम्मेदारी संबंधित पुलिस अधिकारियों की होगी और कठोर कार्रवाई से पीछे नहीं हटेंगे। त्योहारों पर बढ़ती भीड़ और पटाखों से जुड़े खतरे को देखते हुए यह बैठक बेहद अहम मानी जा रही है। अधिकारियों को सख्त हिदायत दी गई है कि किसी भी स्तर पर लाप. रवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

# आपत्तिजनक टिप्पणी करके माहौल बिगाड़ने वाले को पुलिस ने जेल भेजा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** एक धर्म पर अपमान. जनक टिप्पणी करते हुए वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर वायरल करके धार्मिक भावनाएं आहत करने के आरोप में एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। युवक ने शहर की फिजा खराब करने के उद्देश्य से वीडियो बनाकर वायरल किया था।

ब्रह्मपुरी निवासी फरदीन ने इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई थी। फरदीन ने बताया कि गंगानगर निवासी तुषार चौधरी ने एक अक्टूबर को एक विशेष समुदाय के धर्मग्रंथ और नबी पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। पुलिस ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की। आरोपी तुषार पुत्र शैलेंद्र को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया।

# सेब खरीदने को लेकर दो पक्षों में जमकर चले लाठी-डंडे

## दुकानदार व ग्राहक के बीच हुआ विवाद, कई घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** नगर के कालंद चुंगी पर बुधवार दोपहर सेब खरीदने को लेकर दुकानदार व ग्राहक के बीच हुई कहासुनी में विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी डंडे चलें, जिसकी चपेट में आकर कई लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने दोनों पक्षों के कई लोगों को हिरासत में ले लिया है।



गांव पिठलोकर निवासी परवेज अपनी मां के साथ कालंद चुंगी पर फल खरीदने के लिए फल विक्रेता से मोलभाव कर रहा था, इसी बीच दुकानदार से उसकी कहासुनी हो गई, कहासुनी के बाद दोनों पक्षों के बीच मारपीट हो गई, देखते ही देखते दोनो पक्षों के बीच लाठी डंडे लेकर आमने सामने आ गए, दोनो पक्षों के बीच जमकर 20 मिनट तक लाठी डंडे चलते रहें, सड़क पर अराजकता के माहौल के बीच जाम की स्थिति बन गई। मामले की जानकारी मिलते ही मौके पहुंची पुलिस दोनों पक्षों के घायल लोगों को लेकर अस्पताल में उपचार के लिए ले आई, साथ ही डाक्टरी के बाद पुलिस ने आधा दर्जन लोगों को हिरासत में ले लिया, देर शाम तक मामले में रिर्पार्ट दर्ज नही हो सकी थी।

# बायर ने किसानों के लिए नई पीढ़ी का गेहूं खरपतवार नाशक मटेनो मोर किया लॉन्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बायर, जो खेती और स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करने वाली एक बड़ी वैश्विक कंपनी है, ने भारत में गेहूं किसानों के लिए माटेनो मोरनामक नया खरपतवार नाशक लॉन्च किया है। यह हर्बिसाइड खासतौर पर किसानों के खेतों में उगने वाले जिद्दी खरपतवारों पर बेहतर नियंत्रण के लिए तैयार किया गया है। माटेनो मोर में तीन शक्ति शाली सक्रिय तत्व शामिल हैं, जो अलग-अलग तरीकों से खरपत वारों पर असर करते हैं। यह भारत में अपना तरह का पहलातीन-दवाओं का मिश्रण है और फैलारिस माइनर, रुमेक्स और चेनोपोडियम जैसी मुश्किल खरपतवारों पर भी बेहतरीन प्रभाव दिखाता है।

# ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन का हुआ विस्तार

### हरियाणा राजस्थान से होता हुआ महाराष्ट्र, हैदराबाद पहुंचा संगठन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन की विचारधारा से अब उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड ही नहीं अन्य राज्यों में भी पत्रकार आस्था दिखा रहे हैं। ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन मंगलवार को राजस्थान के माउंट आबू स्थित मन मोहिनी परिसर के दिव्य लोक में किया गया।

बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय संरक्षण दयाचंद वर्क एवं संचालन राष्ट्रीय महामंत्री हरेंद्र चौधरी ने किया। बैठक में हरियाणा, राजस्थान, नागपुर और हैदराबाद से आए पत्रकारों के साथ लंबा विचार विमर्श करने के बाद इन राज्यों में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की टीम गठित की गई। इस अवसर पर बोलते हुए राष्ट्रीय संरक्षक दयाचंद वर्क में कहां की गापा की लोकप्रियता दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है गापा वह संगठन है जिसमें पत्रकारों के हितों की आवाज पुर जोर से उठाई जाती है इतना ही नहीं पत्रकारों के न्याय के लिए गापा संगठन 24 घंटे तैयार रहता है। राष्ट्रीय महामंत्री हरेंद्र चौधरी ने अपने संबोधन ने कहा कि हरियाणा, राजस्थान, नागपुर, हैदराबाद में एक मजबूत टीम का गठन किया गया है और जल्दी ही इन राज्यों के प्रत्येक जिलों में गापा का मजबूत संगठन खड़ा होगा। महाराष्ट्र के संयोजक



वरिष्ठ तुलसीराम ठाणेकर ने बताया कि जल्दी ही महाराष्ट्र के अधिकतर जिलों में जिला संयोजकों की नियुक्ति कर दी जाएगी। हरियाणा से उपस्थित वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार ने कहा कि हमें ऐसे ही संगठन की आवश्यकता थी जो पत्रकारों के हित में कार्य करें हरियाणा में जल्दी ही ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन का झंडा बुलंद होगा। बैठक में उपस्थित राजस्थान से पवन गर्ग को भी राजस्थान का संयोजक बनाया गया है। बैठक में मुख्य रूप से राष्ट्रीय संरक्षक दयाचंद वर्क, राष्ट्रीय महामंत्री हरेंद्र चौधरी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष रमेश चौहान, राष्ट्रीय सचिव अशोक सोम, मेरठ जिला महामंत्री शिवकुमार शर्मा, राजवीर सिंह, संजय त्यागी, संतोष तायडे, सुनील तिजारे आदि उपस्थित रहे। बैठक में आगामी 14 अक्टूबर को होने वाले पीलीभीत कार्यक्रम पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

# जानी थाने पर रामनवमी के अवसर पर भंडारे का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** बुधवार को थाना परिसर में शिव मंदिर में थाना प्रभारी निरीक्षक महेश सिंह राठौड़ ने दुर्गा महान दी अवसर पर पुलिसकर्मियों उनके साथ क्षेत्र में सुख शांति के लिए हवन कराया और हवन में क्षेत्र में स्थित गुरुकुल प्रभात आश्रम टिकरी साहब ब्रह्मचारी प्रभात कुमार ने मंत्रोचार कर सनातन का महत्व समझाया और उन्होंने बताया कि प्रतिदिन यह हवन करने से मंथन व आत्मविश्वास शुद्धि होती है और इंसान को हमेशा नेक काम करने चाहिए इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सभी राहगीरों को प्रसाद का वितरण किया गया इस मौके पर पुलिस मौजूद रही।

# मेघनाथ का हुआ वध, सुलोचना ने त्यागे प्राण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** कस्बे में चल रही रामलीला में मेघनाथ मरण, सुलोचना सती व अहिरावण वध तक की लीला का मंचन किया गया। लीला में दिखाया गया कि कुम्भकर्ण के वध के बाद रावण अपने पुत्र मेघनाथ को युद्ध के लिए भेजता है वहां लक्ष्मण उसका भी वध कर देते है और उसका शीश काट ले जाते है।

मेघनाथ की पत्नी सुलोचना को पता चलता है। तो वह राम की शरण में जाकर पति का शीश लाकर सती हो जाती है। रावण अपने पुत्र पाताल नरेश अहिरावण को बुलाता है। पिता की आज्ञा पर राम व लक्ष्मण को धोखे से बंदी बनाकर पाताल ले जाता है। हनुमान जी विभिषण द्वारा पता चलता है और वह पातालपूरी जाकर अहिरावण का वध कर देते है। और राम लक्ष्मण को लेकर लौट आते है। इस मौके पर अनिल गर्ग, यश गोयल, नवीन गोयल, भाषकरण शर्मा, रो. बिन, मुलचंद बंसल, शिवम शर्मा, रितिक बंसल, आयुष जैन, भोले शंकर, अभिषेक रस्तौगी, सार्थक रस्तौगी, बिट्टू शर्मा, विवेक शिवम कौशिक, रमन बंसल, विशाल आदि मौजूद रहे। वहीं बताया जा रहा है आज रावण का पुतला दहन में भारी मात्रा में पुलिस मौजूद रहेगी।



### दशहरा मैदान में होगा मंचन व रावण पुतला दहन

कमेटी के महामंत्री ने बताया कि गुरुवार को दशहरा मैदान में रावण वध लीला व रावण पुतला दहन किया जाएगा। इस वर्ष मेले में 35 फिट लंबे रावण के पुतले का दहन शाम 8 बजे किया जाएगा।

# भारत अमेजन पर मना रहा है जीएसटी बचत उत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जारी अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के तहत, ग्रेट सेविंग्स सेलिब्रेशन जीएसटी बचत उत्सव स्टोरफ्रंट ने विक्रेताओं को उपकरणों, फैशन, रोजमर्रा की जरूरतों और अन्य श्रेणियों में ग्राहकों को कुल 100 करोड़ रुपये से अधिक की जीएसटी बचत का लाभ पहुंचाने में सक्षम बनाया। इस शॉपिंग फेस्टिवल ने अमेजन इनकी पहुंच और डिलीवरी की रफ्तार भी दर्शाई, जहां पहले 24 घंटों में किए गए 40 प्रतिशत ग्राहक ऑर्डर पूरे देश में उसी दिन या अगले दिन डिलीवर कर दिए गए। अमेजन इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट सौरभ श्रीवास्तव ने कहा विक्रेताओं को सहयोग देने और उन्हें सरकारी सुधारों के अनुरूप बनाए रखने की हमारी प्रतिबद्धता के तहत, हमने 22 सितंबर से नई जीएसटी दरों पर सुगम बदलाव सुनिश्चित किया।

# नवाबगढ़ी में कंकाल मिलने से मचा हड़कंप

### लापता रिहान के परिजनों का कंकाल पर दावा, डीएनए टेस्ट की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** थाना क्षेत्र के गांव नवाबगढ़ी में बुधवार दोपहर जंगल से हडिड्यों का कंकाल मिलने से सनसनी फैल गई, थाने पहुंचकर कई माह पूर्व लापता हुए रिहान के परिजनों ने कंकाल को रिहान का बताते हुए डीएनए टेस्ट कराने की मांग की है। इस मामले में पुलिस का कहना है कि कंकाल किसी जानवर का है।

ज्ञात है कि थाना क्षेत्र के गांव रिहान पुत्र इमरान घर से खेलते हुए लापता हो गया था, नौ माह बीतने के बाद भी रिहान का कोई सुराग हाथ नही लग पाया था जुलाई माह में रिहान के घर के पास से ही 15 वर्षीय उवेश पुत्र शकील शाम के वक्त लापता हो गया था। जिसका शव अगले दिन जंगल में निर्माणधीन कमरे से बरामद हुआ था। इन दोनों प्रकरण में पुलिस ने उवेश व रिहान के पड़ोसी असद नामक एक तांत्रिक को पकड़ा था, जिसने दोनों की हत्या करने की बात कबूल की थी, लेकिन पुलिस रिहान का शव बरामद नही कर पाई थी। बुधवार को रिहान के घर के पास स्थित जंगल से हडिड्यों के अवशेष बरामद हुए,



जिसकी जानकारी रिहान के पिता इमरान ने थाने पहुंचकर पुलिस को दी, और कंकाल को रिहान का बताते हुए डीएनए टेस्ट कराने की मांग। इस संबंध में पुलिस का कहना था कि कंकाल किसी इंसान के नही बल्कि किसी जानवर द्वारा खींचकर डालें गए है, फिर भी मामले की जानकारी करते हुए विवेचक से जानकारी कराई जायेगी।

# त्योहारों को देखते हुए पुलिस का पैदल मार्च, सुरक्षा को लेकर सख्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आगामी त्योहारों को लेकर जिले में शांति और सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए पुलिस सतर्क हो गई है। बुधवार को किठौर क्षेत्र में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अभिजीत कुमार के नेतृत्व में क्षेत्रधिकारी किठौर प्रमोद कुमार सिंह व थाना अध्यक्ष बृजेश कुमार पांडे ने पुलिस बल के साथ पैदल मार्च किया। इस पैदल मार्च के दौरान पुलिस ने मुख्य मार्गों पर भ्रमण कर आमजन को सुरक्षा का संदेश दिया। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की तलाशी ली गई। पुलिस ने लोगों से बातचीत कर संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी जुटाई और त्योहारों पर सतर्क रहने की अपील की। अधिकारियों ने बताया कि दशहरा, रावण दहन और दीपावली जैसे बड़े त्योहारों को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद किया जा रहा है। पैदल मार्च का मकसद न सिर्फ कानून-व्यवस्था का जायजा लेना था बल्कि आम जनता में विश्वास और सुरक्षा का संदेश देना भी था।



# बहसूमा में निकाली मां भगवती की 51वीं शोभायात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** नगर में रामनवमी के पावन पर्व पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष मां भगवती की 51वीं शोभायात्रा बड़ी धूमधाम के साथ निकाली गई। शोभायात्रा में झांकी आकर्षण का केंद्र बनी रही। शोभायात्रा में बैंड बाजो में बज रहे धार्मिक गीतों पर श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य किया।

शोभायात्रा का नगर में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। मां भगवती की शोभायात्रा का शुभारम्भ समाजसेवी जयकिशन गोयल एवं मुजफ्फरनगर के रेशु एडवरटाइजिंग कम्पनी के संस्थापक सत्यप्रकाश रेशु, प्रबंधक लोकेश उर्फ पोली सिंघल, अध्यक्ष रविंद्र नागर ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। जिसमें मां भगवती के चरणों में बैठने के लिए मुख्य यजमान की बोली मित्र कुमार गर्ग पुत्र पंकज गर्ग निवासी बहसूमा ने 76101 रुपये में सर्वाधिक बोलीं बोलकर सौभाग्य प्राप्त किया एवं सारथी की बोली अनुज गर्ग पुत्र नरेंद्र गर्ग निवासी बहसूमा ने 36101 में लगाकर अपने नाम कर मां के चरणों में बैठने का सौभाग्य प्राप्त किया। मां भगवती की शोभायात्रा श्री शिव दुर्गा मंदिर परिसर से शुरू होकर नगर मैन रोड, मोहल्ला सड़कवाला, मैंन बाजार, हल्ला मंगल बाजार, मोहल्ला जुमेरात, मोहल्ला चौखट्टा, मोहल्ला मार्कपुरिया, मोहल्ला छिप्पीवाला, मोहल्ला चेनपुरा से होती हुई पुनः मंदिर में संपन्न हुई। मां भगवती की शोभा यात्रा का श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्पवर्षा स्वागत किया गया। बैडबाजो की धुन पर बज रहे धार्मिक गीतों पर नृत्य भी किया। जगह-जगह जल पान की व्यवस्था भी की गई। युवाओं ने मां भगवती के रथ को पैदल खींचकर जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ रहें थे। शोभायात्रा में मुख्य रूप से समिति प्रबंधक लोकेश उर्फ पोली सिंघल, समिति अध्यक्ष रविन्द्र नागर, विपिन माहेश्वरी, अमरीश गोयल, राम अवतार शर्मा, रविशंकर कौशिक, शिवम माहेश्वरी, अजयपाल राठी, राहुल सिंघल, अश्वनी देशवाल, भूषण शर्मा, राम बहादुर, मास्टर रामबीर चाहल, अभिषेक गौड़, स्पर्श सिंघल, चिंटू सिंघल, शैंकी सिंघल, वैभव गौड़, आदिराज गौड़, सचिन कुमार प्रजापति, अक्षत उपाध्याय, काले सिंह आदि का सहयोग रहा। शोभा यात्रा को संपन्न कराने के लिए अंडर ट्रेनिंग डीएसपी एवं थाना प्रभारी क्रिष राजप. ूत पुलिस बल को साथ लेकर तैनात रहे।



# सिटी वोकेशनल स्कूल में मनाया दशहरा पर्व



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कैंट स्थित सिटी वोकेशनल पब्लिक स्कूल में मंगलवार को असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक दशहरा पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की निदेशिका डॉ. हिमानी अग्रवाल का स्वागत प्रधानाचार्य एन.पी. सिंह एवं कोऑर्डिनेटर्स ने किया। इस अवसर पर प्राइमरी विंग के बच्चों ने राम जन्मोत्सव से रावण वध तक की लीलाओं का मनमोहक मंचन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंचन के बाद रावण दहन कर बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया गया। श्रीराम नाम के जयकारों से पूरा परिसर राममय हो उठा। डॉ. हिमानी अग्रवाल और प्रधानाचार्य एन.पी. सिंह ने सभी को दशहरे की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कोऑर्डिनेटर ज्योति अहलूवालिया तथा शिक्षक शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा। मंच संचालन कक्षा चार की छात्राओं अर्पिता भारद्वाज और समृद्धि ने किया।

# मोहसिन नकवी ने एशिया कप ट्रॉफी एसीसी दफ्तर में जमा कराई

**● बीसीसीआई ने पद से हटाने की चेतावनी दी थी, बिना एशिया कप ट्रॉफी भारत लौटी थी भारतीय टीम**

**दुबई, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चीफ और एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) के प्रमुख मोहसिन नकवी ने एशिया कप ट्रॉफी एसीसी आफिस में जमा करा दी है।

रविवार, 28 सितम्बर को हुए एशिया कप फाइनल के बाद भारतीय टीम ने नकवी के हाथों ट्रॉफी लेने से मना कर दिया था। इसके बाद एसीसी के किसी अन्य अधिकारी से टीम को ट्रॉफी देने की जगह नकवी इसे अपने साथ होटल ले गए थे। वे इस बात पे अड़ गए थे कि भारतीय टीम को वही ट्रॉफी देंगे। इसके दो दिन बाद मंगलवार को



एसीसी की सालाना बैठक हुई। इसमें भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने नकवी को जल्द से जल्द ट्रॉफी वापस करने को कहा था। एनडीटीवी ने सूत्रों के हवाले से खबर दी है कि भारतीय अधिकारियों ने नकवी को चेतावनी दी थी कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो उनको एसीसी प्रमुख के पद से हटाया जा सकता है। इसके बाद नकवी ने ट्रॉफी ने जमा कराई है। अब यह ट्रॉफी भारत को कैसे दी जाएगी इस पर फैसला बाकी है। मंगलवार को बीसीसीआई ने एसीसी की एनुअल जनरल मीटिंग में भारत ने चैंपियन बनने के बावजूद ट्रॉफी नहीं दिए जाने का कड़ा विरोध किया था। इस पर नकवी ने सफाई देते हुए कहा था कि उन्हें लिखित में कहीं से यह सूचना नहीं दी गई थी कि भारतीय टीम उनसे ट्रॉफी नहीं लेगी। उन्होंने कहा- श्मैं तो वहां बिना वजह एक कार्टून की तरह खड़ा था। 29 सितम्बर को बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा था कि वह इस मामले को नवंबर में होने वाली आईसीसी मीटिंग में भी रखेंगे।

# सिनर ने जीता चाइना ओपन का खिताब

**● जैनिक सिनर ने पुरुष एकल फाइनल में अमेरिका के लर्नर टिएन को 6-2, 6-2 से हराकर दूसरा चाइना ओपन खिताब जीता**

**बीजिंग, वार्ता।** इटली के जैनिक सिनर ने बुधवार को पुरुष एकल फाइनल में अमेरिकी युवा खिलाड़ी लर्नर टिएन को 6-2, 6-2 से हराकर अपना दूसरा चाइना ओपन खिताब जीता। शीर्ष वरीयता प्राप्त और दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी ने डायमंड कोर्ट पर शानदार शुरुआत की, दो बार सर्विस तोड़ी और पहला सेट सिर्फ़ 34 मिनट में जीत लिया। 19 वर्षीय टिएन, जो 52वें स्थान पर हैं और अपना पहला एटीपी फ़ाइनल खेल रहे थे, ने दूसरे सेट की शुरुआत में ही अपना स्तर बढ़ा दिया और पहले चार गेम तक अपनी पकड़ बनाए रखी।

लेकिन सिनर ने पांचवें और सातवें गेम में सर्विस तोड़कर मैच पर कब्ज़ा कर लिया। 5-2 के स्कोर पर चैंपियनशिप के लिए सर्विस करते हुए, 24 वर्षीय इतालवी खिलाड़ी ने अपना तीसरा मैच पॉइंट हासिल करके एक घंटे 12 मिनट में सीधे सेटों में जीत हासिल की। यह सिनर का लगातार तीसरा बीजिंग फ़ाइनल था। उन्होंने 2023 में सेमीफ़ाइनल में कार्लोस अल्काराज को हराने



के बाद खिताबी मुकाबले में दानिल मेदवेदेव को हराकर जीत हासिल की थी।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को छह विकेट से हराया

**न्यूजीलैंड, वार्ता।** कप्तान मिचेल मार्श (85 ) की विस्फोटक बल्लेबाजी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को पहले टी-20 मुकाबले में 21 गेंदें शेष रहते न्यूजीलैंड को छह विकेट से हरा दिया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली हैं। 182 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मेहमान टीम ऑस्ट्रेलिया के लिए मिचेल मार्श और ट्रैविस हेड की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 67 रन जोड़े। छठे ओवर में मैट हेनरी ने ट्रैविस हेड (18 गेंदों में 31 रन) को आउटकर न्यूजीलैंड को पहली सफलता दिलाई। ऑस्ट्रेलिया का दूसरा विकेट 12वें ओवर की पहली गेंद पर मैथ्यू शॉर्ट (18 गेंदों में 29 रन) के रूप में गिरा। उन्हें जेमीसन ने पगबाधा आउट किया।

### बांग्लादेश के प्रमुख कोच को आया हल्का स्ट्रोक

**कोलंबो, वार्ता।** बांग्लादेश महिला टीम के प्रमुख कोच सरवर इमरान को सोमवार को कोलंबो में हल्का स्ट्रोक आया, जहां टीम पाकिस्तान के खिलाफ अपने पहले विश्व कप मैच की तैयारी कर रही है। टीम मैनेजर एसएम गोलाम फ़ैयाज ने ईएसपीएन क्रिकइंफो को यह खबर दी और बताया कि इमरान अब स्थिर हालत में हैं। फैयाज ने कहा कि (सरवर) इमरान सर को कुछ दिन पहले चक्कर आ रहे थे और सोमवार को यह जारी रहा। हम उन्हें अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने हल्का ब्रेन स्ट्रोक पाया। मैनेजर ने बताया कि इमरान को मंगलवार को अस्पताल से छुटी मिल गई। वह अब टीम होटल में आराम कर रहे हैं। हालांकि वह मंगलवार के अभ्यास सत्र में शामिल होना चाहते थे। फैयाज ने कहा कि हमने सर से आज आराम करने को कहा। वह उम्मीद कर रहे हैं कि कल (बुधवार) हमारे साथ ग्राउंड पर जाएंगे।

### ग्रीव्स, रदरफोर्ड वारिकन को क्रिकेट वेस्टइंडीज का अनुबंध मिला

**नई दिल्ली, वार्ता।** क्रकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने 2025-26 के लिए पुरुषों के अंतर्राष्ट्रीय अनुबंधों की अपनी सूची में तीन बदलाव किए हैं, जिसमें पूर्व टेस्ट कप्तान क्रेग ब्रैथवेट, जोशुआ दा सिल्वा और कावेम हॉज शामिल नहीं हैं। उनकी जगह जस्टिन ग्रीव्स, शेरफेन रदरफोर्ड और जोमेल वारिकन को 15 खिलाड़ियों की सूची में शामिल किया गया है। महिलाओं के अंतर्राष्ट्रीय रिटेनर्स की सूची में, तेज गेंदबाज जैनिलिया ग्लासगो और शॉनिशा हेक्टर को 13 खिलाड़ियों की सूची में शामिल किया गया है, जबकि शमिलिया कॉनेल, चेरी एन फ्रेजर, चेडियन नेशन और रशदा विलियम्स इस सूची का हिस्सा नहीं हैं। कोर ग्रुप यथावत रहेगा।

# टी-20 रैंकिंग में अभिषेक का वर्ल्ड रिकॉर्ड

**● 14 साल के इतिहास में सबसे ज्यादा पाइंट्स वाले भारतीय बल्लेबाज, गेंदबाजी में वरुण नंबम्बर-1**

**दुबई, वार्ता।** पाकिस्तान के ऑलराउंडर सईम अयूब पुरुषों की टी20 रैंकिंग में नए नंबर 1 ऑलराउंडर बने हैं, जबकि भारत के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने सबसे ज्यादा रेटिंग प्वाइंट का रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

उन्होंने पुरुषों की टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में अपनी बढ़त को और बढ़ाया है। अयूब ऑलराउंडरों की रैंकिंग में चार स्थान ऊपर जाकर पहले स्थान पर पहुंचे और उन्होंने भारत के ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या को पीछे छोड़ा। अयूब ने एशिया कप की छह पारियों में आठ विकेट लिए थे। हालांकि उन्होंने सात पारियों में सिर्फ़ 37 रन बनाए



और चार बार शून्य पर आउट हुए। अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी एक स्थान गिरकर तीसरे स्थान पर आ गए हैं, जबकि नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी और ज़िम्बाब्वे के सिकंदर रज़ा भी शीर्ष पांच में शामिल हैं। अभिषेक श्रीलंका के खिलाफ अर्द्धशतक लगाने के बाद 931 रेटिंग अंक तक पहुंचे हैं। उन्होंने अब डाविड मलान के 2020 में बनाए गए 919 अंकों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। अभिषेक ने पिछले साल ही डेब्यू किया था और उन्होंने एशिया कप में 44-85 की औसत और 200 के स्ट्राइक रेट से 314 रन बनाए और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का अवॉर्ड जीता।

अब उनके पास इंग्लैंड के फ़िल सॉल्ट से 82 अंकों की बढ़त है, जो दूसरे स्थान पर बने हुए हैं, जबकि भारत के तिलक वर्मा तीसरे पर हैं। जॉस बटलर चौथे स्थान पर बने हुए हैं, जबकि एशिया कप में 261 रन बनाने के बाद पथुम निसंका नंबर 5 पर पहुंच गए हैं। गेंदबाजों में वरूण चक्रवर्ती ने एशिया कप में सात विकेट लेकर पहला स्थान बरकरार रखा है। कुलदीप यादव 17 विकेट लेने के बाद नौ स्थान ऊपर बढ़कर 12वें पर पहुंच गए हैं। शाहीन शाह अफरीदी 12 स्थान ऊपर बढ़कर संयुक्त रूप से 13वें स्थान पर हैं, जबकि बांग्लादेश के रिशाद हुसैन छह स्थान ऊपर चढ़कर 20वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

# जब किसी देश का नेतृत्व इस तरह के आयोजन में दिलचस्पी लेता है तो बड़ा बदलाव होता है: पार्सन्स

**नई दिल्ली, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय पैरालंपिक समिति (आईपीसी) के अध्यक्ष एंड्रयू पार्सन्स ने बुधवार को कहा कि जब किसी देश का नेतृत्व इस तरह के आयोजन में दिलचस्पी लेता है तो बड़ा बदलाव होता है।

हाल के वर्षों में भारत के पैरा खेल आंदोलन ने तेज और उल्लेखनीय प्रगति की हैं और यहां आयोजित इंडियनऑयल नई दिल्ली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 इस प्रगति की आकांक्षाओं का जीवंत उदाहरण हैं। आज यहां जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में वैश्विक पैरा खेल जगत की दो प्रमुख हस्तियों अंतर्राष्ट्रीय पैरालंपिक समिति (आईपीसी) के अध्यक्ष एंड्रयू पार्सन्स और वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स के प्रमुख पॉल फिट्जगेराल्ड ने मीडिया

**● हाल के वर्षों में भारतके पैरा खेल आंदोलन ने तेज और उल्लेखनीय प्रगति की**

के समक्ष भारत की उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में भारत के पैरा खेल आंदोलन ने तेज और उल्लेखनीय प्रगति की हैं।

हाल ही में तीसरी बार आईपीसी अध्यक्ष बने पार्सन्स ने कहा कि यहां विकास साफ दिखता है। सरकार का सहयोग स्पष्ट है और हम भारत में पैरा खेलों की पारिस्थितिकी को और बेहतर समझने की कोशिश कर रहे हैं। यह एक सतत प्रक्रिया है लेकिन गति सकारात्मक है। जब किसी देश का नेतृत्व दिलचस्पी लेता है तो बड़ा बदलाव होता है। हमने यह अनुभव रियो 2016 में किया था। आज भारत भी वही वादा और संभावना दिखा रहा है। फिट्जगेराल्ड ने इस आयोजन को ऐतिहासिक अवसर बताते हुए कहा कि हर विश्व चैम्पियनशिप एक अवसर होती है दुनिया को यह दिखाने का कि 1-2 अरब दिव्यांग लोगों के लिए क्या संभव है।

यह न सिर्फ उत्कृष्टता और उच्च प्रदर्शन दिखाने का मौका है, बल्कि एक समुदाय के रूप में जुड़ने का भी माध्यम है। 2015 में दोहा विश्व चैम्पियनशिप में भारत ने सिर्फ दो पदक जीते थे। पिछले साल कोबे में भारत ने 17 पदक हासिल किए। यहां नई दिल्ली में पदक तालिका पहले से ही तेजी से बढ़ रही है। सरकार का समर्थन और खेल सुविधाओं का नवीनीकरण नई पीढ़ी को प्रेरित कर रहा है।

# विंडीज ने नेपाल को हराकर सांत्वना जीत हासिल की

**● विंडीज ने नेपाल को 122 रनों पर ऑलआउट किया फिर 13 ओवरों में ही बिना कोई विकेट खोए मैच जीता**

**शारजाह, वार्ता।** वेस्टइंडीज ने मंगलवार (30 सितम्बर) को शारजाह में खेले गए अंतिम टी-20 मैच में नेपाल को हराकर सांत्वना जीत हासिल की। श्रृंखला में चौंकाने वाले तरीके से हारने के बाद, वेस्टइंडीज ने जोरदार वापसी की और पहले नेपाल को केवल 122 रनों पर ऑल आउट कर दिया, फिर 13 ओवरों में ही बिना कोई विकेट खोये लक्ष्य हासिल कर लिया।

उत्साहित नेपाली टीम ने कुशल मल्ला द्वारा अकील हुसैन की गेंद पर चौका और कुशल भुर्टेल द्वारा दो छक्के लगाकर अच्छी शुरुआत की। हालांकि उनकी शुरुआत अच्छी नहीं रही, लेकिन नेपाल के सलामी बल्लेबाजों ने पावरप्ले में 37 रन जोड़कर एक मजबूत आधार तैयार किया। लेकिन जैसे ही जेसन होल्डर और होसेन ने जम चुके बल्लेबाज़ों को आउट किया, नेपाल की पारी का अंत होने में समय नहीं लगा। रेमन सिमंड्स ने रोहित पौडेल का बड़ा विकेट लिया और गुलसन झा रन आउट हो गए, जिससे नेपाल का स्कोर 85/4 हो गया। एक साझेदारी की सख्त जरूरत के चलते, नेपाल ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए। सिमंड्स ने चार विकेट लिए और नेपाल पारी के आखिरी ओवर में ऑलआउट हो गया। जवाब में, वेस्टइंडीज को पहली ही गेंद पर जीवनदान मिला और आमिर जंगू ने इसका पूरा फ़ायदा उठाया। हालांकि, अकीम ऑगस्टे ने शुरुआत में ही अपना प्रभाव छोड़ा। एक छक्का जड़ने के बाद, जो छत पर जा लगा, उन्होंने लगातार बाउंड्री पार कराई और वेस्टइंडीज का स्कोर सिर्फ़ तीन ओवर में 30/0 हुई।

# विंडीज के खिलाफ अजेय रिकॉर्ड को बरकरार रखने उतरेगा भारत

**● इंग्लैंड में धमाकेदार वापसी करने वाले कप्तान गिल अनुभवी खिलाड़ियों का साथ पाकर टीम की कमान संभालेंगे**

**अहमदाबाद, वार्ता।** नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुरुवार से शुरु हो रहे पहले टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज के खिलाफ 23 साल से टेस्ट मैचों में अजेय भारत इस बार भी जीत के प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगा। इंग्लैंड में धमाकेदार वापसी करने वाले युवा कप्तान शुभमन गिल, केएल राहुल, रवींद्र जडेजा और जसप्रीत बुमराह जैसे अनुभवी खिलाड़ियों का साथ पाकर टीम की कमान संभालेंगे। नए खिलाड़ी साई सुदर्शन, देवदत्त पडिक्कल और नितीश रेड्डी टीम में शामिल हैं। भारत की बल्लेबाजी लाइनअप में गहराई



और बहुमुखी प्रतिभा है। राहुल और यशस्वी जायसवाल ओपनिंग करेंगे, सुदर्शन तीसरे नंबर पर, गिल चौथे नंबर पर, रेड्डी, ध्रुव जुरेल, वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल और खतरनाक स्पिनर कुलदीप यादव निचले क्रम में हैं। जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज का गेंदबाजी आक्रमण भी खतरनाक है। बुमराह अपनी गेंदबाजी से, मोहम्मद सिराज अपनी आतिशी गेंदबाजी से और स्पिनर बीच के ओवरों में दमदार प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं जो कि वेस्टइंडीज के अनुभवी बल्लेबाजों को भी परेशान कर सकता है। वेस्टइंडीज की चुनौती इसलिए बहुत बड़ी है, क्योंकि टीम में शमर जोसेफ और अल्जारी जोसेफ नहीं हैं। ऐसे में जेडन सील्स तेज गेंदबाजी का नेतृत्व कर रहे हैं, जबकि कप्तान रोस्टन चेज, शाई होप, ब्रैंडन किंग और जॉन कैंपबेल को किसी तरह टीम को संभालना होगा। टीम के अधिकांश खिलाड़ियों ने 15 से कम टेस्ट मैच खेले हैं। पिच की बात की जाये तो यहां शुरुआत में रन बनते हैं लेकिन धीरे-धीरे यह टर्न लेती है और बाद में बल्लेबाजों के लिए मुश्किल है।

# तमीम इकबाल ने बीसीबी चुनावों से नामांकन लिया वापस

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश के पूर्व कप्तान तमीम इकबाल ने छह अक्टूबर को होने वाले बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के चुनाव से अपनी बुधवार को उम्मीदवारी वापस ले ली है। बाए हाथ के इस सलामी बल्लेबाज ने आज औपचारिक रूप से अपना नामांकन पत्र वापस लेने के लिए बीसीबी मुख्यालय का दौरा किया। बाद में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आप जानते हैं कि आज हमने अपना नामांकन वापस ले लिया है। मुझे मिलाकर हममें से लगभग 14-15 लोगों ने अपना नामांकन वापस ले लिया है। इस वापसी का कारण सभी को पता है मुझे नहीं लगता कि आपको कोई विवरण या स्पष्टीकरण देने की आवश्यकता है। तमीम ने शुरुआत में बीसीबी चुनाव में निदेशक पद के लिए चुनाव लड़ने में रुचि दिखाई थी, लेकिन आखिरी समय में उन्होंने



अपना मन बदल लिया। नामांकन दाखिल करने के बाद, उन्होंने खुले तौर पर इस प्रक्रिया में सरकारी हस्तक्षेप का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मैं शुरू से ही एक बात कहता रहा हूं और अब आप सभी इस बारे में स्पष्ट हैं। यह चुनाव किस दिशा में जा रहा है या इसे कैसे संचालित किया जा रहा है। जो भी किसी भी समय सही लगता है, जो भी वे करना चाहते हैं, किया जा रहा है। वास्तव में चुनाव नहीं है और यह किसी भी तरह से क्रिकेट के अनुकूल नहीं है। मुझे यकीन है कि जब चुनाव आयोग आज नाम वापस लेने वालों की सूची देगा, तो आप उनके नाम

# कैथरीन ने स्वर्ण पदकों की हैट्रिक पूरी की



**नई दिल्ली, वार्ता।** इंडियनऑयल नई दिल्ली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में महिलाओं की 5000 मीटर टी54 और 800 मीटर टी53 स्पर्धाओं में पहले ही स्वर्ण पदक जीत चुकीं कैथरीन डेब्रनर ने बुधवार सुबह 3:16:81 मिनट के चैंपियनशिप रिकॉर्ड समय के साथ 1500 मीटर टी54 का खिताब भी अपने नाम किया। इसी के साथ वह इस

**● कैथरीन ने बुधवार सुबह 3:16:61 मिनट के चैंपियनशिप रिकॉर्ड समय के साथ 1500 मी. टी54 का खिताब अपने नाम किया**

चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली एथलीट बनीं।

गत चैंपियन झोउ झाओकियान (चीन) 800 मीटर के बाद दूसरी बार दूसरे स्थान पर खिसक गईं। चीनी खिलाड़ी अगले कुछ दिनों में 100 मीटर और 400 मीटर स्प्रिंट में डेब्रनर को मात देने की उम्मीद कर रही होंगी, लेकिन डेब्रनर के पास पेरिस 2024 पैरालंपिक खेलों में चार स्वर्ण पदक जीतने का अनुभव है और वह इस बार भी बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगी।

पुरुषों की शॉट पुट एफ36 स्पर्धा में व्लादिमीर स्विरिडोव (न्यूट्रल पैरा एथलीट) ने अपने अंतिम प्रयास में 17.01 मीटर का शानदार थ्रो फेंककर स्वर्ण पदक जीता। पिछली बार सर्कल में प्रवेश करने पर, रूस में जन्मे इस एथलीट ने 16-93 मीटर का थ्रो फेंककर गत चैंपियन यासीन गुएनिची से बढ़त हासिल की थी, लेकिन आखिरी प्रयास में गुएनिची उनसे आगे निकल गए।

गुएनिची पहले दो राउंड के बाद 16.57 मीटर और 16.74 मीटर के थ्रो के साथ आठ एथलीटों के समूह में सबसे आगे थे,

# बुमराह के दोनों टेस्ट में खेलने का फैसला पहले मैच के बाद: गिल

**अहमदाबाद, वार्ता।** भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने कहा है की तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के वेस्ट इंडीज के खिलाफ दोनों टेस्ट में खेलने का फैसला पहले मैच के बाद किया जाएगा। गिल ने वेस्ट इंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट की पूर्व संध्या पर बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह बात कही। इंग्लैंड में यह लगातार चर्चा का विषय रहा क्योंकि सीरीज से पहले ही ऐलान किया गया था कि बुमराह पांच में से सिर्फ़ तीन टेस्ट खेलेंगे ताकि उनकी फ़िटनेस मैनेज हो सके। अब क्या होगा? गिल ने कहा कि हम फ़ैसला मैच-दर-मैच लेंगे। हम यह भी देखेंगे कि टेस्ट मैच कितना लंबा गया और हमारे तेज गेंदबाज ने कितने ओवर डाले। कुछ भी पहले से तय नहीं है। हम फ़ैसला तब करेंगे जब टेस्ट खत्म होगा और देखेंगे कि हमारे तेज गेंदबाज कैसा महसूस कर रहे हैं और उनकी बॉडी कैसी है। वहीं एक बल्लेबाज के रूप में मुझे नहीं लगता कि यह शारीरिक थकान है, बल्कि यह ज़्यादा मानसिक है। गेंदबाजों के लिए यह थोड़ा अलग है। फ़िलहाल मैं तरोताजा महसूस कर रहा हूं और मेरा शरीर तैयार है। मैं सिर्फ़ इस हफ्ते और अगले हफ्ते पर ध्यान दे रहा हूं और उसी हिसाब से फ़ैसले लूंगा। भारतीय कप्तान ने कहा कि बुमराह के दोनों टेस्ट में खेलने पर फ़ैसला पहले मैच के बाद ही होगा।

## हम ऐसी विकेट पर खेलना चाहते हैं, जो गेंदबाजों और बल्लेबाजों दोनों को कुछ दे: शुभमन गिल

**अहमदाबाद, वार्ता।** भारत के टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने कहा है कि पिछली घरेलू सीरीज में न्यूजीलैंड के खिलाफ मिली 3-0 के हार के बाद वेस्टइंडीज के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करना बहुत ज़रूरी हो गया है। अहमदाबाद टेस्ट से एक दिन पहले पत्रकारों से बात करते हुए गिल ने कहा, षपिछले कुछ सालों में अगर आप टेस्ट मैच देखें तो वे पांच दिन तक नहीं चले हैं। इसलिए हमारा लक्ष्य हार्ड क्रिकेट खेलना है। इंग्लैंड में हमने जितने भी टेस्ट खेले, सभी पांचवे दिन तक गए,।

मेरा मानना है कि आप हमसे यही उम्मीद कर सकते हैं कि हम अच्छा, सख्त और धैर्य वाला क्रिकेट खेलेंगे और आसान विकल्प नहीं तलाशेंगे। हमारे पास किसी भी तरह की स्थिति में दबदबा बनाने की क़ाबिलियत है। हमारे पास जो प्रतिभा है, उससे हम किसी भी परिस्थिति से वापसी कर सकते हैं। पिछले कुछ सालों में जब भारत ने टेस्ट क्रिकेट के लिए टीमों की मेजबानी की है तो अक्सर टर्निंग पिचें तैयार की गई हैं। इस साल इंग्लैंड में भारत ने 2-2 की सीरीज में अच्छा मुक़ाबला किया, तो अब कैसी पिच की उम्मीद करनी चाहिए? गिल ने कहा कि मैं उन चर्चाओं पर कुछ नहीं कह सकता, जो मेरे आने से पहले हुई, लेकिन हम ऐसी विकेटों पर खेलना चाहेंगे जो बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों को कुछ दे।लेकिन यह भी सच है कि जब भी कोई टीम भारत आती है तो असली चुनौती स्पिन और रिवर्स स्विंग होती है। अगर टीमें स्पिन को अच्छे से खेल पाती हैं और रिवर्स स्विंग को चुनौती दे पाती हैं तो उन्हें अच्छी क़ामयाबी मिल सकती है। तो इन चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए आप ऐसी विकेट पर खेलना चाहेंगे, जो बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों को मदद दे। इंग्लैंड में भारत ने तेज गेंदबाजी पर आधारित आक्रमण चुना था और सिर्फ रवींद्र जडेजा और वॉशिगंटन सुंदर जैसे ऑलराउंडर्स ही स्पिनर थे, जबकि कुलदीप यादव को पांचों टेस्ट में नहीं खिलाया गया।

# एनसीआरबी की रिपोर्ट

नेशनल रिकॉर्ड्स ब्यूरो (एनसीआरबी) ने देश में 2023 के दौरान हुए अपराधों की रिपोर्ट्स सार्वजनिक की है। रिपोर्ट के आंकड़े बता रहे हैं कि अपराधों पर इस तरह का नियंत्रण नहीं हो पा रहा है जिस तरह की सरकारें दावा करती हैं। 2023 में कुल अपराधों की बात करें, तो 62 लाख 41 हजार 569 अपराध दर्ज हुए हैं, जो 2022 की तुलना में 7 फीसदी ज्यादा हैं। यह देखना बेहद दुखद है कि इन अपराधों में सबसे बड़ी संख्या महिलाओं को लेकर है। महिलाओं पर 4 लाख 48 हजार अपराध दर्ज हुए हैं। जो दस साल में सबसे ज्यादा हैं। यह देखना भी बेहद दिलचस्प है कि उप्र समग्र अपराध हत्या अपहरण और सड़क दुर्घटनाओ में उच्च स्थान पर है। वहीं महिलाओं के खिलाफ अपराध और दुष्कर्म मामले में राजस्थान सबसे आगे है। रंगदारी में जरूर महाराष्ट्र सबसे आगे निकलता दिखाई दे रहा है। इस रिपोर्ट के अनुसार राज्यो में हत्या और अपहरण मामलों में उप्र व बिहार ऊपर हैं। इससे साफ है कि गंभीर अपराध इन दोनो राज्यो में अधिक है। रिपोर्ट बताती है कि सड़क हादसों के मामले में भी उप्र टॉप पर है। देशभर में साइबर क्राइम के मामलों में 31 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज हुई है। इस संबंध में 86 हजार 420 केस दर्ज हुए। इनमें भी साइबर के माध्यम से हत्या के मामले में यूपी, दुष्कर्म में राजस्थान और लूट में महाराष्ट्र सबसे आगे रहा। साइबर के सबसे कम मामले सिक्किम में दर्ज किए गए। हत्या के मामले में यूपी, बिहार के बाद महाराष्ट्र और एमपी का नंबर आया है। केंद्रशासित प्रदेशों की बात करें, तो हत्याओं की सबसे अधिक वारदात देश की राजधानी दिल्ली में हुई। जैसाकि हमने पहले ही कहा कि यह तब है जब तमाम सरकारें यह दावा करती हैं कि हमने अपराधों पर अंकुश पा लिया है। एनसीआरबी की रिपोर्ट साफ संकेत दे रही है कि सरकारों के दावे खोखले साबित हो रहे हैं। भले ही वह अपने बयानों के माध्यम से वहां के मुख्यमंत्री व अन्य नेतागण बड़ी बातें करते हों लेकिन जमीनी हकीकत इससे इतर है। यूपी की ही बात करें तो सीएम योगी आदित्यनाथ अपराधों को लेकर बेहद सख्त दिखाई देते हैं, पुलिस ने बाकायदा अपराधियों के खिलाफ हॉफ एनकाउंटर भी चलाया हुआ है, लेकिन रिपोर्ट से साफ है कि यह कवायद जमीन पर कोई रंग लाती दिखाई नहीं दे रही है, बल्कि सच्चाई यह है कि अपराध घटने के बजाए और बढ़ोतरी की तरफ इशारा कर रहे हैं। यूं तो यह रिपोर्ट 2023 के आंकड़ों पर आधारित है और 2024 के आने बाकी हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर जिस तरह के हालात हैं, उसको देखकर नहीं लगता कि यह आंकड़े 2023 से इतर होंगे। रोज हम देखते हैं कि किस तरह समाचार पत्रों में अपराधों की घटनाओं की बाढ़ सी आई हुई होती है, जो इशारा करती है कि अपराधों का ग्राफ तेजी से बढ़ता जा रहा है और पुलिस की सारी कवायद अपराधियो में वह खौफ पैदा नहीं कर पा रही है, जिस तरह का खौफ होना चाहिए। यह कहानी किसी एक राज्य की नहीं है। कमोबेश देश के मुख्य राज्यों का यही हाल है। निश्चित रूप से अपराधों का बढ़ता ग्राफ हमें गंभीर चिंतन की तरफ ले जाने के लिए मजबूर करता है, लेकिन क्या हमारी राज्य सरकारें इस पर गंभीरता से विचार करेंगी।

## कश्मीरियों को बंदूक का डर दिखा रही भाजपा



कश्मीर में लोगों को जबरन, यहां तक कि बंदूक की नोक पर राष्ट्रगान के लिए खड़ा किया जा रहा है, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि भाजपा ने हालात ऐसे बना दिए हैं कि लोगों को राष्ट्रगान के लिए मजबूर किया जा रहा है, जब मैं स्टूडेंट थी, तो हम अपनी इच्छा से राष्ट्रगान के सम्मान में खड़े होते थे, लेकिन अब यह दबाव डालकर करवाया जा रहा है, यह सरकार की विफलता है, हमारे खेल मैदान छीने जा रहे हैं, अगर युवाओं से ये सार्वजनिक स्थान छीन लिए गए, तो असंतोष बढ़ेगा, पुलिस हमारी रक्षक हैं, शहीदों का स्मारक कहीं और भी बनाया जा सकता है, जम्मू-कश्मीर में ऐसी जगहों की कमी नहीं है।

**महबूबा मुफ्ती, पीडीपी प्रमुख**

# राष्ट्र साधना के सौ वर्ष



**नरेंद्र मोदी**



100 वर्ष पूर्व विजयदशमी के महापर्व पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना हुई थी। ए हजारों वर्षों से चली आ रही उस परंपरा का पुनर्स्थापन था, जिसमें राष्ट्र चेतना समय-समय पर उस युग की चुनौतियों का सामना करने के लिए,नए-नए अवतारों में प्रकट होती है। इस युग में संघ उसी अनादि राष्ट्र चेतना का पुण्य अवतार है। ए हमारी पीढ़ी के स्वयंसेवकों का सौभाग्य है कि हमें संघ के शताब्दी वर्ष जैसा महान अवसर देखने मिल रहा है। मैं इस अवसर पर राष्ट्रसेवा के संकल्प को समर्पित कोटि-कोटि स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं देता हूं। मैं संघ के संस्थापक, हम सभी के आदर्श परम पूज्य डॉक्टर हेडगेवार जी के चरणों में श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। संघ की 100 वर्षों की इस गौरवमई यात्रा की स्मृति में भारत सरकार ने विशेष डाक टिकट और स्मृति सिक्के भी जारी किए हैं।

जिस तरह विशाल नदियों के किनारे मानव सभ्यताएं पनपती हैं, उसी तरह संघ के किनारे भी सैकड़ों जीवन पुष्पित-पल्लवित हुए हैं। जैसे एक नदी जिन रास्तों से बहती हैं, उन क्षेत्रों को अपने जल से समृद्ध करती हैं, वैसे ही संघ ने इस देश के हर क्षेत्र, समाज के हर आयाम को स्पर्श किया है। जिस तरह एक नदी कई धाराओं में खुध्द को प्रकट करती है, संघ की यात्रा भी ऐसी ही है। संघ के अलग-अलग संगठन भी जीवन के हर पक्ष से जुड़कर राष्ट्र की सेवा करते हैं। शिक्षा, कृषि, समाज कल्याण, आदिवासी कल्याण,महिला सशक्तिकरण, समाज जीवन के ऐसे कई क्षेत्रों में संघ निरंतर कार्य करता रहा है। विविध क्षेत्र में काम करने वाले हर संगठन का उद्देश्य एक ही है, भाव एक ही है।

अपने गठन के बाद से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राष्ट्र निर्माण का विराट उद्देश्य लेकर चला। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए संघ ने व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण रास्ता चुना और इस चलने के लिए जो कार्यपद्धति चुनी वो थी नित्य-नियमित चलने वाली शाखाएं। संघ शाखा का मैदान, एक ऐसी प्रेरणा भूमि है, जहां से स्वयंसेवक की अहम् से वयं की यात्रा शुरू होती है। संघ की शाखाएं व्यक्ति निर्माण की यज्ञवेदी हैं। राष्ट्र निर्माण का महान उद्देश्य, व्यक्ति निर्माण का स्पष्ट पथ और शाखा जैसी सरल, जीवंत कार्यपद्धति यही संघ की सौ वर्षों की यात्रा का आधार बने। इन्हीं स्तंभों पर खड़े होकर संघ ने लाखों स्वयंसेवकों को गढ़ा, जो विभिन्न क्षेत्रों में देश को आगे बढ़ा रहे हैं।

संघ के लिए देश की प्राथमिकता ही उसकी अपनी प्राथमिकता रही। आजादी की लड़ाई के समय परम पूज्य डॉक्टर हेडगेवार जी समेत अनेक कार्यकर्ताओं ने स्वतंत्रता आंदोलन में हिस्सा लिया, डॉक्टर साहब कई बार जेल तक गए। आजादी की लड़ाई में कितने ही स्वतन्त्रता सेना. नियों को संघ संरक्षण देता रहा। उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करता रहा। आजादी के बाद भी संघ निरंतर राष्ट्र साधना में लगा रहा। इस यात्रा में संघ के खिलाफ साजिशें भी हुईं, संघ को कुचलने का प्रयास भी हुआ। ऋषितुल्य परम पूज्य गुरु जी को झूठे केस में फंसाया गया। लेकिन संघ के स्वयंसेवकों ने कभी कटुता को स्थान नहीं दिया। क्योंकि वो जानते है, हम समाज से अलग नहीं हैं, समाज हमसे ही तो बना है। समाज के साथ एकात्मता और संवैधानिक संस्थाओं के प्रति आस्था ने संघ के स्वयंसेवकों को हर संकट में स्थित प्रज्ञ रखा है। समाज के प्रति संवेदनशील बनाए रखा है।

प्रारंभ से संघ राष्ट्रभक्ति और सेवा का पर्याय रहा है। जब विभाजन की पीड़ा ने लाखों परिवारों को बेघर कर दिया, तब स्वयंसेवकों ने शरणार्थियों की सेवा की। हर आपदा में संघ के स्वयंसेवक अपने सीमित संसाधनों के साथ सबसे आगे खड़े रहते रहे। यह केवल राहत नहीं थी, यह राष्ट्र की आत्मा को संबल देने का कार्य था। खुद कष्ट उठाकर दूसरों के दुख हरना। यह हर स्वयंसेवक की पहचान है। आज भी प्राकृतिक आपदा में हर जगह स्वयंसेवक सबसे पहले पहुंचने वालों में से एक रहते हैं। अपनी 100 वर्षों की इस यात्रा में, संघ ने समाज के अलग-अलग वर्गों में आत्मबोध जगाया। स्वाभिमान जगाया। संघ देश के उन क्षेत्रों में भी कार्य करता रहा है। जो दुर्गम हैं जहां पहुंचना सबसे कठिन है।

संघ दशकों से आदिवासी परंपराओं, आदिवासी रीति-रिवाज, आदिवासी मूल्यों को सहेजने-संवारने में अपना सहयोग देता रहा है। अपना कर्तव्य निभा रहा है। आज सेवा भारती। विद्या भारती, एकल विद्यालय। वनवासी कल्याण आश्रम। आदिवासी समाज के सशक्तिकरण का स्तंभ बनकर उभरे हैं। समाज में सदियों से घर कर चुकी जो बीमारियां हैं, जो ऊंच-नीच की भावना है, जो कुप्रथाएं हैं, यह हिन्दू समाज की बहुत बड़ी चुनौती रही हैं। यह एक ऐसी गंभीर चिंता है, जिस पर संघ लगातार काम करता रहा है। डॉक्टर साहब से लेकर आज तक, संघ की हर महान विभूति ने, हर सर-संघचालक ने भेदभाव और छुआछूत के खिलाफ लड़ाई लड़ी है। परम पूज्य गुरु जी ने निरंतर हन हिन्दू पतितो भवेत' की भावना को आगे बढ़ाया। पूज्य बाला साहब देवरस जी कहते थे- छुआछूत अगर पाप नहीं, तो दुनिया में कोई पाप नहीं! सरसंघचालक रहते हुए पूज्य रज्जू भैया जी और पूज्य सुदर्शन जी ने भी इसी भावना को आगे बढ़ाया।

वर्तमान सरसंघचालक आदरणीय मोहन भागवत जी ने भी समरसता के लिए समाज के सामने एक कुआं, एक मंदिर और एक श्मशान का स्पष्ट लक्ष्य रखा है। जब 100 साल पहले संघ अस्तित्व में आया था तो उस समय की आवश्यकताएं, उस समय के संघर्ष कुछ और थे। लेकिन आज 100 वर्षों बाद जब भारत विकसित होने की तरफ बढ़ रहा है तब आज के समय की चुनौतियां अलग हैं, संघर्ष अलग हैं। दूसरे देशों पर आर्थिक निर्भरता, हमारी एकता को तोड़ने की साजिशें, डेमोग्राफी में बदलाव के षड्यंत्र, हमारी सरकार इन चुनौतियों से तेजी से निपट रही है। मुझे ए खुशी है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भी इन चुनौतियों से निपटने के लिए ठोस रोडमैप भी बनाया है।

संघ के पंच परिवर्तन, स्व बोध, सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोधन, नागरिक शिष्टाचार और पर्यावरण यह संकल्प हर स्वयंसेवक के लिए देश के समक्ष उपस्थित चुनौतियों को परास्त करने की बहुत बड़ी प्रेरणा हैं। स्व बोध की भावना का उद्देश्य गुलामी की मानसिकता से मुक्त होकर अपनी विरासत पर गर्व और स्वदेशी के मूल संकल्प को आगे बढ़ाना है। सामाजिक समरसता के जरिए वंचित को वरीयता देकर सामाजिक न्याय की स्थापना का प्रण है। आज हमारी सामा. जिक समरसता को घुसपैठियों के कारण डेमोग्राफी में आ रहे बदलाव से भी बड़ी चुनौती मिल रही है। देश ने भी इससे निपटने के लिए डेमोग्राफी मिशन की घोषणा की है। हमें कुटुम्ब प्रबोधन यानी परिवार संस्कृति और मूल्यों को भी मजबूत बनाना है। नागरिक शिष्टाचार के जरिए नागरिक कर्तव्य का बोध हर देशवासी में भरना है। इन सबके साथ अपने पर्यावरण की रक्षा करते हुए आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित करना है। अपने इन संकल्पों को लेकर संघ अब अगली शताब्दी की यात्रा शुरू कर रहा है। 2047 के विक. सित भारत में संघ का हर योगदान, देश की ऊर्जा बढ़ाएगा, देश को प्रेरित करेगा। पुनः प्रत्येक स्वयंसेवक को बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# सादगी और ईमानदारी का दूसरा नाम थे शास्त्री

**प्रधानमंत्री बनने के बाद शास्त्री जी जब पहली बार अपने घर काशी आ रहे थे, तब पुलिस-प्रशासन उनके स्वागत के लिए चार महीने पहले से ही तैयारियों में जुट गया था। चूंकि उनके घर तक जाने वाली गलियां काफी संकरी थी, जिसके चलते उनकी गाड़ी का वहां तक पहुंचना संभव नहीं था, इसलिए प्रशासन द्वारा वहां तक रास्ता बनाने के लिए गलियों को चौड़ा करने का निर्णय लिया गया। शास्त्री जी को जब यह बात पता चली तो उन्होंने तुरंत संदेश भेजा कि गली को चौड़ा करने के लिए किसी भी सूरत में कोई भी मकान तोड़ा न जाए, मैं पैदल ही घर जाऊंगा। 2 अक्टूबर 1904 को उत्तर प्रदेश के मुगलसराय में जन्मे भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की आज हम 121वीं जयंती मना रहे हैं।**



**श्वेता गोयल**

भारत के प्रधानमंत्री बनने से पहले लाल बहादुर शास्त्री भारत सरकार में विदेश मंत्री, गृहमंत्री और रेल मंत्री जैसे महत्वपूर्ण पद संभाल चुके थे। एक बार वे रेल के एसी कोच में सफर कर रहे थे। उस दौरान वे यात्रियों की समस्या जानने के लिए जनरल बोगी में चले गए। वहां उन्होंने अनुभव किया कि यात्रियों को कितनी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इससे वे काफी नाराज हुए और उन्होंने जनरल डिब्बे के यात्रियों को भी सुविधाएं देने का निर्णय लिया। रेल के जनरल डिब्बों में पहली बार पंखा लगवाते हुए रेलों में यात्रियों को खानपान की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पैंट्री की सुविधा भी उन्होंने शुरू करवाई। एक अन्य अवसर पर रेल में यात्रा करते वक्त शास्त्री जी उस समय भड़क गए थे, जब विशेष रूप से उनके लिए रेल कोच में कूलर लगाने की व्यवस्था की गई। शास्त्री जी उस समय रेल मंत्री थे और बम्बई जा रहे थे। गाड़ी चलने पर शास्त्री जी अपने पीए से बोले कि बाहर तो बहुत गर्मी है लेकिन डिब्बे में काफी ठंडक है। तब उनके पीए कैलाश बाबू ने कहा, सर, डिब्बे में कूलर लग गया है, इसीलिए डिब्बे में इतनी ठंडक है। शास्त्री जी को गुस्सा आया और उन्होंने अपने पीए से पूछा कि बगैर मुझसे पूछे कूलर कैसे लग गया? आप लोग कोई भी कार्य करने से पहले मुझसे पूछते क्यों नहीं? क्या इतने सारे लोग, जो इस गाड़ी में चल रहे हैं, उन्हें गर्मी नहीं लगती होगी? उन्होंने कहा कि होना तो यह चाहिए था कि मुझे भी जनरल डिब्बे में ही सफर करना चाहिए था लेकिन वह संभव नहीं है किन्तु जितना हो सकता है, उतना तो किया ही जाना चाहिए। उन्होंने सख्त लहजे में पीए को निर्देश दिया कि अगले स्टेशन पर गाड़ी जहां भी रुके, वहां सबसे पहले इस कूलर को निकलवाइए। इस प्रकार मथुरा स्टेशन पर शास्त्री जी कूलर हटवाकर ही माने।

1964 में शास्त्री जी जब प्रधानमंत्री बने, तब उन्हें सरकारी आवास के साथ इंपाला शेवरले कार भी मिली थी लेकिन उसका उपयोग वे बहुत ही कम किया करते थे। वह गाड़ी किसी राजकीय अतिथि के आने पर ही निकाली जाती थी। एक बार की बात है, जब शास्त्री जी के बेटे सुनील शास्त्री किसी निजी कार्य के लिए यही सरकारी कार उनसे बगैर पूछे निकालकर ले गए और अपना काम पूरा करने के पश्चात कार चुपचाप लाकर खड़ी कर दी। जब शास्त्री जी को इस बात का पता चला तो उन्होंने ड्राइवर को बुलाकर पूछा कि गाड़ी कितने किलोमीटर चलाई गई? ड्राइवर ने बताया, चौदह किलोमीटर। उसके बाद शास्त्री जी ने उसे निर्देश दिया कि रिकॉर्ड में लिख दो, चौदह किलोमीटर प्राइवेट यूज। शास्त्री जी इतने से ही शांत नहीं हुए, उन्होंने पत्नी ललिता को बुलाया और निर्देश दिया कि निजी कार्य के लिए गाड़ी का इस्तेमाल करने के लिए उनके निजी सचिव से कहकर वह सात पैसे प्रति किलोमीटर की दर से सरकारी कोष में पैसे जमा करवा दें। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान 1940 के दशक में लाला लाजपत राय की संस्था सर्वेंट्स ऑफ इंडिया सोसायटी द्वारा गरीब पृष्ठभूमि वाले स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों को जीवनयापन हेतु आर्थिक मदद दी जाया करती थी। उसी समय की बात है, जब लाल बहादुर शास्त्री जेल में थे। उन्होंने उस दौरान जेल से ही अपनी पत्नी ललिता को एक पत्र लिखकर पूछा कि उन्हें संस्था से पैसे समय पर मिल रहे हैं या नहीं और क्या इतनी राशि परिवार की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए पर्याप्त है? पत्नी ने उत्तर लिखा कि उन्हें प्रतिमाह पचास रूपए मिलते हैं, जिसमें से करीब चालीस रूपए ही खर्च हो पाते हैं, शेष राशि वह बचा लेती हैं। पत्नी का यह जवाब मिलने के बाद शास्त्री जी ने संस्था को एक पत्र लिखा, जिसमें उन्होंने धन्यवाद देते हुए कहा कि अगली बार से उनके परिवार को केवल चालीस रूपए ही भेजे जाएं और बचे हुए दस रूपए से किसी और जरूरतमंद की सहायता कर दी जाए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अहिंसा गांधी का शास्त्र, भारत की पहचान व नई पीढ़ी की चुनौती




**वीरेश तरार**

भारत के इतिहास में महात्मा गांधी का नाम केवल स्वतंत्रता संग्राम के नायक के रूप में ही नहीं, बल्कि एक ऐसे पथप्रदर्शक के रूप में दर्ज है जिन्होंने दुनिया को यह दिखाया कि बिना हथियार, बिना बारूद और बिना हिंसा के भी सबसे बड़ी साम्राज्यवादी ताकत को हराया जा सकता है। दो अक्टूबर को जब हम गांधी जयंती मनाते हैं, तो यह केवल उनके जन्म की स्मृति नहीं होती, बल्कि यह हमारे लिए एक अवसर होता है कि हम गांधी के विचारों को, उनके शास्त्रों को और उनके मूल्यों को आज की परिस्थितियों में परखें। यह सच है कि आजादी के संघर्ष के समय गांधी ने जिस अहिंसा के शस्त्र को चुना था, वही आगे चलकर दुनिया की अनेक लड़ाइयों और आंदोलनों का भी आधार बना। लेकिन यह भी सच है कि आज की नई पीढ़ी अहिंसा की ताकत को उतना नहीं समझती जितना उसे समझना चाहिए।

गांधी का अहिंसा का मार्ग अचानक पैदा नहीं हुआ। यह एक लंबे अनुभव, अध्ययन और आत्मचिंतन की प्रक्रिया का परिणाम था। बचपन से ही वे धार्मिक प्रवृत्ति के थे। जैन साधुओं और वैष्णव भक्ति परंपरा का वातावरण उनके जीवन को प्रभावित करता रहा। अहिंसा उनके लिए केवल एक नीति नहीं थी, बल्कि यह एक गहरी आध्यात्मिक अनुभूति थी। बाद में इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका में रहकर उन्होंने जब उपनिवेशवाद की क्रूरता और नस्लीय भेदभाव को देखा, तब उन्होंने यह ठान लिया कि लड़ाई का रास्ता तलवार और बंदूक से नहीं, बल्कि सत्य और अहिंसा से ही निकलेगा। सत्याग्रह का प्रयोग सबसे पहले दक्षिण अफ्रीका में हुआ। रंगभेद के खिलाफ भारतीयों की आवाज को संगठित करने के लिए गांधी ने न केवल जनजागरण किया, बल्कि उन्हें यह विश्वास भी दिलाया कि बिना हिंसा के, शांतिपूर्ण ढंग से भी हम सत्ता को झुका सकते हैं। यह प्रयोग सफल रहा और गांधी को जीवनभर का मार्ग मिल गया। भारत लौटने के बाद चंपारण सत्याग्रह, खेड़ा और अहमदाबाद मिल आंदोलन से लेकर नमक सत्याग्रह और भारत छोड़ो आंदोलन तक हर जगह गांधी ने यही रास्ता अपनाया। परिणाम यह हुआ कि भारत के सामान्य किसान, मजदूर, स्त्री, पुरुष, शिक्षित और अशिक्षित सभी लोग इस अहिंसा की सेना के सिपाही बन गए। बंदूक के सामने निहत्थे खड़े हो जाना, डंडे खाने के बाद भी जवाब में पत्थर न उठाना, यह आसान नहीं था। लेकिन इसने ब्रिटिश हुकूमत को भीतर से हिला दिया।

यहां यह समझना जरूरी है कि अहिंसा का अर्थ कायरता नहीं है। गांधी कहते थे कि कायरता और हिंसा में से चुनाव करना पड़े तो मैं हिंसा को चुनूंगा, लेकिन अहिंसा कायरता नहीं है, यह वीरता का सर्वोच्च रूप है। हिंसा तो पलभर में प्रतिशोध की आग में भड़क जाती है, लेकिन अहिंसा के लिए धैर्य, साहस और सहनशीलता चाहिए। किसी का थप्पड़ खाकर मुस्कुराना कोई साधारण काम नहीं है, लेकिन जब हजारों लोग यह करने लगें, तो सत्ता की नींव हिल जाती है। यही गांधी का चमत्कार था। भारत ने इसी मार्ग से स्वतंत्रता पाई। दुनिया ने इसे देखा और माना। दक्षिण अफीका के नेल्सन मंडेला ने गांधी के अहिंसावादी सिद्धांत को अपनाया और रंगभेद की जंजीरों को तोड़ा। अमेरिका में मार्टिन लूथर किंग जूनियर ने इसी सिद्धांत के सहारे नस्लीय भेदभाव के खिलाफ आंदोलन चलाया और श्वेत सत्ता को झुकाया। म्यांमार में आंग सान सू की ने गांधी का हवाला दिया। इस तरह गांधी का अहिंसा का शास्त्र केवल भारत की धरोहर नहीं रहा, बल्कि यह दुनिया की संपत्ति बन गया, लेकिन आज जब हम अपने देश को देखते हैं, तो गांधी की विरासत कहीं खोती हुई दिखाई देती है। आंदोलनों में पत्थरबाजी, आगजनी, तोड़फोड़ और हिंसा को सामान्य मान लिया गया है। नतीजा यह होता है कि सरकार दमन करती है, लाठीचार्ज होता है, गोलियां चलती हैं और जिनके लिए सहानुभूति पैदा होनी चाहिए, वही अपराधी घोषित कर दिए जाते हैं। हाल ही में किसानों का आंदोलन इसका एक उदाहरण था। चौदह महीने तक किसान शांतिपूर्ण ढंग से दिल्ली की सीमाओं पर बैठे रहे। न तो कोई हिंसा हुई, न ही कोई बड़ी तोड़फोड़। धीरे-धीरे पूरा देश उनकी आवाज के साथ खड़ा हो गया और आखिरकार सरकार को झुकना पड़ा। इसी तरह लेह-लद्दाख का आंदोलन भी तब तक सफल रहा जब तक वह अहिंसक था। लेकिन जैसे ही हिंसा की एक चिंगारी उठी, सहानुभूति खत्म हो गई, आंदोलन कमजोर पड़ गया और नेता जेल की सलाखों के पीछे पहुंच गए।

यह बात हमारी समझ में आनी चाहिए कि अहिंसा केवल एक नैतिक मूल्य नहीं है, बल्कि यह एक रणनीति भी है। शांतिपूर्ण आंदोलन से सरकार और समाज को यह संदेश जाता है कि यह संघर्ष किसी स्वार्थ के लिए नहीं, बल्कि न्याय के लिए है। हिंसा होते ही यह नैतिक ऊंचाई खो जाती है। गांधी का चमत्कार यही था कि उन्होंने आंदोलन को नैतिक ऊंचाई पर टिकाए रखा। विदेशी अखबारों से लेकर ब्रिटिश संसद तक में यह चर्चा होती थी कि भारत के लोग कितने अनुशासित और कितने शांतिप्रिय होकर संघर्ष कर रहे हैं। यह अनुशासन ही हमारी ताकत बना।



आज जरूरत है कि हम इस अनुशासन को फिर से जीवित करें। नई पीढ़ी को यह समझाना होगा कि अहिंसा कोई पुरानी, बासी या अव्यावहारिक चीज नहीं है। बल्कि यह आज भी उतनी ही प्रासंगिक है जितनी गांधी के समय थी। आज जब दुनिया में आतंकवाद, सांप्रदायिकता, पूंजीवाद और हिंसा का बोलबाला है, तब गांधी की यह सीख और भी जरूरी हो जाती है। एक गोली का जवाब दूसरी गोली से देने का परिणाम केवल मौत और तबाही है। लेकिन एक गोली का जवाब मौन रहकर, सीना तानकर खड़े होने से सरकार और समाज दोनों का चेहरा उजागर होता है।

गांधी ने कहा था कि अहिंसा परमो धर्मः केवल ग्रंथों की पंक्ति नहीं है, यह जीवन का मार्ग है। भारत में जैन धर्म, बौद्ध धर्म और वैष्णव परंपरा सबने इसे माना। गांधी ने इसे राजनीति का शस्त्र बना दिया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# शटडाउन से अमेरिका बेहाल

## सरकारी कामकाज ठप, नौ लाख सरकारी कर्मचारियों की सैलरी पर छाया संकट

**वाशिंगटन।** अमेरिका में आज से शटडाउन लागू हो गया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प सीनेट से फंडिंग बिल को पास नहीं करा पाए। इससे कई गैरजरूरी सरकारी कामकाज ठप हो गए हैं, जिससे करीब 9 लाख सरकारी कर्मचारियों को बिना सैलरी छुट्टी पर भेजने की नौबत आ गई है। दरअसल, मंगलवार देर रात बिल पर वोटिंग हुई। बिल के समर्थन में 55 और विरोध में 45 वोट पड़े। इसे पास कराने के लिए 60 वोटों की जरूरत थी।

ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी को विपक्षी डेमोक्रेट्स सांसदों का समर्थन जरूरी था, लेकिन डेमोक्रेट्स ने बिल के खिलाफ वोट किया। 100 सदस्यों वाली सीनेट में 53 रिपब्लिकन, 47 डेमोक्रेट और 2 निर्दलीय सांसद हैं। दोनों निर्दलियों ने बिल के समर्थन में वोटिंग की। सीनेट में मंगलवार को फंडिंग बिल पर वोटिंग के दौरान रिपब्लिकन और डेमोक्रेट सांसदों के बीच तीखी बहस हुई। अमेरिका में सरकार को हर साल अपना बजट पास कराना पड़ता है। अगर संसद बजट पर सहमत नहीं होती, तो फंडिंग बिल पास नहीं होता और सरकार को मिलने वाला पैसा रुक जाता है। इस वजह से कुछ सरकारी विभागों और सेवाओं को पैसे नहीं मिलते। गैर-जरूरी सेवाओं को बंद कर दिया जाता है। इसे ही सरकारी शटडाउन कहा जाता है। रिपब्लिकन पार्टी सीनेट में आज देर रात एक बार फिर से फंडिंग बिल पर वोट कराने की तैयारी में है। रिपब्लिकन नेताओं ने कहा है कि जब तक डेमोक्रेट्स बिल को समर्थन नहीं देंगे, तब तक इस बिल को रोजाना पेश किया जाएगा। ट्रम्प ने इस शटडाउन के लिए डेमोक्रेट्स को जिम्मेदार ठहराया है। वे पहले ही सरकारी कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की धमकी दे चुके है। अमेरिका में 2019 के बाद सरकारी शटडाउन लगा है। इससे पहले ट्रम्प के कार्यकाल में ही 35 दिन का शटडाउन लगा था। अमेरिका के दोनों प्रमुख दल डेमोक्रेट और रिपब्लिकन में ओबामा हेल्थ केयर सब्सिडी प्रोग्राम को लेकर ठन गई थी। डेमोक्रेट्स चाहते थे कि हेल्थ केयर (स्वास्थ्य बीमा) की सब्सिडी बढ़ाई जाए। रिपब्लिकन को डर था कि अगर सब्सिडी बढ़ाई गई तो सरकार को खर्च करने के लिए और पैसे की जरूरत पड़ेगी, जिससे बाकी सरकारी काम प्रभावित होंगे। शटडाउन रोकने के लिए राष्ट्रपति ट्रम्प और डेमोक्रेटिक नेताओं ने सोमवार को व्हाइट हाउस में बैठक की थी, लेकिन इसका कोई नतीजा नहीं निकला। शटडाउन के दौरान, ट्रम्प प्रशासन आफिस आफ मैनेजमेंट एंड बजट (ओएमबी) के जरिए जरूरी और गैर-जरूरी सेवाओं का फैसला कर सकता है। इससे वे डेमोक्रेट समर्थित प्रोग्राम्स जैसे शिक्षा, पर्यावरण, स्वास्थ्य सब्सिडी को गैर-जरूरी कर सकते हैं, जबकि डिफेंस और इमिग्रेशन को जरूरी का दर्जा दे सकते हैं। ट्रम्प ने खुद कहा है शटडाउन से कई अच्छी चीजें होंगी।




■ ट्रम्प फंडिंग बिल पास नहीं करा पाए, 60 वोटों की जरूरत थी, 55 ही मिले
■ फंडिंग बिल पर वोटिंग के दौरान रिपब्लिकन और डेमोक्रेट सांसदों के बीच तीखी बहस हुई

### छोटे शटडाउन से ट्रम्प को होगा ज्यादा फायदा

**छोटे** शटडाउन से ट्रम्प को ज्यादा फायदा होगा क्योंकि वे अपने एजेंडे को आगे बढ़ा सकते हैं, लेकिन लंबा खिंचने पर आर्थिक नुकसान से उनकी छवि खराब हो सकती है। अमेरिका का फिस्कल ईयर यानी खर्च का साल 1 अक्टूबर से शुरू होता है। यह एक तरह से सरकार का आर्थिक साल होता है, जिसमें वह अपना पैसा खर्च करने और बजट बनाने की योजना बनाती है। इस दौरान सरकार तय करती है कि कहां पैसा लगाना है, जैसे सेना, स्वास्थ्य या शिक्षा में। अगर इस तारीख तक नया बजट पास नहीं होता, तो सरकारी कामकाज बंद हो जाता है। इसे शटडाउन कहते हैं। अमेरिका में सरकारी शटडाउन लगने के बाद अब सरकार के पास खर्च के लिए पैसा नहीं होगा। इससे सरकारी कर्मचारियों को मिलने वाली सैलरी से लेकर तमाम दूसरे खर्च रुक जाएंगे।

# फिलीपींस में 6.9 तीव्रता का भूकंप

## 69 की मौत, 150 से ज्यादा घायल, कई मकान और चर्च धराशाई हुए

**मनीला।** फिलीपींस के सेबू प्रांत में मंगलवार रात को 6.9 तीव्रता का भूकंप आया। इसकी वजह से 69 लोगों की मौत हो गई है, जबकि करीब 150 घायल है। न्यूज एजेंसी एपी की रिपोर्ट के मुताबिक मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। अब तक कई लोगों को मलबे से निकाला गया है। रेस्क्यू टीमें मंगलवार रात से ही बचाव अभियान चला रही हैं।

अमेरिकी जियोलाजिकल सर्वे (यूएसजीएस) ने पहले इसे 7.0 तीव्रता का बताया था, लेकिन बाद में कम करके 6.9 कर दिया। भूकंप का केंद्र सेबू आइलैंड के बोगो शहर के पास था। इस शहर की आबादी 90 हजार है। पहले झटके के बाद इलाके में 5 या उससे अधिक तीव्रता के चार और झटके महसूस किए गए। भूकंप के झटके महसूस होते ही लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। भूकंप के तेज झटकों की वजह से एक चर्च का ऊपरी हिस्सा गिर गया। भूकंप के झटकों के दौरान लोग घरों से बाहर निकल आए और एक दूसरे को पकड़कर खड़े रहे।



■ मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है, अब तक कई लोगों को मलबे से निकाला गया

भूकंप से एक होटल के फर्श की टाइल टूट गई और लोग भागने पर मजबूर हो गए। एक ब्लागर ने अपने कैमरे में भूकंप के झटकों को रिकॉर्ड किया। वह फिलीपींस के एक बार में बैठा हुआ था। रैम्प वाक शो के दौरान भूकंप के झटकों के बाद महिला माडल रैम्प से कूदकर भाग गईं। रैम्प वाक शो में मौजूद कई दूसरे लोग भी भूकंप के झटकों के दौरान भागते नजर आए। भूकंप में फूड चेन मैकडानल्ड्स के एक आउटलेट की दो मंजिला बिल्डिंग को भी नुकसान पहुंचा। इस बिल्डिंग की दीवारें टूट गईं, जिससे वह एक तरफ झुक गई। राहतकर्मियों ने भूकंप में घायल हुए लोगों को रेस्क्यू करके अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में पर्याप्त जगह नहीं होने से कई घायलों का बाहर ही इलाज करना पड़ा। फिलीपींस रिंग आफ फायर के पास मौजूद है, ऐसे में यहां भूकंप आना आम बात है। रिंग आफ फायर ऐसा इलाका है, जहां कई कान्टिनेंटल के साथ ही ओशियनिक टेक्टोनिक प्लेट्स भी हैं। ये प्लेट्स आपस में टकराती हैं तो भूकंप आता है, सुनामी उठती है और ज्वालामुखी फटते हैं। दुनिया के 90 प्रतिशत भूकंप इसी रिंग आफ फायर क्षेत्र में आते हैं। यह क्षेत्र 40 हजार किलोमीटर में फैला है। दुनिया में जितने सक्रिय ज्वालामुखी हैं, उनमें से 75 प्रतिशत इसी क्षेत्र में हैं। जापान, रूस, फिलीपींस, इंडोनेशिया, न्यूजीलैंड, अंटार्कटिका, कनाडा, अमेरिका, मेक्सिको, ग्वाटेमाला, कोस्टा रिका, पेरू, इक्वाडोर, चिली और बोलिविया रिंग आफ फायर के पास हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बांग्लादेश में भारतीय छात्रा का शव फंदे पर झूलता मिला

**ढाका।** बांग्लादेश की ढाका में भारत की मेडिकल छात्रा निंदा खान (19 साल) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह राजस्थान के झालावाड़ की रहने वाली थीं। वह अड-डिन मोमिन मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही थीं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शनिवार को परीक्षा में नकल करते हुए पकड़े जाने के बाद कॉलेज प्रशासन ने उसे निष्कासित कर दिया था। इसके कुछ घंटों बाद रविवार तड़के उसका शव हास्टल के कमरे में फांसी से लटका मिला। ढाका पुलिस प्रमुख सैयद मोहम्मद अख्तर ने बताया कि उन्हें सुबह 4:15 बजे सूचना मिली और मौके पर पहुंचने पर छात्रा का शव बरामद किया गया।

### इंडोनेशिया में स्कूल की इमारत ढहने से कम से कम 91 लोग फंसे

**जकार्ता।** इंडोनेशिया की आपदा प्रबंधन एजेंसी ने बुधवार को कहा कि पूर्वी जावा प्रांत के सिदोअर्जो जिले में 29 सितम्बर को एक स्कूल की इमारत ढहने के बाद कम से कम 91 लोग फंस गए हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी (बीएनपीबी) के प्रवक्ता अब्दुल मुहरी ने बताया कि कल शाम तक, इस दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो चुकी थी और 90 से जयादा घायल हो गए थे, जबकि 26 अभी भी अस्पताल में भर्ती हैं। विभिन्न एजेंसियों के सैकड़ों बचावकर्मियों को घटनास्थल पर तैनात किया गया है। भारी मशीनरी के इस्तेमाल से इमारत के ढहने की आशंका की वजह से बचावकर्मियों ने हाथ से खुदाई पर ध्यान केंद्रित किया है। वे मलबे में फंसे लोगों तक खाना और पानी पहुंचा रहे हैं।

### हमास से ट्रम्प की गाजा योजना स्वीकार करने का आग्रह

**मॉस्को।** कतर, मिस्र और तुर्की ने हमास से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की गाजा योजना को स्वीकार करने का आग्रह किया है। एक्सियोस समाचार पोर्टल ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है। ट्रम्प ने सोमवार को गाजा संघर्ष को हल करने के लिए 20-सूत्रीय योजना का प्रस्ताव सामने रखा। इस प्रस्ताव में अन्य बातों के साथ, तत्काल युद्धविराम और 72 घंटों के भीतर बंधकों की रिहाई की मांग की गई है। प्रस्तावित योजना में यह भी निर्धारित किया गया है कि हमास और 'अन्य समूहों' को गाजा शासन में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से भागीदारी छोड़नी होगी। प्रस्ताव के मुताबिक गाजा का शासन एक 'तकनीकी, गैर-राजनीतिक फिलिस्तीनी समिति' द्वारा किया जाएगा।

# आतंकवाद की चुनौती से मिलकर निपटेंगे भारत-उज्बेकिस्तान

**नई दिल्ली।** भारत और उज्बेकिस्तान ने आतंकवाद की चुनौती का मिलकर मुकाबला करने तथा इस क्षेत्र में सहयोग बढाने के लिए सूचना साझा करने, क्षमता निर्माण और सर्वोत्तम तौर तरीकों के आदान-प्रदान की जरूरत पर बल दिया है। दोनों देशों ने पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हुए आतंकवाद से संबंधित मौजूदा और उभरती चुनौतियों पर भी चर्चा की।

भारत-उज्बेकिस्तान आतंकवाद रोधी संयुक्त कार्य समूह की नौवीं बैठक मंगलवार को ताशकंद में हुई। बैठक की सह-अध्यक्षता विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव (आतंकवाद निरोधक) डॉ. विनोद जे. बहाडे और उज्बेकिस्तान के विदेश मंत्रालय में दक्षिण एशिया, पश्चिम एशिया और अफ्रीका सहयोग विभाग के प्रमुख गुलामजोन पिरिमकुलोव ने की। दोनों पक्षों ने वैश्विक स्तर पर और अपने-अपने क्षेत्रों में आतंकवादी समूहों द्वारा उत्पन्न खतरों पर चर्चा की। उन्होंने आतंकवाद से निपटने में मौजूदा और उभरती चुनौतियों पर विचारों का आदान-प्रदान किया, जिनमें उग्रवाद और कट्टरपंथ का मुकाबला, आतंकवाद के वित्तपोषण का मुकाबला, आतंकवादी उद्देश्यों के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग को रोकना, अंतर्राष्ट्रीय संगठित अपराध और आतंकवाद के बीच गठजोड़ और आतंकवादियों की वैश्विक आवाजाही जैसे मुद्दे शामिल हैं। दोनों पक्षों ने जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष नागरिकों पर कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले की निंदा की। उन्होंने सूचना साझा करने क्षमता निर्माण और सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान के माध्यम से आतंकवाद से निपटने के लिए द्विपक्षीय सहयोग को मज़बूत करने के उपायों पर भी विचार-विमर्श किया।

# बेंजामिन नेतन्याहू ने 30 साल में तीन मुस्लिम देशों से मांगी माफी

## कतर से पहले जॉर्डन ने किया था मजबूर

**तेल अवीव।** हमास से जुड़े बड़े लीडर्स राजधानी के एक रिहाइशी काम्प्लेक्स में सीजफायर को लेकर चर्चा करने के लिए इकट्ठा हुए थे।

मीटिंग चल ही रही थी कि इजरायली एयरफोर्स ने रेड सी से बैलिस्टिक मिसाइल से इमारत को निशाना बनाकर हमला कर दिया। हमले में हमास के 5 अधिकारी समेत कतर सेना के एक सैनिक की मौत हो गई। कतर पर हमला ट्रम्प की असफलता माना गया। हमले के 5 दिन बाद ही दोहा में 50 से ज्यादा मुस्लिम देशों के नेता इकट्ठा हुए और इजरायली हमले की निंदा की। दबाव इतना बढ़ा कि 20 दिन बाद नेतन्याहू ने व्हाइट हाउस से कतर के पीएम को फोन कर माफी मांगी।



■ तुर्की को इजरायल ने मुआवजा भी दिया था

उन्होंने साफ कहा कि इजरायल दोबारा कभी कतर पर हमला करने की गलती नहीं करेगा। कतर, अमेरिका का मित्र देश है। अमेरिका उसे 1992 से सुरक्षा गारंटी दे रहा है। बदले में कतर, अमेरिका को अरबों का निवेश देता है। इसी साल मई में कतर ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को 3400 करोड़ का लग्जरी प्लेन गिफ्ट किया था। यह पहली बार नहीं है जब इजरायल को अपनी आक्रामक नीतियों की वजह से मुस्लिम देशों से माफी मांगनी पड़ी है। इससे पहले भी नेतन्याहू जार्डन और तुर्की से माफी मांग चुके हैं बेंजामिन नेतन्याहू जून 1996 में पहली बार इजरायल के प्रधानमंत्री बने थे। पद संभालने के बाद ही उन्होंने हमास को टारगेट करना शुरू किया। उन्होंने हमास में तेजी से उभर रहे नेता खालिद मेशाल को मारने के लिए खुद मोसाद के 6 एजेंट्स चुने। खालिद मेशाल उन दिनों हमास का प्रवक्ता था और जार्डन में रह रहा था। 25 सितम्बर 1997 का दिन चुना गया जब उसकी हत्या होनी थी।

# इजरायली हमलों से फिर दहला गाजा, 16 की मौत

**गाजा पट्टी।** गाजा पट्टी पर इजरायल के हवाई हमले लगातार जारी हैं। बुधवार को कम से कम 16 फलस्तीनी नागरिकों की मौत की पुष्टि हुई है। यह हमले ऐसे समय हो रहे हैं जब पूरी दुनिया अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की शांति योजना पर हमास की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रही है।

मृतकों में वे लोग भी शामिल हैं जिन्होंने गाजा सिटी के अल-फलाह स्कूल में शरण ली थी। अधिकारियों के मुताबिक स्कूल पर दो बार हमला हुआ। अस्पतालों ने बताया कि हमलों में राहतकर्मी भी मारे गए। सुबह एक और हमले में पांच लोगों की मौत तब हुई जब वे पीने के पानी की टंकी के पास खड़े थे। गाजा सिटी के शिफा अस्पताल ने एक व्यक्ति के शव को लिया, जिसकी मौत अपार्टमेंट पर हमले में हुई। नुसेरात शरणार्थी शिविर में एक दंपति की मौत हुई, जबकि बुरेज शिविर में एक व्यक्ति मारा गया। मंगलवार को तुर्की चौनल टीआरटी के पत्रकार यहया बरजाक भी एक हमले में मारे गए। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि अब तक इजरायली अभियान में 66000 से अधिक फलस्तीनियों की मौत हो चुकी है और करीब 1.70 लाख लोग घायल हुए हैं। मृतकों में महिलाओं और बच्चों की संख्या लगभग आधी है। हालांकि मंत्रालय नागरिक और आतंकी में अंतर नहीं करता। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने हाल ही में एक 20 सूत्रीय शांति योजना पेश की है। इसमें हमास से बंधकों की रिहाई, गाजा छोड़ने और हथियार डालने की शर्त रखी गई है।

■ अस्पतालों ने बताया कि हमले में राहतकर्मी भी मारे गए

# शांति प्रस्ताव पर फैसले के लिए हमास के पास 3-4 दिन का समय

**वाशिंगटन।** हमास ने कहा कि वह अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के गाजा शांति प्रस्ताव पर प्रतिक्रिया देने से पहले इसपर विचार करेगा और अन्य फलस्तीनी गुटों के साथ भी चर्चा करेगा। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पहले ही ट्रम्प के प्रस्ताव का समर्थन कर चुके हैं, लेकिन अभी यह साफ नहीं है कि हमास इस पर तैयार है या नहीं।

प्रस्ताव में कहा गया है कि हमास प्रभावी रूप से आत्मसमर्पण करे और निशस्त्रीकरण करे, बदले में गाजा में लड़ाई समाप्त होगी। फलस्तीनियों के लिए मानवीय सहायता और गाजा में पुनर्निर्माण का वादा किया गया है। ट्रम्प का कहना है कि हमास के पास प्रस्ताव पर प्रतिक्रिया देने के लिए 'तीन या चार दिन' का ही समय है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में मीडिया से बात करते हुए कहा कि हमास या तो प्रस्ताव पर सहमत होगा और अगर ऐसा नहीं होता है, तो इसका अंत बहुत दुखद होगा। राष्ट्रपति ने कहा कि उनके नवीनतम शांति प्रस्ताव में हमास के लिए बातचीत की ज्यादा गुंजाइश नहीं है। कतर और मिस्र के अधिकारियों ने हमास के वार्ताकारों के सामने यह ट्रम्प का प्रस्ताव रखा है, जो इसकी समीक्षा कर रहे हैं। ट्रम्प ने सोमवार को कहा कि अगर हमास इस समझौते पर सहमत नहीं होता है, तो इजरायल को हमास को तबाह करने के लिए उनकी सरकार का पूरा समर्थन होगा। ट्रम्प ने कहा कि मैं उन्हें जो करना है, करने दूंगा। वे इसे बहुत आसानी से कर सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि वह जब भी संभव हो, वे गाजा में सहायता पहुंचाने के लिए तैयार है। ट्रम्प के प्रस्ताव में कहा गया है कि सहायता की आपूर्ति इजरायल या हमास के हस्तक्षेप के बिना होगी और सहायता आपूर्ति संयुक्त राष्ट्र और उसकी एजेंसियों, और रेड क्रिसेंट के माध्यम से की जाएगी। संयुक्त राष्ट्र की जिनेवा प्रवक्ता एलेसेंड्रा वेलुची ने कहा कि यूएन शांति प्रयासों को लेकर विभिन्न पक्षों के संपर्क में है। हम सभी मध्यस्थता का स्वागत करते हैं। पोप लियो ने हमास से ट्रम्प के शांति प्रस्ताव को स्वीकार करने की अपील की और तत्काल युद्धविराम और हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों की रिहाई का आह्वान दोहराया।

■ डेडलाइन के बाद ट्रम्प की अंजाम भुगतने की धमकी

# नेपाल, भूटान व श्रीलंका के लोगों को रुपये में ऋण दे सकेंगे भारतीय बैंक

**मुंबई।** रुपये में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए भारत के प्राधिकृत डीलर बैंक नेपाल, भूटान और श्रीलंका के लोगों को रुपये में ऋण दे सकेंगे। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को इसकी घोषणा करते हुए बताया कि इस संबंध में शीघ्र ही नियमों को अधिसूचित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नेपाल, भूटान और श्रीलंका के नागरिकों के अलावा वहां के बैंकों को भी रुपये में कर्ज दिया जा सकेगा। इसके अलावा एक और बड़े बदलाव के तहत अब फाइनेंशल बेंचमार्क इंडिया लिमिटेड को अमेरिकी डॉलर, यूरो, ब्रितानी पाउंड और जापानी येन के अलावा दूसरी मुद्राओं के लिए भी संदर्भ दर जारी करने के निर्देश दिये गए हैं।

# 3 मौतों के बाद POK में लोगों का गुस्सा चरम पर

## पाकिस्तान के सभी एंट्री पॉइंट बंद करने की धमकी दी

**जिनेवा।** पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में इन दिनों उबाल है और विरोध प्रदर्शन के दौरान तीन प्रदर्शनकारियों की मौत से लोगों का गुस्सा और भड़क गया है। पीओके का विरोध प्रदर्शन इस कदर व्यापक हो गया है कि विदेशों में बसे पीओके के लोग भी प्रदर्शन में शामिल हो गए हैं।

यूनाइटेड कश्मीर पीपल्स नेशनल पार्टी (यूकेपीएनपी) के अध्यक्ष शौकत अली कश्मीरी ने स्विट्जरलैंड में न्यूज एजेंसी एएनआई के साथ बातचीत में कहा कि यह विरोध प्रदर्शन लोगों की बुनियादी जरूरतों को लेकर है। उन्होंने कहा कि पीओके के लोग बीते दो वर्षों से अपने बुनियादी अधिकारों के लिए विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। शौकत अली कश्मीरी ने कहा कि जॉइंट एक्शन कमेटी के बैनर तले लोग बीते दो वर्षों से आंदोलन कर रहे हैं। यह आंदोलन बुनियादी जरूरतों को लेकर है। बीते 77 वर्षों से पीओके के लोगों को बुनियादी अधिकारों और जरूरतों से दूर रखा गया। पहले राजनीतिक पार्टियां अपने-अपने मंच से विरोध प्रदर्शन कर रहीं थीं। फिर सभी राजनीतिक पार्टियों और आम लोगों ने मिलकर एक जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी का गठन किया। बीते दो वर्षो से ये कमेटी ही आंदोलन का नेतृत्व कर रही है। यूनाइटेड कश्मीर पीपल्स नेशनल पार्टी के अध्यक्ष ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर की सरकार को कठपुतली सरकार बताया और आरोप लगाया कि ये कठपुतली सरकार लोगों की वैध और सही मांगों को भी पूरा करने में नाकाम रही। लोग बिजली की किल्लत, बेरोजगारी और संवैधानिक अधिकारों की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन कठपुतली सरकार उनकी जायज मांगों को भी पूरा नहीं कर पा रही है। यूकेपीएनपी के नेताओं ने धमकी दी कि आने वाले समय में आंदोलन और तेज होगा क्योंकि लोग अब सोशल मीडिया के जरिए जुड़े हुए हैं।



# नोबेल शांति पुरस्कार पाने के लिए छटपटा रहे ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि अगर उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिलता है तो यह उनके देश का अपमान होगा। उन्होंने अपने इस दावे को दोहराया कि उन्होंने कम से कम सात अंतर्राष्ट्रीय संघर्षों को खत्म करने में अहम भूमिका निभाई है।

ट्रम्प का यह ताजा बयान ऐसे समय में सामने आया, जब एक दिन पहले उन्होंने गाजा में जारी युद्ध को खत्म करने के लिए शांति योजना की पेशकश की। उन्होंने कहा कि अगर हमास इस प्रस्ताव को स्वीकार करता है, तो यह आठवां संघर्ष होगा, जिसे उन्होंने मध्यस्थता करके खत्म किया होगा। ट्रम्प ने कहा क्या आपको नोबेल पुरस्कार मिलेगा? बिल्कुल नहीं। यह पुरस्कार किसी ऐसे व्यक्ति को दिया जाएगा जिसने कुछ भी नहीं किया। उन्होंने अमेरिका के शीर्ष सैन्य अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा यह हमारे देश का बड़ा अपमान होगा। मैं इसे (अपने लिए) नहीं चाहता, मैं चाहता हूं कि यह देश को मिले। उन्होंने आगे कहा, इसे देश को मिलना चाहिए क्योंकि ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। राष्ट्रपति का यह दावा दस अक्टूबर से पहले आया है, जब इस साल नोबेल पुरस्कारों की घोषणा की जाएगा। ट्रम्प लंबे समय से इस बात से परेशान हैं कि पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा को 2009 में यह पुरस्कार मिला था, जो डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता हैं। अपने ताजा संबोधन में ट्रम्प ने फिर से दावा किया कि उन्होंने इस साल जनवरी से सात संघर्षों को समाप्त किया है। उन्होंने कहा कि अगर गाजा शांति योजना सफल हो जाती है तो हमारे पास ऐसे आठ युद्ध होंगे, आठ महीनों में आठ युद्ध। यह बहुत अच्छा है। गाजा शांति योजना की पेशकश उन्होंने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की अमेरिका यात्रा के दौरान की थी। पिछले हफ्ते संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) को संबोधित करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने सात महीने में सात संघर्ष खत्म किए हैं। उन्होंने कहा कहा जा रहा था कि ये संघर्ष खत्म नहीं होंगे। कुछ 31 साल से चल रहे थे। इनमें एक 36 साल से। मैंने सात युद्ध खत्म किए और सभी मामलों में हजारों लोग मारे जा रहे थे।



■ ट्रम्प ने दोहराया सात संघर्षों को रोकने का दावा

College Code- 1491
शिवा कॉलेज ऑफ फार्मेसी
Admission Open
Session 2025-26
(JEECUP COUNCILING START)
D. Pharma


➜ सरकारी फीस पर प्रवेश
➜ छात्राओं के लिए विशेष छूट एवं सुविधा
➜ अनुभवी शिक्षक
➜ आधुनिक प्रयोगशालाएं
➜ छात्रों के लिए मॉडर्न लाइब्रेरी एवं बुक बैंक की व्यवस्था
Contact No.
9690731170, 9411449915, 9927075234
पताः- नियर एनएच-58, जौली रोड़, बिलासपुर, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.)

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108